राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 143
लखनऊ, शुक्रवार 23 जनवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने व्यक्त की संवेदना 04

शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव : केशव 4

-: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,54,460/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,41,600/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,15,880/10 ग्राम |
| चांदी | | = 3,25,000/किग्रा |



# धर्म की आड़ में सनातन को कमजोर कर रहे कालनेमि : योगी

▸ संन्यासी के लिए धर्म व राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं

**एजेंसी, चंडीगढ़।**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ कालनेमि धर्म की आड़ में सनातन धर्म को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे लोगों से सचेत रहने की जरूरत है। योगी आदित्यनाथ गुरुवार को हरियाणा के सोनीपत स्थित बाबा नागे धाम में सिद्ध बाबा बुद्धनाथ महाराज एवं अन्य सिद्ध योगियों की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बगैर किसी का नाम लिए कहा कि सनातन धर्म बहुत विशाल है। इसे कमजोर करने वाली ताकतों से सचेत रहते हुए आगे बढ़ने की जरूरत है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक योगी, संत और संन्यासी के लिए धर्म और राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं होता। संन्यासी की कोई व्यक्तिगत संपत्ति नहीं होती, उसका धर्म ही उसकी संपत्ति और राष्ट्र ही उसका स्वाभिमान होता है। अगर कोई राष्ट्र के स्वाभिमान को चुनौती देता है तो हमें खुलकर उसके सामने खड़ा होना चाहिए। धर्म केवल वेश या शब्दों में नहीं, बल्कि आचरण में दिखाई देना चाहिए। उन्होने कहा कि धर्म के विरुद्ध आचरण करने वाले तत्व न केवल सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि राष्ट्र की एकता और सांस्कृतिक विरासत पर भी आघात करते हैं। उन्होंने संत परंपरा को राष्ट्र और धर्म की रक्षा का मजबूत आधार बताते हुए कहा कि सनातन संस्कृति को सशक्त बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा।



## मेला प्राधिकरण ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को भेजा दूसरा नोटिस

मौनी अमावस्या को माघ मेला में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के गंगा स्नान को लेकर शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज को दूसरी नोटिस भेजकर चेतावनी दी गई है कि यदि 24 घंटे में समुचित जवाब नहीं दिया गया तो मेला प्राधिकरण की ओर से दी गई सुविधाएं निरस्त कर दी जाएंगी और आप का प्रवेश मेला क्षेत्र में सदैव के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। उक्त जानकारी शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज के मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगी सरकार ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि मेला प्रशासन से जारी की एक और नोटिस से शंकराचार्य के भक्तों में आक्रोश व्याप्त है। शैलेन्द्र योगी सरकार ने कहा कि अब सरकार बदलते की भावना से कार्यवाही कर रहा है।

## स्वामी अविमुक्तेश्वेरानंद का व्यवहार संत जैसा नहीं : अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज और प्रशासन के बीच छिड़े टकराव पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने चुप्पी तोड़ी है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का व्यवहार संत जैसा नहीं है। उन्होंने बुधवार रात मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने के लिए अविमुक्तेश्वरानंद की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि कुंभ और महाकुंभ में शाही स्नान अखाड़ों का होता है। माघ मेले में ऐसी कोई परम्परा नहीं है। उन्होंने कहा कि जो सनातन विरोधी के लिए काम करेगा, उसके साथ संत समाज नहीं खड़ा होगा। पुरी ने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद हिन्दुओं को बांट रहे हैं। योगी आदित्यनाथ गोरखपीठ के पीठाधीश्वर ही नहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं । उन्हें खुलेआम गाली दे रहे हैं। प्रधानमंत्री को गाली दे रहे हैं। ऐसा व्यवहार करने वाला कभी संत नहीं हो सकता। अविमुक्तेश्वरानंद ने आगामी पंचायत चुनाव के मद्देनजर माघ मेले को राजनीतिक अखाड़ा बना दिया है। उन्होंने कहा कि आपने योगी को हुमायूं का बेटा कहकर निंदनीय अपराध किया है। आपके खिलाफ विधिक कार्रवाई होनी चाहिए।

## संतों का अपमान हुआ तो सपा साथ खड़ी रहेगी : अखिलेश यादव

छोटे लोहिया के नाम से विख्यात समाजवादी विचारक डॉ. जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर गुरुवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनेश्वर मिश्र पार्क जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रयागराज माघ मेले में साधु-संतों के साथ दुर्व्यवहार की घटना सामने आई है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी साधु-संत का अपमान होगा तो समाजवादी पार्टी उनके सम्मान की लड़ाई में उनके साथ खड़ी रहेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा पीडीए की लड़ाई को आगे बढ़ा रही है। जनेश्वर मिश्र ने जो सिद्धान्त, जो आंदोलन दिया, उसे आगे बढ़ने का हम संकल्प लेते हैं। अखिलेश यादव ने नोएडा में इंजीनियर की मौत के प्रकरण को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि घटना के बाद भी सरकारी तंत्र समय रहते पीड़ित की जान नहीं बचा सका। अखिलेश ने आरोप लगाया कि कई घंटे तक इसलिए कार्रवाई नहीं की गई क्योंकि यह कहकर टाल दिया गया कि पानी ठंडा है। उन्होंने इसे प्रशासनिक संवेदनहीनता बताते हुए कहा कि सरकार बताए कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं सम्भल प्रकरण में सीओ समेत अन्य पर केस दर्ज कराने का



आदेश देने वाले जज के ट्रांसफर पर सपा अध्यक्ष ने कहा कि सच्चाई को ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि सरकार सच सामने आने से घबराती है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमित शाह शनिवार को लखनऊ में 'उत्तर प्रदेश दिवस' समारोह को करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को लखनऊ में 'उत्तर प्रदेश दिवस' समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्रालय के गुरुवार के बयान के मुताबिक लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान गृहमंत्री 'एक जनपद-एक व्यंजन' योजना की शुरुआत करेंगे। योजना के तहत प्रत्येक जनपद के विशिष्ट पारंपरिक व्यंजनों की पहचान कर उन्हें गुणवत्ता, ब्रांडिंग और बाजार से जोड़ा जाएगा, जिससे स्थानीय व्यंजनों को राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान मिल सके। मंत्रालय ने बताया कि समारोह के दौरान अमित शाह 'सरदार पटेल औद्योगिक क्षेत्र योजना' का भी शुभारंभ करेंगे, जिससे उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा गृहमंत्री शाह मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों को पुरस्कार प्रदान करेंगे तथा उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2025-26 का वितरण भी करेंगे।

### एमपी के बैतूल से 1121 किमी पैदल चल कर राम जन्मभूमि पहुंचे दो भक्त

**अयोध्या।** संघ परिवार में सस्वर मुक्तकंठ से गाए जाने वाले गीत चंदन है इस देश की माटी...... को व्यवहार में उतारते हुए मध्य प्रदेश के बैतूल के एक गांव से चलकर 1121 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर दो युवक श्रीराम की नगरी पहुंचे हैं। इन दोनों युवकों ने अपनी यात्रा के दौरान क्षेत्र के 1341 गांवों की रज व 103 नदियों का एकत्रित जल को शुक्रवार को कारसेवक पुरम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को सौंपा है। अयोध्या पहुंचे मध्यप्रदेश के बैतूल जनपद ग्राम खेड़ी सावलीगढ़ निवासी धनंजय सिंह व गोरेगांव निवासी केसो मोरले ने बताया कि 27 दिसंबर को बैतूल के गंज स्थित राधाकृष्ण मंदिर में भगवा ध्वज के पूजन आरती के साथ उनकी पदयात्रा शुरू हुई थी। वे प्रति दिन औसतन 50 किलोमीटर की दूरी तय करते थे।

### पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार बरी, 1984 के सिख विरोधी दंगों में आया फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान राष्ट्रीय राजधानी के जनकपुरी और विकासपुरी इलाकों में हिंसा भड़काने से संबंधित मामले में गुरुवार को बरी कर दिया। विशेष न्यायाधीश दिग विनय सिंह ने संक्षिप्त आदेश सुनाते हुए कुमार को बरी किया।

### भोजशाला में भारी पुलिस बल तैनात, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद धार में हाई अलर्ट

**धार।** मध्य प्रदेश के धार शहर स्थित ऐतिहासिक भोजशाला में शुक्रवार, 23 जनवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर पूजा-अर्चना और जुमे की नमाज को लेकर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस और प्रशासन विशेष रूप से सतर्क है और पूरा धार शहर हाई अलर्ट पर है। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा भोजशाला पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने कहा कि हमारे वकील आदेश को पढ़ रहे हैं। आधिकारिक रूप से आदेश मिलने के बाद हम मीडिया को जानकारी देंगे। फिर सभी के साथ बैठक करके आगे की रणनीति पर बात करेंगे। प्रशासन ने सभी से अपील की है कि वह उच्चतम न्यायालय के आदेश की अलग-अलग व्याख्या न करें। ऐहतियात के तौर पर शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर दिए गए हैं।

# डोडा में सेना का वाहन खाई में गिरने से 10 जवान बलिदान, नौ घायल

**एजेंसी, डोडा।**

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में भद्रवाह-चंबा अंतरराज्यीय मार्ग पर खंटॉप इलाके में गुरुवार को सेना का एक वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया, जिससे 10 जवान बलिदान हो गए, जबकि नौ अन्य घायल हो गए।

अधिकारियों ने कहा कि सेना के जवानों को लेकर सेना का कैस्पर वाहन एक ऊंचाई वाली चौकी की ओर जा रहा था, तभी उसके चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन 400 फुट गहरी खाई में गिर गया। सेना और पुलिस ने तुरंत संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया, तो 10 सैनिकों के शव पाए गए। नौ अन्य सैनिकों को घायल हालत में बचाया गया, जिसमें तीन जवानों को गंभीर चोटें आई हैं। तीनों



जवानों को एयरलिफ्ट करके उधमपुर के आर्मी कमांड हॉस्पिटल ले जाया गया। 6 अन्य लोगों पर नज़र रखी जा रही है, उनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

इस बीच उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता और समर्थन में खड़ा है। उन्होंने कहा कि डोडा में एक दुर्भाग्यपूर्ण सड़क दुर्घटना में भारतीय सेना के 10 बहादुर जवानों की मृत्यु से मैं अत्यंत दुखी हूं। हम अपने बहादुर सैनिकों की उत्कृष्ट सेवा और सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद रखेंगे। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर लिखा कि एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में डोडा के आसपास के इलाके में खराब मौसम और दुर्गम रास्तों पर चलते हुए एक सैन्य वाहन सड़क से फिसल गया। इस दुर्घटना में कई लोग हताहत हुए हैं, जिनमें से कुछ की मृत्यु हो गई है। घायलों को आगे के इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

सेना ने कहा कि शहीद जवानों के परिजनों को सभी सैन्य सम्मान और सहायता प्रदान की जाएगी।डोडा हादसे की खबर सामने आने के बाद देशभर में शोक की लहर दौड़ गई है। राजनीतिक नेताओं, सैन्य अधिकारियों और आम लोगों ने सोशल मीडिया के जरिए शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। यह हादसा एक बार फिर याद दिलाता है कि सीमावर्ती और पहाड़ी क्षेत्रों में तैनात सैनिक न केवल दुश्मन से, बल्कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों से भी रोज जूझते हैं। देश की रक्षा में लगे इन जवानों का बलिदान पूरे राष्ट्र के लिए हमेशा सम्मान और गर्व का विषय रहेगा।

## सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी नक्सली अनल दा ढेर



**एजेंसी, पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र स्थित सारंडा जंगल में गुरुवार हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक करोड़ रुपये के इनामी नक्सली अनल दा उर्फ पतिराम मांझी को मार गिराया गया है। आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता माइकल राज एस ने अनल के मारे जाने की पुष्टि की है। इस मुठभेड़ में अनल के साथ अन्य 11 नक्सलियों के मारे जाने की भी सूचना है। सुरक्षा बलों को खुफिया सूचना मिली थी कि अनल दा का दस्ता बड़ी घटना की साजिश रच रहा है। इसके आधार पर कोबरा, जगुआर और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी की। सुबह से शुरू हुई मुठभेड़ में जबरदस्त गोलीबारी हुई। मुठभेड़ के बाद चलाए गए सर्च अभियान में भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं, जिनमें एके-47, इंसास राइफल, एसएलआर और कारतूस शामिल हैं। ग्रामीणों की मदद से शवों की पहचान की जा रही है।

# भारत की बेटियां हर क्षेत्र में बना रही हैं नये रिकार्ड : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बना रही हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि श्री मोदी ने कहा कि जिस देश में पुत्रियों को लक्ष्मी के समान पूजा जाता है, वहां आज से 11 वर्ष पहले इसी दिन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान आरंभ किया गया था। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गर्व की बात है कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बना रही हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

उन्होंने बेटियों के महत्व पर आधारित शाश्वत भारतीय मूल्यों को प्रतिबिंबित करते हुए कहा कि एक पुत्री दस पुत्रों के समान है और दस पुत्रों से प्राप्त पुण्य या सद्गुण एक पुत्री से भी प्राप्त किया जा सकता है।



प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि कन्या को लक्ष्मी मानने वाले हमारे देश में 11 साल पहले आज ही के दिन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत हुई थी। यह बड़े गर्व की बात है कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नित-नये रिकॉर्ड बना रही हैं। उल्लेखनीय है कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत 22 जनवरी 2015 को हुई थी।

इसका मुख्य उद्देश्य लड़कियों के अस्तित्व, शिक्षा और सुरक्षा को सुनिश्चित करना और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है।

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में बड़ा हादसा

## स्टील प्लांट में विस्फोट से छह की मौत

**एजेंसी, बलोदा बाजार।**

छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले के भाटापारा थाना क्षेत्र स्थित बकुलाही इलाके में गुरुवार सुबह रियल इस्पात एंड पावर प्लांट में हुए विस्फोट कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। इसकी पुष्टि स्थानीय पुलिस प्रशासन और संबंधित अस्पताल के डॉक्टरों ने की है। कम से कम चार लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

रियल इस्पात एंड पावर प्लांट के डीजीएम संदीप पाटिल ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए नियमानुसार मुआवजे की घोषणा की है। उन्होंने बताया है कि मलबे में अभी भी कुछ और मजदूरों के दबे होने की आशंका है। पुलिस, प्रशासन और आपदा राहत



टीमें (एसडीआरएफ ) मौके पर बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। प्रारंभिक जांच के अनुसार, विस्फोट तकनीकी खराबी या बॉयलर/प्लांट में अत्यधिक दबाव बढ़ने के कारण हो सकता है।

पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी और आपदा प्रतिक्रिया दल राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। कंपनी के प्रोजेक्ट हेड और वरिष्ठ अधिकारियों ने भी घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए हताहतों के प्रति शोक व्यक्त किया है।

## क्रिकेट टीम को टीम इंडिया कहने से रोकने की मांग वाली याचिका पर भड़के सीजेआई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उस याचिका को बेकार बताते हुए खारिज कर दिया, जिसमें सार्वजनिक प्रसारक प्रसार भारती को बीसीसीआई की क्रिकेट टीम को टीम इंडिया कहने से रोकने का अनुरोध किया गया था। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 8 अक्टूबर के आदेश को बरकरार रखा, जिसमें वकील रीपक कंसल की जनहित याचिका को खारिज कर दिया गया था। पीठ ने कहा, आप बस घर बैठकर याचिका का मसौदा बनाना शुरू कर दें। इस सब में क्या दिक्कत है? अदालत पर बोझ न डालें। पीठ ने कहा, यह सरासर अदालत और आपके समय की बर्बादी है... यह क्या तर्क है?

# चुनाव आयोग ने लॉन्च की ईसीआईनेट ऐप

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

चुनाव आयोग ने शुक्रवार को अपनी 40 से अधिक विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन सुविधा मुहैया करने वाली ऐप्स को एक साथ जोड़ते हुए बनाई गई ईसीआईनेट एप्लीकेशन को औपचारिक तौर पर लॉन्च कर दिया।

दिल्ली में लोकतांत्रिक देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान भारत मंडपम में ऐप को औपचारिक तौर पर लॉन्च किया गया। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने दुनिया के चुनाव प्रबंधन निकायों को भारत की पहल का लाभ उठाने के लिए भी आमंत्रित किया। चुनाव आयोग आवेदन करने वाले निकायों के लिए उनकी आवश्यकता, कानूनी प्रतिबद्धताओं और भाषा के अनुसार इस ऐप को डेवलप करने को तैयार है। कुमार ने कहा कि ईसीआईनेट में चुनाव से जुड़ी हर जानकारी लगभग रियल-टाइम में उपलब्ध होगी। बिहार विधानसभा चुनाव में इसका बीटा वर्जन आजमाया गया था। हमने लोगों से सुझाव भी मांगे थे। 15 हजार से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने अन्य देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों को भी यह प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने की पेशकश की, ताकि वे अपने कानून और भाषा के अनुसार इसे विकसित कर सकें। उन्होंने कहा कि सुझावों का स्वागत है और ईसीआईनेट को लगातार बेहतर बनाया जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग ELECTION COMMISSION OF INDIA

एक जगह मिलेगी सभी सुविधाएं

चुनाव आयुक्त डॉ सुखबीर सिंह संधू ने कहा कि आज के समय में ऐप्स जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन चुके हैं और चुनाव प्रक्रिया भी इससे अछूती नहीं रह सकती। ईसीआईनेट को हैक करना लगभग असंभव है। इससे चुनाव के दौरान समय पर और सटीक जानकारी मिलेगी, जिससे चुनाव प्रबंधन निकायों पर भरोसा और मजबूत होगा। चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने कहा कि योजना निर्माण और प्रबंधन में तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ रही है और ईसीआईनेट उसी दिशा में एक बड़ा कदम है।

## जिहाद के लिए युवाओं की भर्ती मामले में सैयद एम इदरीश को 10 साल की सजा

**एजेंसी, कोलकाता।** भारत के खिलाफ 'जिहाद' के लिए मुस्लिम युवाओं को तैयार करने और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए भर्ती करने के मामले में कोलकाता की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की स्पेशल कोर्ट ने गुरुवार का सईद एम. इदरीस को 10 साल की सजा और 70 हजार का जुर्माना भी लगाया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के मुताबिक, सैयद एम. इदरीश (33) पाकिस्तान के इशारे पर पश्चिम बंगाल में लश्कर-ए-तैयबा का भर्ती मॉड्यूल चला रहा था। वह मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित कर आतंकी संगठन में शामिल होने के लिए उकसाता था। जांच में सामने आया कि इदरीश भारत में लश्कर-ए-तैयबा के नेटवर्क को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभा रहा था।

# लखनऊ चिड़ियाघर में मना सकेंगे बर्थडे पार्टी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ चिड़ियाघर में अब आप बर्थ डे पार्टी सेलिब्रेट कर सकते हैं। सुविधा फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व के आधार पर मिलेगी। इसके लिए 5100 रुपए फीस और 500 रुपए सिक्योरिटी मनी जमा करनी होगी। नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान में 'पार्टी ऑन व्हील्स' आयोजन को लेकर विस्तृत नियमावली लागू कर दी गई है।

बर्थडे पार्टी के आयोजन की तारीख से एक माह पहले आवेदन कर सकेंगे, जबकि तय समय से पहले दिए गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। वहीं केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली की गाइडलाइन के अनुसार प्राणी उद्यान प्रत्येक सोमवार को बंद रहता है, इसलिए इस दिन पार्टी ऑन व्हील्स की बुकिंग नहीं होगी। इसके अलावा लखनऊ में मतदान के दिन और होली के अवकाश पर भी यह सुविधा बंद रहेगी। प्राणी उद्यान परिसर में पार्टी ऑन व्हील्स का आरक्षण शुल्क दो घंटे के लिए 5100 रुपए तय किया गया है। इस राशि में से 3100 रुपए चिन्हित वन्य प्राणियों के रखरखाव और संरक्षण पर खर्च किए जाएंगे, जबकि शेष 2000 रुपए वन्य प्राणियों के दान-पोषण और उपचार के लिए दान स्वरूप उपयोग होंगे। इसके अतिरिक्त प्रति स्लॉट 500 रुपए सिक्योरिटी मनी जमा करानी होगी। नियमों में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी व्यक्ति को लगातार दो घंटे से अधिक समय के लिए पार्टी ऑन व्हील्स की अनुमति नहीं होगी। आरक्षण स्वीकृत होने के बाद आवंटी को पूरी धनराशि नकद तत्काल जमा करनी होगी, तभी बुकिंग की औपचारिक स्वीकृति जारी की जाएगी। पार्टी के दौरान खानपान की व्यवस्था प्राणी उद्यान परिसर में स्थित कैंटीन और फूड कोर्ट से ही करानी होगी। बाहरी खानपान की अनुमति नहीं होगी, केवल केक बाहर से लाने की छूट दी गई है। मछली, नॉनवेज, एल्कोहल, साउंड सिस्टम, प्लास्टिक सामग्री और किसी भी प्रकार के ध्वनि यंत्रों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्राणी उद्यान प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आयोजन के दौरान यदि परिसर या संपत्ति को किसी भी प्रकार की क्षति होती है, तो उसकी भरपाई आवंटी को करनी होगी।





तैयारी | युवाओं को मिलेंगे वैश्विक स्तर पर अवसर

# भारत में शुरू होगा स्किल्स एक्सेलेरेटर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर 'स्किल्स एक्सेलेरेटर' शुरू करने का ऐलान किया है, जिसके जरिए तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा-प्रशिक्षण तंत्र को उद्योग और वैश्विक अर्थव्यवस्था की मांगों के अनुरूप मजबूत बनाया जाएगा।

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने बताया कि इस एमओयू के तहत भारत में बहु-हितधारक मंच स्थापित होगा, जो नवाचार, सार्वजनिक-निजी भागीदारी और कौशल अंतराल को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाएगा। कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने कहा कि यह पहल भारत के कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को भविष्य के कामकाज के अनुरूप बनाने की दिशा में ठोस और वैश्विक रूप ले चुकी है। उन्होंने इसे भविष्य के लिए तैयार और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कार्यबल तैयार करने की दिशा में अहम पड़ाव बताया। शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि यह एमओयू राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के विजन को मजबूती देता है, जिसमें शिक्षा और स्किलिंग का एकीकरण, आजीवन सीखने और उद्योग की भावी जरूरतों के अनुरूप पाठ्यक्रम पर जोर है। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT AND ENTREPRENEURSHIP

की वैश्विक रोजगार क्षमता बढ़ाएगी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रीन एनर्जी, रोबोटिक्स और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग जैसे उभरते क्षेत्रों में भारत की प्रतिभा को तैयार करेगी। भारत स्किल्स एक्सेलेरेटर के सह-अध्यक्ष संजीव बजाज ने कहा कि युवाओं को कौशल देना भारत की जनसांख्यिकीय बढ़त को आर्थिक नेतृत्व में बदलने के लिए जरूरी है। वहीं सह-अध्यक्ष शोभना कामिनेनी ने कहा कि यह पहल नीति और व्यवहार के बीच की कड़ी को मजबूत करेगी और भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में भविष्य-तैयार प्रतिभा प्रदाता के रूप में स्थापित करेगी।

उल्लेखनीय है कि नया रायपुर अटल नगर में देश का पहला आदिवासी डिजिटल संग्रहालय पहले ही स्थापित किया जा चुका है। अब स्किल्स एक्सेलेरेटर के माध्यम से एमएसडीई उच्च शिक्षा संस्थानों, व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों और नियामक निकायों (एआईसीटीई, यूजीसी) के साथ मिलकर कौशल विकास को नई दिशा देगा। इसमें आजीवन सीखने, अपस्किलिंग-रीस्किलिंग, लचीले पाठ्यक्रम, योग्यता की पारस्परिक मान्यता और संस्थागत क्षमता निर्माण पर जोर रहेगा।

# बीडीओ की मेहरबानी से योजना में मची लूट

- विकास खंड इटियाथोक की ग्राम पंचायतों का मामला
- नहीं थम रहा फर्जी मस्टर रोल का खेल, शासन-प्रशासन का सिस्टम फेल

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ एक तरफ जहां भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और जी रो टालरेंस की नीति पर काम करने का दावा क र रहे हैं, वहीं मनरेगा योजना में फर्जी हाजिरी ल गाने का खेल जिले के इटियाथोक ब्लॉक में थ मने का नाम नहीं ले रहा है।विकास खंड इटिया थोक की ग्राम पंचायतों में लंबे समय से मनरेगा योजना में फर्जीवाड़े का तड़का लगाने में विख्यात वीडियो व एपीओ और तकनीकी सहायक विख्यात हो चुके हैं। क्षेत्र की ग्राम पंचायत अयाह, कर्मडीहकला, निसारुपुर, रुदापु, सिसई बहलोल पुर और विजयगढवा में ऑनलाइन हाजिरी में फर्जी फोटो अपलोड करने का खेल चल रहा है।बानगी के तौर पर विकास खंड इटिया थोक में कई ग्राम पंचायतों में श्रमिकों की हाजिरी लगाई जा रही है,लेकिन वास्तविकता के धरातल पर एक भी श्रमिक को नहीं लगाया गया है।मौके पर कार्य बंद है,किंतु कुछ लोगों को खड़ा करके एक ही फोटो दर्शाकर मस्टर रोल अपलोड किया गया है।यह मामला ऑन लाइन पकड़ में आया है।वहीं दूसरी तरफ काम कोई और करे और फोटो किसी और की अप लोड हो रही है।महिलाओं के नाम में पुरुषों की हाजिरी वाली फोटो दर्शाई जा रही है।यह हाजि री ऑनलाइन में रोजगार सेवक या मेट करते हैं।गांव के तमाम लोगों ने बताया कि हाजिरी में जमकर फर्जीवाड़ा हो रहा है।एक ही फोटो कई मस्टर रोल में अपलोड किया जा रहा है। इस समय इटियाथोक क्षेत्र की अयाह,कर्मडीह कला, निसारुपुर, रुदापुर, सिसई बहलोलपुर और विजयगढवा ग्राम पंचायतों में नाला सफाई, सड़क पर मिट्टी पटाई, तालाब खुदाई व समत लीकरण सहित अन्य काम चल रहा है। इसके साथ साथ मनरेगा में फर्जीवाड़ा भी चल रहा है।कहीं पर महिला व पुरुषों की हाजिरी पोर्टल पर अपलोड की गई, लेकिन पोर्टल पर बार-बार फोटो एक ही अपलोड कर कई मस्टर रोल में दिखा दिया गया है,जो कि बड़े आश्चर्य की बात है।इससे माना जाता है कि अधिकारियों ने निग रानी नहीं की है।



### मनरेगा में अनियमितता बर्दाश्त नहीं : सीडीओ

मनरेगा योजना में अनियमितता एवं लापरवाही को लेकर सीडीओ अंकिता जैन सख्त हैं।वह ल गातार इसकी निगरानी भी करा रही हैं,इतना ही नहीं,शिकायतें मिलने पर जांचकराकर कार्रवाई भी करती रहती हैं। इसके बावजूद सिस्टम बेप टरी है। सीडीओ का स्पष्ट कहना है कि मनरेगा योजना में अनियमितता एवं लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जांच करा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वर्तमान सरकार पूर्ण रूप से विफल : बैजनाथ

- पूरी तरह से विफल है भारतीय जनता पार्टी की सरकार चारों तरफ भ्रष्टाचार का ही है बोलबाला : पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे




गोंडा, समृद्धि न्यूज।

विधानसभा क्षेत्र कटरा बाजार के पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे ने आज अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वर्तमान भाजपा विधायक बावन सिंह के कार्यकाल के भ्रष्टाचार को उजागर किया।

पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे ने बताया विधायक बावन सिंह जब वर्ष 1996 में विधायक बने तबसे लगातार कटरा बाजार को लूट रहे हैं इनके कार्यकाल की जांच मेरे विधायक बनने पर कराई गई जांच होने पर लगातार कई अनियमिताओं पाई गई थी विधायक निधि के कार्य को क्षेत्र पंचायत निधि से भी दिखाकर धन का बंदरबांट किया गया था जिस पर जांच चल रही थी ओर विधायक बावन सिंह और उनके चहेते भ्रष्टाचार में दोषी पाए गए थे। वर्ष 2000-01 में गद्दोपुर तालाब सौंदर्यीकरण के लिए 118000, विधायक निधि से निकाला गया था फिर उसी कार्य को संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना से दिनांक 05.03.2003 को 144971 नगद तथा 795 कुंतल गेहूं निकाला गया उस समय गद्दोपुर गांव की कोटेदार श्रीमती किरण सिंह थी कोटेदार के विरुद्ध भी रिपोर्ट गई थी। इसी तरह कई घोटाले करोड़ों रुपए की गई है। ये सब धन मेरे क्षेत्र के लोगों का है जिस पर प्रशासनिक और जिम्मेदार अधिकारियों को भी आगे आना चाहिए तथा भ्रष्टाचार के धन की रिकवरी होनी चाहिए।

श्री दुबे ने बताया वर्तमान सरकार पूर्ण रूप से विफल है अस्पतालों में न ही मशीनें है न ही दवा नाम का मेडिकल कॉलेज बना दिया गया है। एक ही दवा आपरेशन से लेकर सर दर्द तक दी जाती है। आज आशा बहुएं सड़क पर है आंदोलन कर रही है।

## लोक वाणी संचालक को पीटा, हालत गम्भीर



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** वजीरगंज थाना क्षेत्र में बुधवार की देर रात्रि में गुलहरिया नाला के पास लोकवाणी संचालक राज कुमार यादव के ऊपर चार युवकों ने बाइक रोक कर हाकी सरिया से हमला कर के घायल कर दिया गया। घायल अवस्था में इलाज के लिए वजीर गंज सी एस से लाया गया। हालत खराब होने पर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। राज कुमार यादव के बड़े भाई राम भवन ने बताया कि काफी दिनों से लोक वाणी केंद्र वजीर गंज बाजार में चला रहे थे प्रति दिन देर रात्रि को लोकवाणी को बंद कर के घर जाया करते थे। किसी से कोई रंजिश नहीं है। घटना की तहरीर चार लोगों के खिलाफ में वजीर गंज थाने पर दी गई है।

## खबरें एक नजर में

### सुरक्षा, सम्मान व आत्मनिर्भरता पर जोर, स्कूल में मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को थाना कोतवाली उतरौला, जनपद बलरामपुर द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज उतरौला में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे एवं क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र सिंह के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति टीम की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान एंटी रोमियो टीम प्रभारी महिला उपनिरीक्षक शालिनी सिंह सहित हेड कांस्टेबल अखिलेश कुमार, मेवालाल, कांस्टेबल शिवाकांत, अनुभव सिंह, महिला आरक्षी साक्षी राज, गीतू सिंह एवं नीतू द्वारा छात्राओं को उनकी सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। पुलिस टीम द्वारा सरकार द्वारा संचालित प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई, जिनमें वूमेन पावर लाइन 1090, एंबुलेंस सेवा 108, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, गर्भवती महिलाओं के लिए एंबुलेंस 102, साइबर हेल्पलाइन 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 शामिल हैं। साथ ही थाना स्तर पर गठित महिला हेल्प डेस्क एवं मिशन शक्ति केंद्र के कार्यों के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

### सड़क हादसे में मीटर रीडर की मौत



- ट्रक व बाइक की भिड़ंत में बुझा घर का चिराग

पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज़ पयागपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत इंद्रा पुर गांव के पास एक भीषण सड़क हादसे में बिजली विभाग के संविदा कर्मी की जान चली गई। मृतक की पहचान 32 वर्षीय नीरज वर्मा के रूप में हुई है, जो चंदा मऊ का रहने वाला बताया जाता है। नीरज पयागपुर बिजली पावर हाउस में मीटर रीडर के पद पर तैनात थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नीरज वर्मा पुत्र अश्वनी कुमार, बुधवार को चंदा मऊ पावर हाउस में अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद बाइक से अपने घर वापस जा रहे थे। जैसे ही वह इंद्रापुर गांव के पास पहुंचे, तभी उनकी मोटरसाइकिल और एक तेज रफ्तार ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि नीरज गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही चीख-पुकार मच गई हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को तुरंत सीएचसी पयागपुर अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। 32 वर्षीय नीरज की असामयिक मृत्यु की खबर मिलते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया है। बिजली विभाग के सहकर्मियों ने भी इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कंपोजिट विद्यालय बंजरिया में खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित




**मनकापुर/गोंडा समृद्धि, न्यूज।** कंपोजिट खेल से शारीरिक मानसिक विकास होता है और साहस बढ़ता है आपसी भाईचारा मजबूत होता है। उक्त बातें कंपोजिट विद्यालय बंजरिया में खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण के दौरान मुख्य अतिथियों ने कही विद्यालय के बच्चों ने अन्य विद्यालय के बच्चों के साथ जिला स्तर पर कई खेलों में प्रतिभाग किया और विजेता बने। जिसमें खो-खो, कबड्डी, लंबी दौड़, ऊंची कूद, चेस, वॉलीबॉल, गोला फेक आदि खेल हुए। जिला स्तर पर जीते हुए बच्चों को पुरस्कार वितरण कंपोजिट विद्यालय बंजरिया में किया गया। जिनमें विजेता टीम के बच्चे प्राथमिक खो- खो बालक वर्ग जिला स्तर पर विजेता घोषित किए गए, तथा पूर्व माध्यमिक बालक वर्ग खो - खो उपविजेता हुए, तथा लंबी कूद में कृष्ण कुमार जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य बच्चों के टीम में मनीष, किशन, अभिषेक कश्यप, अभय, ओंकार, सुमित शर्मा, आलोक गुप्ता, रवि सोनी, आशुतोष मिश्रा आदि बच्चों ने प्रतिभा किया। आए हुए अतिथियों ने बच्चों को पुरस्कार वितरित किया जिनमें जनार्दन प्रसाद पांडे अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षा संघ, देव प्रकाश पांडे, पवन कुमार सिंह पूर्व माध्यमिक शिक्षक मंडल अध्यक्ष, राज मंगल शुक्ला ब्लॉक व्यायाम शिक्षक, राधेश्याम गुप्ता, आईपी सिंह आरपी मनकापुर तथा विद्यालय के स्टाफ प्रधानाचार्य पारसनाथ जायसवाल, सूर्यभान राम, वीरेंद्र तिवारी, अखिलेश चतुर्वेदी, पुनीत कुमार, सतीश चौधरी, रतेंद्र शुक्ला, रविंद्र यादव, लालता प्रसाद वर्मा, सावित्री देवी, ममता उपाध्याय, पूजा मनमोहिनी तथा विद्यालय के अन्य बच्चे इस पुरस्कार वितरण में विद्यालय में शामिल रहे।

### प्रत्येक व्यक्ति स्वयंसेवक : उमेश



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर रिसिया नगर के राम लीला मैदान रिसिया में भव्य हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। शताब्दी वर्ष के निमित्त भव्य हिंदू सम्मेलन का का आयोजन राम लीला मैदान रिसिया में किया गया जिसकी मुख्य अतिथि रविशंकर गुरुभाई मुख्य वक्ता के रूप में उमेश प्रान्त प्रचार टोली सदस्य अवध प्रान्त विशिष्ट अतिथि अनंतविभूति स्वामी विष्णुदेवाचार्य महराज एवं मातृशक्ति के रूप में सुनीता विभागकार्यवाहिका रही। हिन्दू सम्मेलन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सम्मेलन की प्रस्तावना के उद्बोधन के उपरांत हुआ। मुख्यवक्ता उमेश ने संघ पिछले 100 वर्षों से संघ लगातार प्रत्येक हिन्दू का चरित्र निर्माण कार्य कर रहा है हिन्दू समाज लगातार आज के समय में जागरण करने की आवश्यकता है विधर्मियों ने हमेशा हम सभी पर वार है क्योंकि हम सभी अहिंसा परमो धर्म का उपदेश लेकर चलते आ रहे है। स्वामी विवेकानंद ने शिकागो कन्वेंशन के समय से ही हिंदुओ के चरित्र निर्माण पर कार्य करना शुरू किया था जाति पंथ की भावना के दूर रहने का उपदेश सदैव ही लेकर चले उन्होंने कहा स्वयंसेवक केवल संघ का ही नहीं होता जो व्यक्ति राष्ट्र का कार्य निष्ठावान रूप से करता है वो प्रत्येक व्यक्ति स्वयंसेवक है। हम सभी को अपने देवी देवताओं अपनी सांस्कृतिक, जल पर्यावरण, गुरुकुल को संरक्षित करने की आवश्यकता है।

## रग्घु बाबा देवस्थान पर हुआ अखंड रामायण पाठ

- श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर विशाल भंडारा आयोजित

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण एवं भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा होने के दो वर्ष पूर्ण होने पर क्षेत्र में अखंड रामायण पाठ एवं भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

विकासखंड रुपईडीह के स्थानीय कस्बा आर्यनगर एवं तेलिया कोट के रग्घू बाबा देवस्थान पर अखंड रामायण एवं सुंदर कांड पाठ कर भगवान श्री रामचंद्र जी का पूजा अर्चना करते हुए भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जिला पंचायत सदस्य मनोज शुक्ला, सुशील शुक्ला, राजू पाण्डेय, अन्नी तिवारी, जेपी तिवारी, चंद्रप्रकाश मौर्य सर्वेश कुमार विकास कुमार विकास कुमार, कन्हैया सूरज देवी दिन अभिषेक तिवारी राम जी भीम सिंह पंकज शंकर, शिवकुमार चौरसिया नीरज तिवारी, मखोले शुक्ला, राजकुमार शुक्ला आदि रहे।

## जरूरतमंदों को मिले सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं लाभ : सांसद

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।




बृहस्पतिवार को जिला पंचायत सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) के अध्यक्ष सांसद गोण्डा / केन्द्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह जी की अध्यक्षता में समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकासपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार गहन समीक्षा की गयी, तथा योजनाओं को संचालित करने के लिये संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि विकास कार्यक्रमों को और अधिक गति के साथ क्रियान्वित करें तथा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें लाभान्वित करने का काम करें।

बैठक में गत बैठक की अनुपालन आख्या से सदन को अवगत कराया गया। तत्पश्चात बैठक प्रारम्भ हुई पिछली बैठक के अनुपालन आख्या एवं विभागीय कार्यकमों की प्रगति पर चर्चा की गयी।

गत बैठक में दिए गये निर्देशों के अनुपालन में विभिन्न विभागों द्वारा जो प्रगति की गई है, उस बैठक में सम्बंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया। बैठक में अध्यक्ष ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनपद में जो भी कार्य कराया जाए, इसकी सूचना जनपद के सभी जनप्रतिनिधियों को जरूर दें। ताकि सभी जनप्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में कराया जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी हो पाए। बैठक में समिति के अध्यक्ष सांसद गोंडा / केंद्रीय राज्य मंत्री ने एक्सईएएन जल निगम (नगरीय) को निर्देश दिए हैं कि जनपद के समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में कराई जा रहे कार्यों की विस्तृत सूचना जनपद के सभी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करायें। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सांसद जी ने जनपद स्तरीय को निर्देश दिए हैं कि कोई भी कार्यक्रम करायें तो उसकी सूचना आयोजित होने से पहले उसकी तिथि जनपद के सभी जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जाय। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बैठक में आये हुये जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बैठक में समिति के अध्यक्ष/ सांसद द्वारा जो निर्देश दिये गये है, उसे अक्षरशः पालन कराया जायेगा। उन्होंने विकास कार्यो से जुड़े सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि कराये जा रहे विकास कार्यों में तेजी लायी जाय और टीम भावना के साथ काम करके समय से विकास कार्यों को पूरा कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन विभागों के माध्यम से जिले में निर्माणाधीन विकास कार्य कराये जा रहे है, सम्बन्धित विभागीय अधिकारी का दायित्व बनता है कि वे सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं से निरन्तर सामन्जस्य बनाये रखें, तथा मौके पर जाएं और निर्माणाधीन विकास कार्यों की निगरानी रखकर समय सीमा के अन्तर्गत पूरा करायें।

# मिहींपुरवा में अवैध खनन का खुला खेल जारी

- सरकारी जमीन से 150 ट्रॉली मिट्टी लूटी गई, जिम्मेदार बोले- हमें कुछ पता नहीं
- सरकारी जमीन पर खनन का काला खेल : जवाबदेही के नाम पर सन्नाटा

साकेत वर्मा/अनिल मौर्या




**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पैरुआ में सरकारी भूमि से अवैध मिट्टी खनन का मामला अब प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि सुनियोजित मिलीभगत की ओर इशारा कर रहा है। आरोप है कि खनन माफिया ने रात के अंधेरे में करीब 150 ट्रॉली मिट्टी निकालकर खुलेआम बेच दी, लेकिन हैरानी की बात यह है कि खनन विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन-तीनों को इसकी कोई जानकारी नही है। जब खनन इंस्पेक्टर मनीष कुमार से इस गंभीर मामले पर सवाल किया गया तो उन्होंने साफ शब्दों में ऐसी किसी भी घटना से इनकार कर दिया।

वहीं, क्षेत्रीय लेखपाल जीतू सिंह ने भी यही रटा-रटाया जवाब दिया कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। सवाल यह है कि क्या सैकड़ों ट्रॉली मिट्टी हवा में उड़ गई? या फिर जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर आंखें मूंदे बैठे हैं? मामले में सबसे चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ, जब ग्राम पंचायत प्रधान ने स्वयं स्वीकार किया कि उनके द्वारा संबंधित सरकारी भूमि से 25 ट्रॉली मिट्टी निकलवाई गई है। अब बड़ा सवाल यह है कि जब 25 ट्रॉली मिट्टी निकाली गई, तो शेष 125 ट्रॉली मिट्टी कहां गई? किसके इशारे पर और किसके संरक्षण में यह अवैध खनन हुआ? स्थानीय लोगों का आरोप है कि मिहींपुरवा तहसील के तराई क्षेत्र में अवैध बालू और मिट्टी खनन का धंधा लंबे समय से बेरोकटोक चल रहा है। हर रात 200 से 250 ट्रॉली मिट्टी और बालू का अवैध खनन किया जाता है। यह पूरा खेल पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग की कथित मिलीभगत से संचालित हो रहा है, तभी तो भारी वाहनों की रात-दिन आवाजाही के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती। यह इलाका तराई का अति संवेदनशील क्षेत्र है, जहां अवैध खनन के कारण हर वर्ष बाढ़, कटान और खेतों के उजड़ने की घटनाएं सामने आती हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। सवाल उठता है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? अवैध खनन से जुड़ी खबरें लगातार प्रकाशित होने के बाद भी यदि कार्रवाई नहीं होती, तो यह सीधे तौर पर प्रशासनिक संरक्षण की ओर इशारा करता है। अब यह मामला केवल मिट्टी खनन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्रशासन की कार्यशैली और ईमानदारी पर बड़ा प्रश्नचिह्न बन चुका है। स्थानीय ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अब देखना यह है कि प्रशासन इस अवैध खनन के नेटवर्क को तोड़ता है या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दफन कर दिया जाएगा।

## अवैध ईंट भट्ठों पर प्रशासन का डंडा

- ईंट तोड़वाकर थमाया नोटिस
- औचक छापेमारी से संचालकों में मचा हड़कंप

सुधाकर उपाध्याय



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को पुलिस बल की मौजूदगी में प्रशासन की संयुक्त टीम ने क्षेत्र के ईंट भट्ठों पर औचक छापेमारी कर अवैध संचालन पर कड़ा शिकंजा कस दिया। कार्रवाई की भनक लगते ही भट्ठा संचालकों में अफरा-तफरी मच गई। संयुक्त टीम में खनन अधिकारी, उपजिलाधिकारी पयागपुर अश्वनी पांडेय, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, उपयुक्त राज्य कर विभाग एवं उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान भारत ब्रिक फील्ड गंगवल, डी.के. ब्रदर्स मनिकापुर तथा गंगवल स्थित अन्य भट्ठों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। प्रशासन ने नोटिस थमाने से पहले ही अवैध रूप से तैयार ईंटों को मौके पर नष्ट कराकर सख्त संदेश दिया, इसके बाद संबंधित भट्ठा संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। वहीं असलम ब्रिक फील्ड के प्रोपराइटर असलम को कड़ी चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्धारित समय सीमा में यदि मानक अनुरूप दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए तो भट्ठों की सीलिंग, संचालन बंदी और भारी जुर्माना तय है। बिना जीएसटी पंजीकरण, वैध व्यावसायिक भूमि अभिलेख एवं पर्यावरणीय स्वीकृति के संचालित भट्ठों पर अब किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगी। प्रशासन ने दो टूक ऐलान किया है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न



**फखरपुर, बहराइच, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र गजाधरपुर में गुरुवार को बीईओ राकेश कुमार के निर्देशन में विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों से चयनित 3 छात्र - छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लेते हुए कुल 63 विद्यालयों से 88 बच्चों ने प्रतिभाग लिया। संविलयन विद्यालय शारदापारा से कक्षा 8 का छात्र मोहित, ऋषभ कश्यप व सत्यम उपाध्याय ने प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान, बुबकापुर से नगमा ने चौथा स्थान तथा टेंडवामहंत से रामजी मिश्र ने पांचवा स्थान हासिल किए। इन सभी चयनित बच्चों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। बीईओ राकेश कुमार ने कहा कि क्विज प्रतियोगिता से छात्र छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होने के साथ ही सामाजिक और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होगा। सभी प्रतिभाग छात्र - छात्राओं को स्टेशनरी किट, प्रमाणपत्र तथा नाश्ता देकर सम्मानित किया गया। आरएसएम ब्लॉक अध्यक्ष मिथिलेश कुमार मिश्र ने कहा कि ये प्रतियोगिता छात्र - छात्राओं में विज्ञान विषय के प्रति रुचि पैदा करेगी। कार्यक्रम का संयोजन अरुण अवस्थी ने किया। इस मौके पर एआरपी अनमोल श्रीवास्तव, अरविंद कुमार, विभिन्न शैक्षिक संगठनों के पदाधिकारी मनोज कुमार उपाध्याय, सुखदराज सिंह, विवेक सिंह, बिलाल अंसारी सहित कई शिक्षक उपस्थित रहें।

## मानकविहीन निर्माण पर उठे सवाल, सीसी रोड की गुणवत्ता को लेकर आक्रोश

साकेत वर्मा, समृद्धि न्यूज।



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक मिहीपुरवा परिसर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मार्ग पर निर्माणाधीन सीसी रोड में मानकविहीनता का गंभीर मामला सामने आया है। आदर्श नगर पंचायत मिहीपुरवा द्वारा कराए जा रहे इस सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की है। जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जाने वाले मार्ग पर सीसी रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। नियमों के अनुसार सीसी रोड निर्माण में निर्धारित मात्रा में सीमेंट व मौरंग का उपयोग किया जाना चाहिए, लेकिन आरोप है कि ठेकेदार द्वारा मानकों को दरकिनार कर बालू मिलाकर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इससे सड़क की मजबूती और टिकाऊपन पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि शुरुआत से ही गुणवत्ता से समझौता किया गया तो कुछ ही समय में सड़क क्षतिग्रस्त हो जाएगी और सरकारी धन की बर्बादी होगी। लोगों ने इस पूरे मामले की लिखित शिकायत नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी (ईओ) रंग बहादुर से की है।शिकायत पर संज्ञान लेते हुए ईओ रंग बहादुर ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के जेई विवेक कुमार ने बताया कि निर्माण कार्य की जांच कराई जाएगी और यदि मानकविहीनता पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शिकायत के बाद अधिकारियों के आश्वासन से लोगों को उम्मीद जगी है, लेकिन अब सबकी निगाहें जांच रिपोर्ट और आगे होने वाली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। यदि समय रहते गुणवत्ता की जांच नहीं हुई तो यह सड़क भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ सकती है।

# बलरामपुर पुलिस ने फर्जी FSSAI लाइसेंस रैकेट का किया भंडाफोड़

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।



जनपद बलरामपुर पुलिस ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर फर्जी खाद्य लाइसेंस बनवाकर धोखाधड़ी करने के एक गंभीर मामले का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्रांतर्गत हफीज फूड्स के नाम से अवैध रूप से फर्जी लाइसेंस प्राप्त कर मांस विक्रय किए जाने के प्रकरण में की गई है।

पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि बेरोजगारी के चलते उन्होंने अवैध रूप से धन अर्जित करने की योजना बनाई। उतरौला कस्बे में भैंस के मांस की बिक्री को लाभदायक मानते हुए उन्होंने अपने परिचित मोहम्मद हफीज से संपर्क किया और उसे फर्जी लाइसेंस बनवाने का प्रलोभन दिया। अभियुक्तों ने ढाई लाख रुपये लेकर कूटरचित व फर्जी खाद्य लाइसेंस तैयार कराया और उसी के आधार पर हफीज फूड्स मीट शॉप के नाम से भैंस के मांस का विक्रय शुरू किया। मांस बिक्री से प्राप्त धनराशि तीनों आपस में बांट लेते थे।

पुलिस ने बताया कि इस मुकदमे में नामजद मुख्य अभियुक्त मोहम्मद हफीज को पूर्व में ही दिनांक 25 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वर्तमान में गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

इस पूरी कार्रवाई में गिरफ्तारी टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक त्रियुगी प्रसाद शर्मा, उपनिरीक्षक बृजेश कुमार गुप्ता, अजय कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल विनोद यादव एवं आनंद सिंह शामिल रहे। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनस्वास्थ्य से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे अपराधों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान के तहत नो मैपिंग मतदाताओं को नोटिस

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत नगर क्षेत्र में नो मैपिंग वाले मतदाताओं के प्रकरणों की सुनवाई का कार्य लगातार जारी है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद उतरौला द्वारा ऐसे मतदाताओं को नोटिस जारी कर निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर अपना पक्ष एवं साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर दिया जा रहा है।

नगर पालिका परिषद उतरौला के अधिशासी अभियंता राजमणि वर्मा द्वारा भाग संख्या 75 के अंतर्गत मोहर्रम अली (नोटिस क्रमांक 405), सलाहुद्दीन (नोटिस क्रमांक 195) तथा राजकुमार (नोटिस क्रमांक 309) को नोटिस जारी किया गया। इनमें से राजकुमार (नोटिस क्रमांक 309) की हियरिंग पूर्व में पूर्ण कर ली गई है, जबकि शेष बचे मोहर्रम अली (नोटिस क्रमांक 405) एवं सलाहुद्दीन (नोटिस क्रमांक 195) को दिनांक 30 जनवरी 2026, अपराह्न 12:00 बजे तक का समय प्रदान किया गया है, जिससे वे अपनी सुनवाई पूरी कर सकें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नो मैपिंग वाले मतदाताओं को अपनी पहचान एवं निवास से संबंधित वैध साक्ष्य प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

## खबरें एक नजर में

### श्रीराम मंदिर की वर्षगांठ पर निकाली गई शौर्य भगवा यात्रा



**बंडा, शाहजहांपुर।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर बंडा से हिंदू युवा संगठन के नेतृत्व में विशाल भगवान शौर्य यात्रा निकाली गई। जिसका जगह–जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। गुरुवार को श्रीराम लाल मंदिर अयोध्या की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष में डॉक्टर शेखर दीक्षित, सजल शुक्ला, डॉक्टर अखिलेश कुमार, वीर राठौर, अतुल गुप्ता, आदेश राठौर, सर्वेश वर्मा, गौरव सिंह के संयुक्त प्रयास से बंडा के कोटिल्यपुरम से निकाली गई भव्य भगवा शौर्य यात्रा नगर के पुवायां रोड से होकर मेन चौराहा, पूरनपुर रोड होकर खुटार के लिए रवाना हुई। खुटार में अटल चौक पर हिंदू युवा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष अवनीश मिश्र एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष साहिल गर्ग ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। तत्पश्चात यात्रा पुवायां पहुंची जहां पर बालाजी मंदिर सेवा समिति व हिंदू युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद यात्रा बंडा पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान भगवा यात्रा में हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के संस्थापक अध्यक्ष अवनीश मिश्र, भारतीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा, पीलीभीत जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा, शोभित जोशी, अजय द्विवेदी, वैभव यादव, आयुष गुप्ता, प्रदीप कुमार, अभय प्रताप सिंह, मयंक गिरी, सुरज राठौर, विशाल वर्मा, शिवा कश्यप, हरिओम शर्मा, अमन दुबे विशाल कश्यप मनोज गुप्ता मनीष वर्मा , मोनू राजपूत, राजपाल, आशीष वर्मा, राघव श्रीवास्तव, सौरभ पटेल, रितिक श्रीवास्तव, रोहित राठौर, सुधीर पाल आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

### 13064 मतदाताओं की नोटिस पर सुनवाई



**शाहजहांपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्यक्रम के अन्तर्गत नो–मैपिंग वाले मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई का कार्य गुरुवार को जनपद की सभी 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्धारित सुनवाई स्थलों पर किया गया। जिसमें 117 ईआरओ द्वारा अलग अलग विधानसभाओं में 13064 मतदाताओं की नोटिस पर सुनवाई की गई। सुनवाई ब्लाक मुख्यालयों के साथ साथ विकास भवन के दफ्तरों में भी अधिकारियों द्वारा की गई।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर की मौत

**तिलहर–शाहजहांपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में हुई ग्रामीण की मौत मामले में परिजनों ने अनिष्ट की आशंका जताई है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के गांव कपसेड़ा निवासी पप्पू 40 कुछ दिन पहले पानीपत मजदूरी के लिए गया था। इस दौरान दो दिन पूर्व पप्पू को वाहन अचेतावस्था में पाए जाने की सूचना पर परिजन पानीपत पहुंचे । और उसी हालत में पप्पू को लेकर कपसेडा आ रहे थे । तिलहर के समीप गाड़ी पहुंचते ही पप्पू ने दम तोड़ दिया । कोतवाल ने बताया कि परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई है । इस लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है । रिपोर्ट आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### पांच लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** सिधौली थाना क्षेत्र के गांव लधौली निवासी दिनेश शर्मा पुत्र स्व0 लालता प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके घर के पड़ोस में उसकी जमीन पर निजी गली ( रास्ता) बना हुआ है। जिसपर बिजेंद्र पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र निवासी गांव लधौली थाना सिधौली जबरन खड़ंजा डलवाकर कब्जा करना चाहता है।बीते दिनांक 2 जनवरी को उपरोक्त बिजेंदर ,राहुल अपने साथियों के साथ मिलकर गाली, गलौज करते हुए आए और खड़ंजा डालने को कहने लगे जब उन्होंने गलियों का विरोध किया तो उपरोक्त ने उसकी बहन शकुंतला पुत्री लालता प्रसाद, भतीजी कामिनी, भाभी सुशीला देवी,कुलदीप आदि लोगों को लाठी डंडों से मारने पीटने लगे जिससे उनके शरीर में बंद व खुली चोटें आई उपरोक्त बिजेंद्र ने लाइसेंसी 12 बोर की बंदूक दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विजेंद्र पुत्र रामचंद्र ,राहुल व सुधीर पुत्र विजेंदर ,शिवकुमार पुत्र तेज बहादुर , सर्व निवासीगण गांव लधौली थाना सिधौली जनपद शाहजहांपुर व दिवाकर पुत्र अज्ञात व पता अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### मॉडिफाई साइलेंसर पर काटा दस हजार का चालान, बाइक सवार को नसीहत



**शाहजहांपुर।** परिवहन विभाग एवं ट्रैफिक पुलिस यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। पीटीओ द्वारा गुरुवार को शहर में बुलेट बाइक पर मॉडिफाई साइलेंसर लगाने वाले बाइक सवारों के खिलाफ कड़ा रूख अख्तियार किया। उन्होंने एक बुलेट बाइक पर मॉडिफाई साइलेंसर लगे होने पर दस हजार रुपए का चालान किया। साथ ही बाइक सवार को हिदायत भी दी कि भविष्य में दोबारा मॉडिफाई साइलेंसर न लगा पाया जाए। विभिन्न स्थानो पर परिवहन विभाग द्वारा नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के विरूद्ध अभियान में 2 वाहन ओवरलोड में बन्द तथा 83 वाहनों के चालान किए गये। एआरटीओ प्रशासन एसके सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी। अभियान के दौरान यात्री–माल कर अधिकारी आरपी गौतम व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### घर में घुसकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज करने को दी तहरीर

**पुवायां।** क्षेत्र के गांव बढौरा मड़ैया के रहने वाले सोहराब पुत्र मिजाज अली ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि गुरुवार को सुबह लगभग 9 बजे गांव के ही रहने वाले चार लोग घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए मारने पीटने लगे। बचाने आई मेरी पत्नी शबनम को डंडा मार दिया और उक्त लोगों ने मुझे व मेरी पत्नी को लात घूसों से मारा पीटा। पीड़ित ने तहरीर के माध्यम से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की।

### दहेज हत्या में वांछित एक अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पुवायां।** बुधवार को गांव टकेली की रहने वाली सपना की मौत हो गई थी जिसमें पांच लोगों को खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सुमित पुत्र हुलासी राम को मोहम्मदी रोड पर ओवर ब्रिज के नीचे से गिरफ्तार कर लिया। और वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया।

### युवक ने पीया कीटनाशक, मेडिकल कॉलेज रेफर

**पुवायां।** थाना सिधौली के गांव सिसैया निवासी सत्येंद्र सिंह पुत्र सूरजपाल उम्र 40 वर्ष ने किसी कारणवश घर में रखा कीटनाशक पी लिया जिससे उनकी हालत बिगड़ने लगी परिजन उन्हें सरकारी अस्पताल लेकर आए डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### एनसीसी कैडेट्स ने सद्भावना दौड़ के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की




**शाहजहांपुर।** काकोरी एक्शन के द्वारा अपने शौर्य और साहस से अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिलाकर युवाओं को संगठित कर सशस्त्र क्रांति के लिए प्रेरित करने वाले अमर बलिदानी ठाकुर रोशन सिंह की जंयती पर एस एस कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने सद्भावना दौड़ के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस कार्यक्रम के संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ आलोक कुमार सिंह ने बताया कि ठाकुर रोशन सिंह की जयंती पर प्रत्येक वर्ष कटरा के शहीद स्तंभ से रोशन सिंह के पैतृक गांव नवादा दरोंबस्त तक 26 किलोमीटर की रिले रेस एनसीसी कैडेट्स द्वारा पूरा किया जाता रहा है। पूरे रेस के दौरान रास्तों में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों और विद्यालयों के अध्यापक और विद्यार्थियों द्वारा पुष्प वर्षा के माध्यम से उत्साहवर्धन किया जाता है। इस रेस के रास्तों में पड़ने वाले कई गांवों के नौजवान भी रेस में सम्मिलित होकर अमर बलिदानी के प्रति अपनी श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। प्रातः दस बजे कटरा शहीद स्तंभ से सूबेदार मेजर सतीश सिंह चौहान, कटरा नगर संघचालक अनूप अग्रवाल, ईशपाल सिंह, धर्मेंद्र कुमार और मचकेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानंद ने रेस के समापन पर रोशन सिंह की प्रतिमा पर कैडेट्स के साथ पुष्पांजलि अर्पित किया। इस आयोजन में निर्दोष सिंह, विपिन यादव, दीपक शर्मा, सीनियर अंडर ऑफिसर कुलदीप, श्यामा देवी, वीर सिंह यादव, आशु सिंह चौहान, सुहानी मिश्रा सहित 75 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया।

# खंड शिक्षा अधिकारी अनुपस्थित मिलने पर डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

- मतदाताओं को भेजे गए नोटिस, सुनवाई स्थलों पर उमड़ी भीड़
- डीएम ने भावलखेड़ा ब्लाक में चल रही सुनवाई में निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने एडीएम प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रजनीश कुमार मिश्र के साथ भावलखेड़ा ब्लाक परिसर में नोटिस सुनवाई स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम मे 1 जनवरी के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अन्तर्गत गणना अवधि मे बीएलओ द्वारा नो मैपिंग कैटेगरी में चिन्हित किये गये मतदाताओं को नियमानुसार नोटिस जारी करते हुए सम्बन्धित विधानसभान्तर्गत चिन्हित स्थलों पर 21 जनवरी से नोटिस सुनवाई की कार्यवाही चल रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त सम्बन्धित मतदाताओं से अपील की है कि वह निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ नोटिस पर अंकित सुनवाई स्थल पर अवश्य उपस्थित हो। भावलखेड़ा के खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार मिश्रा अनुपस्थित मिलने पर डीएम ने स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। ब्लॉक परिसर में नवनिर्मित बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय को प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बीडीओ भावलखेड़ा अभिषेक अग्रवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रशासन भाक्रद कार्यकर्ताओं के संयम की परीक्षा न लेः सरोज

- भाक्रद की जन जागरण रैली के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भरी हुंकार



**तिलहर – शाहजहांपुर।** भा क्र द के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरोज दीक्षित ने कहा कि तिलहर प्रशासन दल के कार्यकर्ताओं के संयम की परीक्षा न ले अन्यथा तिलहर में प्रदेश भर के किसान लामबंद होकर अपनी ताकत का एहसास करा देंगे। वह गुरुवार देर शाम नगर में कोतवाली के सामने शहीद कुटी के समीप विभिन्न मांगी को लेकर राष्ट्रीय महा सचिव प्रमोद यादव जनसेवक के नेतृत्व में चलाए जा रहे सत्याग्रह आंदोलन स्थल पर बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि एक माह से अधिक सत्याग्रह आंदोलन के चलते प्रशासनिक अधिकारी ने कोई सुध नहीं ली और न ही किसान हित की किसी समस्या को दूर किया है । इससे स्पष्ट है कि प्रशासन दल के नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के संयम की परीक्षा लेने में डटा हुआ है । जो बेहद भरी पद सकता है । यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो प्रदेश भर के किसानों की भरी भीड़ यहां नजर आएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष जन जागरण रैली लेकर यहां पहुंचे थे उन्होंने अपने संबोधन उपरांत शहीद कुटी में शहीद क्रांतिकारियों की त्रिमूर्ति को पुष्पांजलि भी दी।

## नवागत प्रचार सहायक गजल सिन्हा ने संभाला कार्यभार

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिला सूचना कार्यालय में शासन से गजल सिन्हा को सिनेमा आपरेटर कम प्रचार सहायक पद पर तैनात कर भेजा गया है। नवागत प्रचार सहायक गजल ने लखनऊ से आकर शाहजहांपुर में उक्त पद पर कार्यभार विधिवत ग्रहण कर लिया है। वह मूलतः लखनऊ जनपद की रहने वाली है,उनकी यह पहली पोस्टिंग है। गजल ने बताया कि शासन की मंशानुरूप कार्य किया जाएगा। सरकारी योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मेहनत से कार्य किया जाएगा। बता दें कि सहायक प्रचारक, जिसे क्षेत्र प्रचार सहायक या जनसंपर्क अधिकारी के सहायक के रूप में भी जाना जाता है, सरकार के जनसंचार और प्रचार कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। यह अधिकारी सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाने, मीडिया से समन्वय स्थापित कर योजनाओं का प्रचार प्रसार कराने का कार्य करते हैं।

## 12 विद्यार्थियों ने जागरूकता विषय पर रखे विचार

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



छात्र-छात्राओं एवं सामान्य जनमानस में विज्ञान के प्रति अभिरूचि उत्पन्न करने, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, वैज्ञानिक ढंग से कार्य-व्यवहार अपनाने, समाज में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के बेहतर ढंग से उपयोग को सुनिश्चित कराने, समाज में फैले अंधविश्वासों व कुरीतियों का भंडाफोड, विज्ञान के प्रति जागरूकता, वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करने हेतु विज्ञान लोकप्रियकरण एवं संचार कार्यक्रम अन्तर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के निर्देशों के क्रम में जिला विज्ञान क्लब द्वारा जनपद में स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन विषय पर विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय इण्टर कालेज किया गया। मुख्य अतिथि एडीएम वित्त अरविन्द कुमार का डीआईओएस हरिवंश द्वारा एक सजीव पौध एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया एवं स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन विषय पर अपने विचार भी व्यक्त किए। अतिथि वक्ता के रूप में डा. अरीब अंजुम, डा.अनूप कुमार का भी स्वागत किया गया। अतिथि वक्ताओं द्वारा छात्र-छात्राओं को पर्यावरण स्वच्छ रखने के विभिन्न उपायो से अवगत कराया। साथ ही छात्र-छात्राओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम में 25 विद्यालयों के लगभग 250 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया, जिसमें 12 विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये गये एवं उनमें से सर्वश्रेष्ठ विचार वाले प्रतिभागी आराध्या दीक्षित कक्षा 11, डा.सुदामा प्रसाद बाल विद्या मन्दिर इण्टर कालेज को आगन्तुको एवं अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजन प्रजापति द्वारा किया गया। अरशद अली का सहयोग रहा। अन्त में डीआईओएस हरिवंश कुमार द्वारा सभी आए हुए आगन्तुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## डॉ. आंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में मोहिनी और भूमिका ने पाया पहला स्थान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





भारतीय बौद्ध महासभा से संबद्ध युवा एवं बाल विकास समिति द्वारा विगत 2 नवंबर 2025 को प्रदेश स्तरीय डॉक्टर अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सभी जनपदों में एक साथ आयोजित की गई थी। समिति की केन्द्रीय इकाई द्वारा प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया है जिसमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवियापुर की मोहिनी देवी ने जूनियर वर्ग में और सेठ सियाराम इंटर कॉलेज जलालाबाद की भूमिका सिंह ने सीनियर वर्ग में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही मोहिनी देवी ने प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त जनपद स्तर पर जूनियर वर्ग में रायन इंटरनेशनल स्कूल के अभिप्राय गौतम और सरस्वती ज्ञान मंदिर जलालाबाद की अदिति प्रजापति संयुक्त रूप से द्वितीय एसजीएम जलालाबाद के राजप्रताप सिंह,एस पी एस पब्लिक स्कूल हुल्लापुर की छात्रा अंशी और अमन गौतम ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में आदर्श इंटर कालेज की अंशिका शर्मा द्वितीय, गजरानी इंटर कालेज सिसौआ की नैन्सी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनों वर्गों में निधि पाण्डेय, गौरी, अनन्या, समीक्षा रोशनी अंशिका और मुकेश ने सांत्वना पुरस्कार हेतु स्थान पाया। सफल प्रतिभागियों को समारोह पूर्वक पुरस्कृत किया जाएगा जिसकी सूचना उन्हें व्यक्तिगत रूप से दी जाएगी।

## शाहजहांपुर की सांस्कृतिक विरासत को सहेजेंगे चार प्रमुख संस्थान



**शाहजहांपुर।** जनपद की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए आज तुलसी शोध संस्थान, स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज, आर्य महिला महाविद्यालय एवं वीरांगना अवंती बाई राजकीय महिला महाविद्यालय के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (डवन) पर हस्ताक्षर किए गए। स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ.शिशिर शुक्ला ने बताया कि उक्त समझौते पर तुलसी शोध संस्थान के निदेशक, स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के हिंदी विभाग की ओर से प्रोफेसर आलोक मिश्रा एवं डॉ.श्रीकांत मिश्र ने, आर्य महिला की ओर से प्रोफेसर रूपांशु माला एवं वीरांगना अवंती बाई महाविद्यालय से डॉ.कमलेश कुमार ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को संजोने के लिए ये चारों संस्थान मिलकर कार्य करेंगे। आगामी 23 जनवरी से सात दिवसीय संगोष्ठी के माध्यम से गंगा स्नान मेले के संत सम्मेलनों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।इसके शोध निष्कर्ष को विशाल ग्रंथ के रूप में प्रकाशित करने का भी निर्णय लिया गया है। तुलसी शोध संस्थान के प्रतिनिधि नीरज रस्तोगी ने कहा कि ÷संतों की वाणी केवल उपदेश नहीं, बल्कि हमारे समाज का जीवंत साहित्य है। इस एमओयू के माध्यम से हम मेले की इस मौखिक विरासत को लिखित रूप में संकलित करेंगे। स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के प्राचार्य प्रो आर के आजाद ने इसे अकादमिक और शोध की दृष्टि से मील का पत्थर बताया। प्रोफेसर आलोक मिश्रा ने बताया यह काम अपने आप में बहुत ही महत्वपूर्ण है। शोध की सात दिवसीय परंपरा को लिपिबद्ध करना निश्चय ही बड़ा सुखद होगा। आर्य महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रूपांशु माला ने बताया कि यह प्रयास लुप्त होती मौखिक परंपराओं और संत साहित्य को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का एक माध्यम बनेगा। वीरांगना अवंती बाई महाविद्यालय की उपप्राचार्य कमलेश कुमार ने संत परंपरा में महिलाओं के योगदान और उनके सामाजिक सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देने की बात कही। समझौता ज्ञापन होने पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती एवं सचिव प्रोफेसर अवनीश कुमार मिश्र ने आशीर्वाद दिया। प्रोफेसर प्रभात शुक्ला, प्रोफेसर मीना शर्मा, डॉ. विकास खुराना इत्यादि ने बधाई दी।

## भाजपा बूथ अध्यक्ष व कोटेदार पर जानलेवा हमले में छह आरोपी गए जेल

- एक नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजे जाने की प्रक्रिया जारी
- खाद्यान्न वितरण में बाजरा लेने को लेकर हुआ था बबाल

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कोटेदार द्वारा खाद्यान्न वितरण में बाजार के बदले गेहूं न देने पर समुदाय विशेष के लोगों द्वारा लामबंद होकर कोटेदार के घर पर चढ़ाई कर हमला करने के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को जील भेज दिया है । वहीं एक नाबालिग आरोपी को बाल सुधार ग्रह भेजे जाने की प्रक्रिया जारी है। बता दें कि बीती 18 जनवरी को कोतवाली क्षेत्र के गांव धनेला में भाजपा बूथ अध्यक्ष व कोटेदार हरिश्चंद्र शर्मा से राशन वितरण में बाजरा न लेने के चलते हुए विवाद में घर पर धावा बोलकर गांव के समुदाय विशेष के लोगों ने लामबंद होकर हमला बोल दिया था। जिसमें हरिश्चंद्र शर्मा , उनके भाई राजेंद्र , राजेंद्र की पत्नी गुड्डी देवी, भतीजा संजीत गम्भीर रूप से घायल हो गया था। घटना की वायरल वीडियो का संज्ञान होने पर पुलिस भी हरकत में आ गई। पीड़ित कोटेदार हरिश्चंद्र शर्मा ने गांव के रेहान साकिर एवं उसका भाई नासिर पुत्र जाहिद, राशिद, फिरोज, रुदान, आबिद तथा फैजल को नामजद करते हुए आठ - दस अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इंस्पेक्टर क्राइम सुनील कुमार यादव ने टीम के साथ आरोपी फैजल को छोड़ अन्य सात लोगों को गिरफ्तार कर गुरुवार को छह आरोपियों को जेल भेज दिया। जबकि समाचार भेजे जाने तक आरोपी रेहान के नाबालिग होने पर उसे बाल सुधार ग्रह भेजे जाने की प्रक्रिया जारी है। गौर तलब है कि बुधवार को आरोपी शाकिर व नासिर के पिता जाहिद की मौत हो गई थी। इस लिए उन्हें सुपुर्देखाक करने के लिए रात में परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया था। जिन्हें गुरुवार को पुनः कब्जे में ले लिया गया। जाहिद अपने दो बेटों के पकड़े जाने का सदमा बर्दाश्त नहीं कर सके और हालत बिगड़ गई । उन्होंने बरेली में इलाज के दौरान दम तोड़ दी। मृतक जाहिद की पत्नी सायरा अंधी हैं।

## भाजपा महानगर उपाध्यक्ष पर जानलेवा हमले मामले में एक माह बाद भी पुलिस के हाथ खाली

- तीन फरार आरोपियों में अक्षय कदम पर है 25 हजार का इनाम, होटल इन ब्रदर पर 20 दिसंबर को हुआ था बबाल

**तिलहर – शाहजहांपुर।** भाजपा महानगर जिला उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह पंकज पर उनके होटल इन ब्रदर पर हुए जानलेवा हमला व तोड़ फोड़ मामले में फरार तीन नामजद आरोपियों में से एक पर 25 हजार का इनाम घोषित होने के बाबजूद एक माह से ज्यादा होने पर भी नहीं पकड़ सकी है । वहीं भाजपा नेता के भाई नीरज सिंह ने पुलिस पर तमाम आरोप लगाए हैं। बता दें कि हाईवे पर नगरिया मोड़ क्षेत्र स्थित ब्रादर्स इन होटल इन ब्रदर पर बीती 20 दिसंबर की रात कार सवार आधा दर्जन युवकों ने तोड़फोड़ करते हुए भाजपा महानगर जिला उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह पंकज के अलावा दो पुलिस कर्मियों संग भी जमकर अभद्रता की थी । उक्त मामले में भाजपा नेता के भाई इंद्रजीत सिंह उर्फ नीरज ने शाहजहांपुर सदर बाजार के अक्षय कदम एवं उसका भाई योगेश कदम पुत्रगण अनिल कदम उनके साथी ऋषभ तिवारी, आयुष मराठ एवं शिवम मिश्रा के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी । जिसमें आरोपी योगेश कदम व ऋषभ तिवारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। एसपी राजेश द्विवेदी ने मुख्य आरोपी अक्षय कदम पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था । लेकिन एक महीना बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपी अक्षय कदम, आयुष मराठा एवं शिवम मिश्रा को नहीं पकड़ सकी है। इसी क्रम में गुरुवार को भाजपा नेता के भाई नीरज सिंह साथियों के साथ कोतवाली पहुंचे और कोतवाल से आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर नाराजगी जताई।

### श्री बाबा भोलेनाथ मंदिर पर धार्मिक अनुष्ठान आज

**शाहजहांपुर।** महानगर की भारद्वाज कालोनी स्थित श्री बाबा भोलेनाथ मंदिर परिसर स्थित श्रीकृष्ण नाम सांवरिया सेठ की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का प्रथम उत्सव 23 जनवरी यानी बसंत पंचमी को होगा। प्रातः आठ बजे हवन पूजन, छप्पन भोग, फिर की सीरिज कलाकार द्वारा भजन प्रस्तुत होगें। इसके बाद दोपहर 12 बजे से भंडार व प्रसाद वितरण होगा। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य मिथिलेश कुमार, मेयर अर्चना वर्मा, वित्तमंत्री सुरेश खन्ना के प्रतिनिधि चंद्र शेखर खन्ना उर्फ धीरु के अलावा सभी विधायकों की मौजूदगी रहेगी। श्री खन्ना को भी आना था, मगर उनको अचानक विदेश जाना पड़ा। यह जानकारी मुख्य संयोजक कुलदीप दीपक ने दी है।

## महिला कांग्रेस ने मनरेगा और शंकराचार्य के अपमान को लेकर किया प्रदर्शन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी के नेतृत्व में महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष अर्चना कटारिया के सभी पदाधिकारियों ने मनरेगा और शंकराचार्य से अपमान पर प्रदर्शन किया। इससे पूर्व जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने तथा महिला जिला अध्यक्ष अर्चना कटारिया ने प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी का पुष्प गुच्छ देकर का स्वागत किया। उसके बाद एक बैठक की गई। इसमें सभी ने अपने विचार रखें। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस महिला प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी ने कहा अभियान का मुख्य उद्देश्य मनरेगा योजना में आ रही गिरावट और मजदूरों के सामने खड़ी चुनौतियों के प्रति उन्हें जागरूक करना है पदाधिकारियों ने मजदूरों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया।

उन्होंने कहा प्रयागराज माघ मेले में जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शाही स्नान से रोके जाने के मामले ने राजनीतिक रूप से तूल पकड़ लिया है. इस घटना को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस का कहना है कि यह केवल एक धर्माचार्य का अपमान नहीं, बल्कि सनातन परंपराओं और धार्मिक आस्थाओं पर सीधा प्रहार है. कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने कहा कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पिछले करीब 40 वर्षों से नियमित रूप से शाही स्नान करते आ रहे हैं और यह पहली बार है जब उन्हें इस सदियों पुरानी परंपरा से रोका गया है। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या का शाही स्नान एक ऐतिहासिक धार्मिक परंपरा है, जिसे न तो मुगल शासकों ने रोका और न ही अंग्रेजों ने, लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार ने इस परंपरा को बाधित किया है। कांग्रेस का आरोप है कि शंकराचार्य के साथ इस दौरान दुर्व्यवहार किया गया. उनके शिष्यों को जबरन रोका गया और कथित तौर पर बाल पकड़कर घसीटे जाने तक की घटनाएं सामने आई हैं. इतना ही नहीं, शंकराचार्य को उनकी पालकी तक ले जाने की अनुमति भी नहीं दी गई. पार्टी का कहना है कि हालात इतने गंभीर हो गए कि शंकराचार्य को अपनी सुरक्षा को लेकर आशंका जाहिर करनी पड़ी। कांग्रेस ने इस पूरी घटना को लेकर दोहरे मापदंड का आरोप भी लगाया है। पार्टी के मुताबिक शंकराचार्य ने आधे.अधूरे राम मंदिर की प्राण.प्रतिष्ठा, महाकुंभ की व्यवस्थाएं और कोविड काल के दौरान गंगा में तैरती लाशों जैसे संवेदनशील मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगा था, जिससे भाजपा असहज है और इसी वजह से उनके खिलाफ यह रवैया अपनाया गया. इस मामले को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार से स्थिति स्पष्ट करने और शंकराचार्य के सम्मान एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। इस मौके पर जिले की तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी सीमा गौतम, सुनीता, महजबी, रोशनी व अनुभव कटारिया मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**कलान-शाहजहांपुर।** थाना कलान में गुरुवार को पीस कमेटी की बैठक का आयोजन कलान के प्रभारी निरीक्षक शिवदीन वर्मा की अध्यक्षता में किया गया ।जिसमें नगर पंचायत और गांव के दूर दराज से आए सभ्रांत नागरिक उपस्थित हुए। पीस कमेटी की बैठक में कलान के प्रभारी निरीक्षक शिवदीन वर्मा ने बताया कि आगामी त्योहारों पर भाईचारे और शांतिपूर्वक, सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें और कोई भी सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करें ।उन्होंने लोगों से कहा अराजक तत्वों से बचें। भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास न करें। शराब पीकर गाड़ी न चलायें। कस्बा इंचार्ज उप निरीक्षक यशपाल सिंह ने उपस्थित लोगों से पुलिस का सहयोग करने और आगामी त्यौहार आपसी सौहार्द से मनाने की अपील की। इस मौके पर कलान राकेश मिश्रा, सभासद संदीप गुर्जर, ओमवीर सिंह यादव, यशपाल वर्मा, रामनरेश कश्यप, अनमोल गुप्ता, आबिद खां, पंचायत अध्यक्ष हरनारायण गुप्ता, लुकमान सकलैनी समेत तमाम क्षेत्रीय सभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

### नाइट राइडर्स की धमाकेदार जीत, कैपिटल्स को हराकर फाइनल में मारी एंट्री



**निगोही, शाहजहांपुर।** निगोही प्रीमियर लीग के पहले क्वालीफायर मुकाबले में निगोही नाइट राइडर्स ने शानदार खेल दिखाते हुए निगोही कैपिटल्स को 3 विकेट से पराजित कर दिया। इस जीत के साथ ही नाइट राइडर्स ने सीधे टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। 122 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नाइट राइडर्स की शुरुआत धीमी रही, लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज अजीम खान ने 43 गेंदों में 34 रनों की धैर्यपूर्ण पारी खेलकर टीम को संभाला। अंत में अरहम कुन्नू ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए मात्र 25 गेंदों पर 33 रन (3 चौके, 2 छक्के) बनाए और टीम को 18.5 ओवर में जीत दिला दी। कैपिटल्स की ओर से आनंद राजपूत ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके, लेकिन वह अपनी टीम को हार से नहीं बचा सके। इससे पहले, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी निगोही कैपिटल्स की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने महज 20 रन पर अपने 4 मुख्य विकेट खो दिए थे। मध्यक्रम में दिवाकर वर्मा ने मोर्चा संभाला और मात्र 20 गेंदों में 4 छक्कों और 3 चौकों की मदद से 42 रनों की आक्रामक पारी खेली, जिसकी बदौलत टीम 121 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुँच सकी। नाइट राइडर्स के गेंदबाज रवि सिंह ने 3 और कप्तान आकिब खान ने 2 विकेट लेकर कैपिटल्स को बड़ा स्कोर बनाने से रोका।

### बसंत पंचमी पूजा शुभ मुहूर्त दिन शुक्रवार से फगुआ बयार शुरू

**निगोही, शाहजहांपुर।** इस बार बसंत पंचमी पर्व 23 जनवरी शुक्रवार को विशेष सरस्वती पूजा और शिव योग बनेगा। मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव का तिलक हुआ और शिवरात्रि में विवाह संपन्न हुआ। माह एक पूर्व बसंत की आहट के पगचाप सुने वह दिखाई पड़ने लगे थे। रंग रूप रस सुगंध और सौरभ से सामृध्य धरती अपने हृदय का संचित राग उडेल देने को उत्साहित दिखाई दे रही है। बसंत सभी ऋतुओं का ऋतुराज कहलाता है। इसी दिन से फगुआ बयार शुरू होता है। बसंत ऋतु का आश्रय पाकर चराचर जंगल में सर्वत्र और माधुर्य और मनोहरता का प्रसार हो जाता है। वेदों के अनुसार बसंत इस सृष्टि यज्ञ का घृत है। बसंत के जन्म को सुंदर स्वरूप से कवियों ने अपने स्वर्णिम शब्दों से पिरोया है। रितु पति राज बसंत ऋतुओं के राजा बसंत का आगमन होता है। उसके आगमन पर केसर के पुष्पों ने स्वर्ण दंड को धारण किया। वृक्षों के नए पत्ते राजा के लिए आसन बने, राजा बसंत के सिर पर चंपा के पुष्पों का छत्र सजाया गया है। आम्र मंजरी ऋतुराज के सिर का मुकुट बनी कोयल उसके सामने पंचम सुर में गा रही है! पक्षियों का समूह वहां उसका आशीर्वाद के मंत्र पढ़ने लगा कुंजलता ने राजा बसंत की कथा का रूप धारण कर लिया पलाश के पत्ते तथा लबांग लता ने एक होकर धनुष सुबह उसकी डोरी का रूप धारण कर लिया है। राजा बसंत के इन अर्थशास्त्रों को देखकर शास्त्र से शरदऋतु की सेवा भाग खड़ी हुई। ऐसे स्वराज और सुशासन में प्रकट होती हैं। देवी सरस्वती जो वाणी की अधिष्ठात्री देवी हैं। बुद्धि और समस्त बौद्ध विज्ञान की जननी है।

### दो लोगों ने मुंह कपड़े से ढककर की मारपीट

**कांट,शाहजहांपुर।** रास्ते में मारपीट व जान से मारने की धमकी मामले में पुलिस ने दो लोग विपिन शोभित के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज। थाना क्षेत्र जमौर निवासी आदर्श ने पुलिस को तहरीर में बताया 14 जनवरी को समय लगभग शाम 7 बजे कुछ लड़को ने अपने मुंह कपड़े से ढक कर जिससे लड़को को पहचान ना हो सके लड़को ने रास्ते में मुझे रोक लिया और बिना किसी कारण के बैल्ट से बहुत बुरी तरह मारा पीटा मारपीट के कारण मुझे गम्भीर चोटे आयी है और शरीर में काफी दर्द है लड़को ने मुझे देशी कट्टे से जान से मारने की धमकी भी दी जिससे मैं और मेरा परिवार डरा हुआ। प्रभारी निरीक्षक राकेश मौर्या ने बताया तहरीर के आधार पर विपिन,शोभित के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### प्रतियोगात्मक परीक्षाएं 27 से

**शाहजहांपुर।** डा. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर कन्या इंटर कालेज में कक्षा 12 के छात्राओं की वर्ष 2026 की 12वीं भौतिक विज्ञान प्रयोगात्मक परीक्षा 27 जनवरी, जीव विज्ञान की 28 जनवरी और रसायन विज्ञान की 30 जनवरी को विद्यालय में सुबह 11 बजे से संपन्न होगी। यह जानकारी प्रधानाचार्या डा. राखी मिश्रा ने दी है।

### नाबालिग लड़की को भगा ले गया युवक

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी पंद्रह वर्षीय लड़की बीती 16 फरवरी को गांव में ही कारचोबी का सामान लेने गई थी। जो काफी समय तक घर नहीं लौटी जानकारी करने पर पता चला कि उसकी लड़की को निवासी हजरफपुर थाना उसेत जनपद बदायूं का राजाबाबू बहाल फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित के अनुसार घर में राखी नगदी भी साथ ले गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### संदिग्ध हालात में युवक का शव मिलने से हड़कंप

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली क्षेत्र के मौजमपुर गांव में गुरुवार सुबह एक 35 वर्षीय युवक का शव उसके घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान रामकेवल के रूप में हुई है। शव पर गले और माथे पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे मौत को लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घर के भीतर से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। स्थानीय लोगों के अनुसार रामकेवल शराब का आदी था। कुछ समय पहले घरेलू विवाद के चलते उसकी पत्नी मायके चली गई थी, जिसके बाद वह घर में अकेला रह रहा था और मजदूरी कर गुजर-बसर करता था। परिजनों से पूछताछ में भी घटना के संबंध में कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आ सकी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

### वृद्धा ने सचिव को सुनाया दर्द, रात में साहब होता है गाली-गलौज



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा दिए गये दिशा-निर्देशों के क्रम में जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार वृद्धाश्रम बनतारा श का औचक निरीक्षण सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व अपर जिला जज द्वारा किया गया। वृध्दाश्रम में 82 वृध्दजन का होना बताया गया, जिसमें 50 पुरूष व 32 महिलाएं शामिल है। ऊपर वाले हाल में रोशनी की कमी पाई गयी, जिसके सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि हॉल में पर्याप्त रोशनी बढ़ाई जाए। जिससे वृद्धजनों को कोई असुविधा न हो। अधिकांश वृद्ध भोजन करते पाये गये। सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि वृद्धजनों के भोजन की गुणवत्ता में कोई समझौता न किया जाये। सचिव ने वृद्धजनों की समस्या के बारे में पूछा तो एक वृद्ध महिला ने बताया कि कुछ पुरुष वृद्धों द्वारा शराब पीकर गाली गलौज किया जाता है, जिसके सम्बन्ध में प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि परिसर में किसी तरह का कोई विवाद उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम के प्रबन्धक वृहस्पति, वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद अफजल, लेखाकार अंजलि आदि मौजूद रहे।

# जनेश्वर मिश्र छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध थे: तनवीर

▸ सपाइयों ने मनाई जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रख्यात समाजवादी चिंतक एवं दार्शनिक छोटे लोहिया श्रद्धेय जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर एक गोष्ठी का आयोजन सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और श्रद्धेय जनेश्वर मिश्र जी के विचारों एवं व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि जनेश्वर मिश्र जी समाजवादी विचारधारा के प्रति उनके दृढ निष्ठा के कारण वे 'छोटे लोहिया' के नाम से प्रसिद्ध थे। वे कई बार लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहे। उन्होने मोरारजी देसाई, चौधरी चरण सिंह,विश्वनाथ प्रताप सिंह, चन्द्रशेखर, एच डी देवगौड़ा और इंद्रकुमार गुज़राल के मंत्रिमण्डलों में काम किया। इनके नाम पर लखनऊ में एशिया का सबसे बड़ा सुन्दर पार्क सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मा.अखिलेश यादव द्वारा निर्माण कराया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि जनेश्वर जी को आजाद भारत के विकास की राह समाजवादी सपनों के साथ आगे बढ़ने में दिखी और समाजवादी आंदोलन में इतना पगे कि उन्हें लोग 'छोटे लोहिया' के तौर पर ही जानने लगे। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व एमएलसी अमित यादव उर्फ रिंकू, सपा नेता अनवर अली, सपा के प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा के महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा जिला सचिव संतोष कुमार पाल, सपा नगर विधानसभा महासचिव लल्ला सिंह यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी, सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, सपा लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष उत्पल यादव, सपा युवज़न सभा के जिला अध्यक्ष आकाश यादव, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरैशी,विपिन यादव, अखिलेश यादव, अनूप कुमार वर्मा, सौमित्र यादव, सचिन भोजवाल, खिज़र महबूब खान उर्फ चंदू, मोहम्मद तारिक खान, अनिल दास, तेजपाल यादव, विकास आनंद सक्सेना, सुनील यादव, रिजवान अहमद, सुरजीत यादव, मोहम्मद अली साद, मोहसिन खान, मोहम्मद फैजान,मोहम्मद रमीज, विदेशी यादव, जतिन यादव, तौसीफ हुसैन, सिद्दीक खान इमरान खान असलम खान फराज इदरीसी आदि मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने व्यक्त की संवेदना

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



केन्द्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने अपने शाहजहांपुर प्रवास के दौरान तिलहर के पूर्व ब्लाक प्रमुख शक्ति कुमार सिंह एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य सौरभ सिंह गांधी की माँ के निधन पर एवं कटरा विधान सभा क्षेत्र के पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्यामा सिंह के निधन पर उनके आवास पर जाकर परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना प्रकट की। इस दौरान श्री प्रसाद के साथ कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह एवं तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा एवं मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह साथ थे। श्री प्रसाद ने अपने आवास पर जनसमान्य से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी जनों से भी मुलाकात की। इस अवसर पर प्रमुख रुप से ददरौल विधायक अरविन्द सिंह, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी, सीतापुर के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव, मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र, भूपेन्द्र सिंह, वैभव खन्ना, विजय मोहन मिश्र, प्रशांत कठेरिया, राजीव गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## ऑल सेंट्स स्कूल में बसंत पंचमी पर सांस्कृतिक आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




ऑल सेंट्स स्कूल में वसंत पंचमी का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण, दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यालय परिसर को पीले रंग के फूलों, झंडियों एवं गुब्बारों से भव्य रूप से सजाया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण वसंतमय एवं आनंदमय हो उठा। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पीले वस्त्र धारण कर समूह गीत, नृत्य, कविता पाठ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों ने वसंत पंचमी के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के माध्यम से ज्ञान, विद्या, कला एवं संस्कृति के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और सभी ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या साक्षी रस्तोगी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वसंत पंचमी ज्ञान, बुद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि माँ सरस्वती की कृपा से ही जीवन में सफलता प्राप्त होती है, इसलिए विद्यार्थियों को सदैव अनुशासन, परिश्रम एवं संस्कारों को अपनाना चाहिए। उन्होंने विद्यालय द्वारा कराए जा रहे शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। विद्यालय के डायरेक्टर सचिन बाथम ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों एवं सांस्कृतिक मूल्यों का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक सोच का विकास होता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि एक अच्छा नागरिक बनाना भी है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित व्यापार मंडल के प्रदेश संघटन मंत्री सुरेंद्र सिंह सेठ ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संबोधन दिया। स्टाफ में शुभा, श्रेष्ठी, सृष्टि, इरम, अज़ीम, अश्वनी, प्रिंस, शरद, फरीन, दीपिका, अल्फिया और फलक का योगदान तींकार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण, धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक बताया।

## आरएसएस का विशाल हिंदू सम्मेलन संपन्न

**कांट,शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




कस्बे के रामलीला मैदान में हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति, काँट के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्वयंसेवकों की सहभागिता रही।कार्यक्रम में डॉ. अंबिका प्रसाद आरएसएस के ब्रज प्रान्त के मुख्य बक्ता एवं प्रोफेसर किरण मलिक मेडिकल कॉलेज प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि परशुराम मंदिर के महंत सत्यदेव पांडे ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्मेलन की शोभा बढ़ाई। अतिथियों ने अपने संबोधन में हिंदू समाज की एकता, संस्कृति संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला।सम्मेलन के दौरान धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया, जिससे उपस्थित जनसमूह में उत्साह और जागरूकता देखने को मिली।सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू सनातन धर्म की एकता और संगठन को मजबूत करना था। वक्ताओं ने कहा कि समाज में आपसी सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने जागरूक, संस्कारवान और संगठित समाज बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन अमित भारद्वाज ने किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ददरौल विधायक अरविंद सिंह ब्लाक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला महेश पाल सिंह, भाजपा नेता अखिलेश पाठक, कार्यक्रम के उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, डॉ आनंद प्रकाश, हरजीत चौहान ,विमल बाजपेई, युवा मंडल अध्यक्ष भाजपा राजदीप शर्मा, अरविंद पांडे , सरोज शुक्ला, सरोज मिश्रा, अशोक शर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में भीड़ उपस्थित रही।

### ई रिक्शा पलटने से मान बेटी गंभीर घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** अचानक कार का गेट खुलने पर बचाने के चक्कर में ई रिक्शा मुख्य बाजार में अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके नीचे दबकर मां बेटी घायल हो गई। गंभीर अवस्था में डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नगर के मोहल्ला खलील कटरा निवासी अरुणा देवी अपनी 16 वर्षीय बेटी ऋतु के साथ घरेलू सामान लेने के लिए बुधवार रात करीब पौने आठ बजे बाजार आई थी। सामान लेकर ई रिक्शा से वह घर वापस जा रही थी। इसी दौरान मुख्य बाजार चौराहे पर एक कार का अचानक गेट खोल दिया गया और बचाने के चक्कर में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके नीचे अरुणा और उनकी बेटी रितु दबकर घायल हो गई। लोगों ने उन्हें सीएचसी भिजवाया। जहां ऋतु के पैर टूट जाने के कारण उसे डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की कोतवाली मे तहरीर दी गई है। समाचार भेजे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

### मिशन शक्ति: महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**कलान, शाहजहांपुर।** ब्लॉक परिसर में 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महिला उपनिरीक्षक काजल और प्रशिक्षु महिला आरक्षियों ने महिलाओं व बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान, महिला उपनिरीक्षक ने आपातकालीन स्थितियों में सहायता के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ और उनकी आवेदन प्रक्रिया को भी विस्तार से समझाया गया। महिला उपनिरीक्षक ने बताया कि इन सरकारी योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित महसूस कराने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है।उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी विषम परिस्थितियों में पुलिस हमेशा उनके साथ खड़ी है।


**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र अमन दीक्षित को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। विमलेश पुत्र लल्लन बाबू नि.मो. लोधीपुर थाना रोजा, शाहजहांपुर।


### दिल्ली बस सेवा शुरू होने से कांट वासियों में खुशी

**कांट शाहजहांपुर।** परिवहन निगम की दिल्ली बस सेवा प्रारंभ होने से कुर्रिया कलां सहित दर्जनों गांव के लोगों को दिन में दिल्ली पहुंचने की सुविधा उपलब्ध हो गई है ग्राम प्रधान सुधांशु मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। परिवहन निगम द्वारा कुर्रिया कलां क्षेत्र से दिल्ली के लिए बस सेवा शुरू की है जो प्रातः 9:00 बजे गांव में पहुंचकर दिल्ली के लिए यात्रियों को ले जाएगी। दिन में कोई भी कुर्रिया क्षेत्र से दिल्ली के लिए बस सुविधा नहीं थी यह बस शाहजहांपुर से चलकर चौहानपुर आदि गांव से होकर कुर्रिया कलां से दिल्ली तक बस प्रातः 9:00 बजे कुर्रिया कलां पहुंच जाएगी। बस के संचालित होने से कुर्रिया कलां के दर्जनों गांव के लोगों को दिल्ली जाने की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी बस सुबह साढ़े आठ बजे शाहजहांपुर बस अड्डे से चलकर चांदापुर, सरौरा सरौरी, भरगवां, चौहनापुर, कुर्रिया कलां, कांट, मदनापुर से जैतीपुर होते हुए दिल्ली तक जायेगी।

## दो मादक तस्कर गिरफ्तार, 729 ग्राम अफीम बरामद

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए दो तस्करों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 729 ग्राम फाइन क्वालिटी अफीम बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 2.25 लाख बताई जा रही है। साथ ही दोनों अभियुक्तों से एक-एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी पुवायां के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खुटार के नेतृत्व में की गई। बुधवार को उपनिरीक्षक अनिल कुमार एवं उपनिरीक्षक अंकुर कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था, अपराध रोकथाम एवं संदिग्ध व्यक्ति-वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान गोला जाने वाली जुड़ी सड़क पर एक युवक को संदिग्ध अवस्था में रोककर तलाशी ली गई। पूछताछ में उसने अपना नाम नितिन पुत्र परिमाल, निवासी ग्राम कौरेया मुफरत, थाना फरधान, जनपद लखीमपुर खीरी बताया। उसके कब्जे से 356 ग्राम अफीम बरामद हुई, जिस पर थाना खुटार में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं दूसरी ओर लंगोटी बाबा मंदिर, लालपुर खुटार-मैलानी रोड पर श्रीचन्द पुत्र सुरेन्द्र कुमार, निवासी ग्राम जिझारपुर, थाना मैलानी, जनपद लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया गया। उसकी तलाशी से 373 ग्राम अफीम बरामद हुई। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई जारी है।

## प्रोफेसर कमलेश गौतम की पुस्तक का हुआ विमोचन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एस.एस. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डा. आरके आज़ाद ने वाणिज्य विभाग के प्रो.(डॉ.) कमलेश गौतम एवं अपर्णा त्रिपाठी द्वारा संपादित पुस्तक का विमोचन किया। भौतिकतावादी युग में तनाव प्रबंधन कारण, प्रभाव एवं निवारण शीर्षक से प्रकाशित इस पुस्तक में देश के 44 विद्वानों के लेख एवं शोध-पत्र सम्मिलित किए गए हैं।

343 पृष्ठों की इस पुस्तक की भूमिका केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश, धर्मशाला के मानविकी संकाय के अधिष्ठाता(डीन) डॉ. सुनील कुमार द्वारा लिखी गई है। पुस्तक में तनाव प्रबंधन में शिक्षकों की भूमिका, आधुनिक एवं परंपरागत व्यापार मॉडल्स के माध्यम से तनाव प्रबंधन, वित्तीय साक्षरता का योगदान, शैक्षिक तनाव, रोजगार क्षेत्र का तनाव, कार्य-जीवन तनाव, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन का मनोविज्ञान, उपभोक्ताओं के मनोवैज्ञानिक व्यवहार, कार्य-जीवन संतुलन तथा नेतृत्व में तनाव प्रबंधन जैसे ज्वलंत विषयों पर आलेख सम्मिलित किए गए हैं।

पुस्तक का परिचय देते हुए प्रो. डा. कमलेश गौतम ने कहा कि आज का युग भौतिक उपलब्धियों का युग है, जहाँ सुविधा, प्रतिस्पर्धा और उपभोग जीवन के केंद्र में आ गए हैं। इस अंधी दौड़ में मनुष्य ने बाहरी प्रगति तो की है, किंतु मानसिक संतुलन और आंतरिक शांति निरंतर क्षीण होती जा रही है। यह पुस्तक इसी विडंबना को रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि यह कृति तनाव के सामाजिक, मनोवैज्ञानिक एवं व्यवहारिक कारणों का गहन विश्लेषण प्रस्तुत करती है तथा उनके प्रभावों और निवारण के लिए व्यावहारिक उपाय सुझाती है। उनका विश्वास है कि यह पुस्तक विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधार्थियों एवं समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवन की दिशा में एक सार्थक पहल बनेगी। विमोचन अवसर पर वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. डा. अनुराग अग्रवाल, डॉ. देवेंद्र सिंह, डा. गौरव सक्सेना, डा. विजय तिवारी सहित अनेक शिक्षक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहीं। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने प्रो. डा. कमलेश गौतम को उनकी इस उपलब्धि के लिए आशीर्वाद दिया। प्रबंध समिति के सचिव डा. ए.के मिश्रा ने भी शुभकामनाएँ देते हुए उनकी साहित्यिक यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान किया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत तिलोकपुर वि.क्षे. मदनापुर, शाहजहांपुर**

**कोटेशन टेंडर**

सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत तिलोकपुर वि.ख. मदनापुर शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य कराये जाने हेतु विभिन्न फर्म संपर्क कर सकती है। जिसमें प्रथम श्रेणी ईट, रेता, बजरी, सीमेंट, सरिया, इंटरलाकिंग ईट, मौरंग आदि क्रय की जानी है। जिसकी मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्य का नाम - 1. बुधपाल के घर के पास इंटरलाकिंग से कृष्णदेव के घर तक इंटरलाकिंग कार्य -2. पंकज के घर से अंकित के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य।

प्रधान — दाताराम | सचिव — हसिंका चौहान

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिंकदरपुर कलां वि.क्षे. मदनापुर, शाहजहांपुर**

**कोटेशन टेंडर**

सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिकंदरपुर कलां वि.ख. मदनापुर शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य कराये जाने हेतु विभिन्न फर्म संपर्क कर सकती है। जिसमें प्रथम श्रेणी ईट, रेता, बजरी, सीमेंट, सरिया, इंटरलाकिंग ईट, मौरंग आदि क्रय की जानी है। जिसकी मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्य का नाम -1. ग्राम पंचायत सिकंदरपुर कलां में जागेश्वर सिंह के खेत से सिद्व बाबा की मणि तक मिट्टी व खडंजा कार्य-2. ग्राम पंचायत सिकंदरपुर कलां में सिद्व बाबा के स्थान से ग्राम पंचायत फाजिलपुर के मजरा अमरोली मैन रोड तक इंटरलाकिंग कार्य।

प्रधान | सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत अतिवरा वि.क्षे. मदनापुर, शाहजहांपुर**

**कोटेशन टेंडर**

सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अतिवरा वि.ख. मदनापुर शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य कराये जाने हेतु विभिन्न फर्म संपर्क कर सकती है। जिसमें प्रथम श्रेणी ईट, रेता, बजरी, सीमेंट, सरिया, इंटरलाकिंग ईट, मौरंग आदि क्रय की जानी है। जिसकी मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्य का नाम - 1. उदरापुर में मैन इंटरलाकिंग से विक्कू के मकान तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य, अनु. माप 40/3 मी. अनु. लागत 1.97 लाख -2. उदरापुर में जगपाल के मकान से राजेश के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य अनु. माप 65/4 मी. अनु. लागत 3.96 लाख -3. मैन रोड से महेश के मकान तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य अनु. माप 64/4 अनु. लागत 3.96 लाख -4. शिशुपाल के मकान से रामनरेश के मकान तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य अनु. माप 80/3 अनु. लागत 2.92 लाख-5. उदरापुर में होलिका स्थान से विनोद सिंह के मकान तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण अनु. माप 80/3 अनु. लागत 3.92 लाख।

प्रधान — केतकी सिंह | सचिव — दीपेन्द्र कुमार

**कार्यालय ग्राम पंचायत वरूआ पट्टी सनायक वि.क्षे. मदनापुर, शाहजहांपुर**

**कोटेशन टेंडर**

सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत वरूआ पट्टी सनायक वि.ख. मदनापुर शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य कराये जाने हेतु विभिन्न फर्म संपर्क कर सकती है। जिसमें प्रथम श्रेणी ईट, रेता, बजरी, सीमेंट, सरिया, इंटरलाकिंग ईट, मौरंग आदि क्रय की जानी है। जिसकी मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्य का नाम - 1. ग्राम धिपिया में राजीव के घर तक इंटरलाक व नाली निर्माण -2. ग्राम धिपिया में रमेश के घर से इलियास के मकान तक इंटरलाक व नाली निर्माण -3. ग्राम धिपिया में ओमपाल वाल्मीकि के मकान से तौले के मकान तक इंटरलाक व नाली निर्माण -4. वरूआ पट्टी सनायक में श्रीपाल के मकान से भूरे के मकान तक इंटरलाक व नाली निर्माण 5- नंदरानी के मकान से श्रीपाल के घर तक इंटरलाक व नाली निर्माण 6- ग्राम धिपिया में हरदेव राजा के पास खडंजा से चिम्मू टेलर के मकान तक इंटरलाक व नाली निर्माण 7- विमल के मकान से राममहेश के मकान तक इंटरलाक व नाली निर्माण 8- ग्राम धिपिया में पंचायत घर से रामप्रसाद पाल के घर तक खडंजा निर्माण।

प्रधान — आनंद प्रताप सिंह | सचिव — अजय कुमार | बीडीओ — इन्द्र कुमार शुक्ला

# कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 554/न0पं0 कम्पिल/ 2025-26 दिनांक 22/01/2026

## फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन के लिए राज्य मॉडल उपविधि नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार

## अधिसूचना

### शहर का नाम कम्पिल (दिनांक 22.01.2026) वर्ष 2025-26

उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नगर पंचायत कम्पिल द्वारा नगर पंचायत कम्पिल, जनपद फर्रुखाबाद की सीमा में घर/भवन/प्रतिष्ठान में ऑनसाइट सेनिटेशन सिस्टम (सेप्टिक/टैंक/पिट/सोख्ता) के संग्रहण, ढुलाई और उससे जुड़े मामलों के लिए निम्नलिखित उपविधि नियमावली 2025 प्रस्तावित करती है। उपरोक्त नियमावली की धारा 301 के अन्तर्गत प्रकाशन के पश्चात् उसके किसी बिन्दु या सभी बिन्दुओ पर किसी व्यक्ति/समूह आपत्ति हो या सुझाव तो अपनी लिखित आपत्ति/सुझाव नगर पंचायत कम्पिल के कार्यालय में प्रकाशन तिथि के 15 दिन के अन्दर प्राप्त करा सकता है। जिसका नियमानुसार निस्तारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया जायेगा परन्तु 15 दिन के बाद प्राप्त आपत्तियों व सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। नगर पंचायत कम्पिल प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों के निस्तारण के उपरान्त प्रस्तावित घर/भवन/प्रतिष्ठान में ऑन साइट सेनीटेशन सिस्टम (सेप्टिक टैंक/पिट/सोख्ता) के संग्रहण, ढुलाई और उससे जुड़े मामलों के लिये उपविधि नियमावली 2025 उत्तर प्रदेश राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

**प्राधिकारः** ये उपविधि निम्नलिखित प्रावधानों को लागू करने वाला सक्षम ढांचा है

(क) उत्तर प्रदेश राज्य सेप्टेज प्रबंधन नीति, 2019
(ख) फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन की राष्ट्रीय नीति, 2017
(ग) सी पी एच ई ई ओ मैनुअल ऑन सीवरेज और फीकल कार्य स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन 2013
(घ) मॉडल निर्माण उपविधि, 2016 तथा अन्य लागू भवन उपविधि
(ङ) प्रोहिबिशन ऑफएम्प्लॉयमेंट ऐज मैनुअल स्कैवेंजर्स एंड देयर रिहेबिलिटेशन एक्ट 2013
(च) आईएस कोड 2470 भाग I और II 1985 (1996 रीअफर्मड)-सेप्टिक टैंक संस्थापित करने के लिए कार्य व्यवहार संहिता
(छ) केंद्रीय कानून, नियम और विनियमन पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986
(ज) जल (प्रदूषण पर रोक और नियंत्रण) अधिनियम, 1974
(झ) उत्तर प्रदेश के राजकीय कानून जैसे जल और स्वच्छता संबंधी, जैसे कि यू.पी. जल, आपूर्ति एवं सीवरेज अधिनियम, 1975, उत्तर प्रदेश जल संस्थान जलापूर्ति एवं सीवरेज उपविधि, 2008, तथा अन्य कोई प्रासंगिक राजकीय कानून।

**क्षेत्र (स्कोप)**

ये उपविधि नगर पंचायत कम्पिल की प्रशासनिक सीमा के भीतर फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन में संलग्न सभी हित धारकों पर लागू होते है, जिसमे सेप्टिक टैंक वाले घरों के मालिक एवं उपयोगकर्ता, सेप्टिक टैंक सफाई ऑपरेटर तथा निकाय के उपचार और निस्तारण में संलग्न जवाब देह एजेंसियां शामिल है। यह उपविधि सभी सार्वजनिक, निजी, आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत, प्रस्तावित, नियोजित या निकाय नगर पंचायत कम्पिल के भवनों पर लागू होगा।

अध्याय - I
उपरोक्त नियमावली के निम्न अध्याय है-
1. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबन्धन के मुख्य शीर्षक,
अध्याय- I
1. अपशिष्ट जल का प्रबंधन और निस्तारण
अध्याय- III
1. ऑनसाइट स्वच्छता प्रणालियाँ
अध्याय VI
1. फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रहण और ढुलाई के लिए लाइसेंस और पंजीकरण
अध्याय V
1. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी/दुलाई का शुल्क
अध्याय VI
1. फीकल स्लज एवं सेप्टेज का उपचार और पुन उपयोग/निस्तारण
अध्याय VII
प्रशासन और प्रवर्तन
प्रशासन और प्रवर्तन
परिशिष्ट-2
नगर पंचायत कम्पिल में फीकल स्लज निकासी और सेप्टेज की ढुलाई सेवा के लिए उपयोगकर्ता शुल्क (यूजर फीस) की सूची (अनुमानित)

| क्र0सं0 | श्रेणी | रु0 में शुल्क की सीमा (प्रतिट्रिप 3000 लीटर तक) |
|---|---|---|
| 1 | कच्चा घर/झोंपड़ी | 800.00 |
| 2 | टिन शेड प्रकार का घर | 1000.00 |
| 3 | सभी अन्य घर (पक्काघर) | 1500.00 |
| 4 | दुकान | 1500.00 |
| 5 | सभी सरकारी/निजी कार्यालय | 1500.00 |
| 6 | बैंक | 2000.00 |
| 7 | सामुदायिक शौचालय/सार्वजनिक शौचालय | 500.00 |
| 8 | रेस्टोरेंट | 1500.00 |
| 9 | होटल/गेस्ट हाउस (01 से 10 कमरे) | 1500.00 |
| 10 | होटल/गेस्ट हाउस (11 से 20 कमरे) | 1500.00 |
| 11 | होटल/गेस्ट हाउस (20 से अधिक कमरे) | 2000.00 |
| 12 | धर्मशाला (1 से 25 कमरे) | 1500.00 |
| 13 | धर्मशाला (25 से अधिक कमरे) | 1800.00 |
| 14 | 3-स्टार होटल | 1500.00 |
| 15 | 5-स्टार होटल | 2000.00 |
| 16 | सरकारी स्कूल/कॉलेज (1000 छात्र तक) | 1000.00 |
| 17 | सरकारी स्कूल/कॉलेज (1000 से अधिक छात्र) | 1200.00 |
| 18 | निजी स्कूल/कॉलेज (1000 छात्र तक) | 1200.00 |
| 19 | निजी स्कूल/कॉलेज (1000 छात्र तक) | 1500.00 |
| 20 | 2-व्हीलर वाहन शोरूम (बिना सर्विस सेंटर) | 1500.00 |
| 21 | 2-व्हीलर वाहन शोरूम (सर्विस सेंटर के साथ) | 2000.00 |
| 22 | 4-व्हीलर वाहन शोरूम (बिना सर्विस सेंटर) | 1500.00 |
| 23 | 4-व्हीलर वाहन शोरूम (सर्विस सेंटर के साथ) | 1500.00 |
| 24 | मल्टीप्लेक्स | 1500.00 |
| 25 | छात्रावास (01 से 10 कमरे) | 1500.00 |
| 26 | छात्रावास (11 से 20 कमरे) | 1500.00 |
| 27 | छात्रावास (21 से 50 कमरे) | 2000.00 |
| 28 | छात्रावास (50 से अधिक कमरे) | 2500.00 |
| 29 | विवाह हॉल/बैंक्वेट हॉल | 2000.00 |
| 30 | बार | 2000.00 |
| 31 | सरकारी अस्पताल (20 बेड तक) | 2000.00 |
| 32 | सरकारी अस्पताल (20 से अधिक बेड) | 2500.00 |
| 33 | नर्सिंग होम/क्लीनिक (20 बेड तक) | 1500.00 |
| 34 | नर्सिंग होम/क्लीनिक (20 बेड बेड) | 1500.00 |
| 35 | पैथलॉजिकल लैब | 1500.00 |
| 36 | निजी अस्पताल (20 बिस्तर तक) | 1500.00 |
| 37 | निजी अस्पताल (21-50 बिस्तर तक) | 1800.00 |
| 38 | निजी अस्पताल (50 बिस्तर तक) | 2000.00 |
| 39 | राइस मिल/अन्य मिल | 2000.00 |
| 40 | क्षेत्र में कोई भी उद्योग | 2000.00 |
| 41 | क्षेत्र से बाहर कोई भी उद्योग | 2500.00 |

नोटः 1. उपयोगकर्ता शुल्क (यूजर फीस) की इन सीमाओं में निकाय द्वारा समय-समय पर संशोधन किया जा सकता है।
2. उपरोक्त श्रेणियों प्रति 3000 लीटर फीकल स्लज एवं सेप्टेज सेप्टेज की निकासी पर, आधारित है। रेज की ऊपरी सीमा पर विचार करना चाहिए जब अन्य कचरे (पॉलीबैग की उच्च संख्या, निस्तारण किए गए कपड़े, सैनिटरी पैड, डायपर, कंडोम, प्लास्टिक की बोतलें, अन्य कचरे) को भी व्यापक तरीके से डाला गया हो।
3. अन्य विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय समय कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल में आकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**(अवनीश कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कम्पिल**
**फर्रुखाबाद।**

**(राजवती यादव)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कम्पिल**
**फर्रुखाबाद।**

# शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव : केशव

- डिप्टी सीएम ने अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में मेधावियों को किया सम्मानित
- प्रधानमंत्री के महिला उत्थान हेतु किये जा रहे प्रयासों को सराहा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज आजमगढ़ पहुंचे।वे हरिऔध कला भवन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में सम्मिलित हुए। यह कार्यक्रम ब्रम्हर्षि स्वामी सहजानन्द सरस्वती सेवा न्यास एवं महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान मे किया गया।

विश्वविद्यालय की छात्राओं ने उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर श्री मौर्य ने शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभावान शिक्षकों और विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया।

उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र के निर्माण की सबसे मजबूत नींव है।

उप मुख्यमंत्री ने भगवान श्री राम के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राम जी का जीवन हमें त्याग, सेवा और



सुशासन यानि रामराज्य की प्रेरणा देता है। उन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण में सांस्कृतिक मूल्यों की महत्ता पर जोर दिया और बताया कि किस तरह भगवान राम के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। देश के सर्वांगीण विकास और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का गौरव वैश्विक स्तर पर बढ़ा है। गरीबों, वंचितों, युवाओं के उत्थान के लिए जो कार्य किए गए हैं, वे ऐतिहासिक हैं।

सरकार की नीतियां जनकल्याण के संकल्प को सिद्ध कर रही हैं।इस अवसर पर कश्मीरी लाल अखिल भारतीय संगठन, स्वदेश जागरण मंच, स्वामी अनंतानंद सरस्वती, राजगुरू मठ पीठाधीश्वर काशी, डा सुनील डबास पद्म श्री, सहजानंद राय, प्रो राजकुमार मित्तल, कुलपति बीबीएयू लखनऊ, प्रो संजीव कुमार, कुलपति मसुरावि आजमगढ, डा ओमकार राय जन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# यूपी की 14 लखपति दीदियों को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

- विशिष्ट अतिथि के रूप गणतंत्र दिवस परेड में होंगी शामिल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

नई दिल्ली में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में उत्तर प्रदेश की 14 लखपति दीदियों को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नारी शक्ति आज आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। गांव की बेटियां और बहुएं श्लखपति दीदीश् बनकर न केवल अपने परिवार बल्कि समाज और अर्थव्यवस्था को भी सशक्त कर रही हैं। यह सम्मान प्रदेश की करोड़ों महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। केशव मौर्य ने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के लिए चयनित 14 लखपति दीदियों को 23 जनवरी को उनके कैंप कार्यालय, 7 कालिदास मार्ग, लखनऊ से दिल्ली के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यात्रा, ठहराव और वापसी से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने खेती, डेयरी, ई-रिक्शा संचालन, कैफे, मसाला निर्माण, सौंदर्य प्रसाधन, गो-आधारित उत्पाद और लघु उद्योगों के जरिए अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की निदेशक श्रीमती दीप रंजन के अनुसार चयनित लखपति दीदियों में गोरखपुर की मन्शा देवी और राजकुमारी देवी, झांसी की प्रवेश कुमारी, बिजनौर की रितु देवी और सुमन देवी, कौशाम्बी की सरिता देवी, अलीगढ़ की ऋतु शर्मा, चित्रकूट की निर्मला देवी, इटावा की मन्त्रवती शाक्य और विजेता गोयल, सम्भल की अनुपमा सिंह और मोनिका, रायबरेली की गुड़िया देवी तथा देवरिया की आशा शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री ने सभी चयनित लखपति दीदियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश की ग्रामीण महिलाओं की मेहनत, आत्मविश्वास और उद्यमशीलता का जीवंत उदाहरण

## गणतंत्र दिवस से पहले रिहर्सल, विधान भवन के सामने से निकले टैंक व बख्तरबंद गाड़ियां

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में विधान भवन के सामने से सेना के टैंक और बख्तरबंद गाड़ियां निकलीं तो हर कोई ठहर गया। गुजर रहे लोग सारे काम भूलकर वहीं खड़े हो गए। सबने मोबाइल फोन निकालकर इस पल को कैद कर लिया। दरअसल, सोमवार को होने वाले गणतंत्र दिवस परेड समारोह की गुरुवार को रिहर्सल की गई। ये टैक और बख्तरबंद गाड़ियां उसी परेड के रिहर्सल का हिस्सा थे। रिहर्सल के दौरान आई एक एम्बुलेंस को परेड के बीच से निकाला गया। पहली रिहर्सल के दौरान गुरुवार को सैनिक, अर्धसैनिक बलों ने भी परेड की। इसके अलावा स्काउट-गाइड ने भी मार्च-पास्ट किया। रिहर्सल और समारोह के चलते विधानसभा, हजरतगंज, चारबाग और केडी सिंह बाबू स्टेडियम क्षेत्र में व्यापक ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया गया है। पूरे क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। 24 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल की जाएगी।

## मोटोरोला ने सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन पर रोमांचक रिपब्लिक डे ऑफर्स की करी घोषणा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोबाइल फोन इनोवेशन में दुनिया की प्रमुख कंपनी और भारत के मशहूर एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने गुरुवार को अपने सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन्स पर रोमांचक रिपब्लिक डे ऑफर्स की घोषणा की है। इन ऑफर्स के तहत, उपभोक्ताओं को अविश्वसनीय कीमतों में ढेरों फीचर्स से लैस 5जी डिवाइस में अपग्रेड करने का एक अनूठा अवसर मिलेगा। ये ऑफर्स गुरुवार से शुरू हो रही फ्लिपकार्ट रिपब्लिक डे सेल के दौरान उपलब्ध होंगे। रिपब्लिक डे सेल के तहत, मोटोरोला अपने पोर्टफोलियो से सबसे अधिक फीचर वाले स्मार्टफोन आकर्षक कीमतों पर पेश करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है, जिससे उपभोक्ताओं को बेजोड़ मूल्य मिल सके। ऐसे समय में जब पूरे उद्योग में स्मार्टफोन की कीमतों में वृद्धि देखी गई है, मोटोरोला ने अपनी पूरी रेंज में शानदार कीमतों में पैसा वसूल उत्पाद देना जारी रखा है।

## दोस्ती की लिखावट

निःसंदेह डिजिटल दौर के नशे में डूबी पीढ़ी वास्तविक रिश्तों से दूर होती जा रही है। वहीं दूसरी ओर छात्रों की लिखने की आदत भी छूटती जा रही है। लेखन हमारी मौलिक व सार्थक अभिव्यक्ति है और सेहत से भी जुड़ा है। पुरानी कहावत है जिसके बहुत सारे दोस्त होते हैं उसका कोई दोस्त नहीं होता। कमोबेश मौजूदा दौर में हकीकत यही है कि जिनके सोशल मीडिया में हजारों-लाखों मित्र व फॉलोवर होते हैं वे निजी जीवन में नितांत एकाकी होते हैं। यह घातक प्रवृत्ति बच्चों में भी तेजी से घर कर रही है। लेखन में हमारी उंगलियों के पोर इस्तेमाल होते हैं, जिनके सिरे हमारे विभिन्न अंगों के स्वास्थ्य से गहरे तक जुड़े रहते हैं। कलम या पेन से लेखन हमारे बौद्धिक विकास में भी सहायक होता है। लेकिन आज मोबाइल व कंप्यूटर, लेपटॉप व टैबलेट के दौर में बच्चे लेखन से दूर होकर खुद को बेहतर ढंग से अभिव्यक्त नहीं कर पाते। इस संकट को महसूस करते हुए सीबीएसई ने छात्रों को मित्रों से जुड़ाव व उनकी लेखन कला को निखारने के लिए अभिनव पहल की है। बोर्ड ने डाक विभाग के साथ मिलकर यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन 'इंटरनेशनल लेटर राइटिंग कंपीटिशन-2026' आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम आने वाले छात्र को पचास हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही विजेता को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका भी दिया जाएगा। छात्रों को जो पत्र लिखने का विषय दिया गया है वह मौजूदा हालात में बेहद रोचक व उपयोगी है। छात्र को अपने दोस्त को पत्र लिखना है कि मौजूदा डिजिटल दौर में लोगों का आपसी जुड़ाव व बातचीत क्यों जरूरी है। दरअसल, इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की सोच को विस्तार देना और उनकी लेखन कला को निखारना है। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता को जीतने वाले प्रतिभागी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतने पर छात्र को स्विट्जरलैंड के बर्न स्थित यूपीए हेड क्वार्टर का दौरा करने का अवसर मिल सकता है। इस प्रतियोगिता के प्रतिभागी नौ से पंद्रह साल के ही होने चाहिए। वे अपनी एंट्री अंग्रेजी व हिंदी में भी दे सकते हैं। प्रतिभागी अपने स्कूल के माध्यम से ही इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। निश्चित रूप से बच्चों में लिखने की घटती प्रवृत्ति के दौर में यह एक रचनात्मक प्रयास है। दरअसल, लगातार सोशल मीडिया स्क्रॉल करते बच्चे न केवल रचनात्मक लेखन से वंचित हो रहे हैं, बल्कि अपने दोस्तों से भी कटते जा रहे हैं, जिसका असर उनकी याददाश्त व सृजन क्षमता पर भी पड़ रहा है। एक समय था बच्चे डायरी लेखन व स्कूलों में कविता व लेख लिखने को खासे उत्सुक होते थे। दोस्तों के साथ खेल के मैदान और घर पर खेलना उन्हें शारीरिक व मानसिक स्तर पर स्वस्थ रखता था। लेकिन आज बच्चे ऑनलाइन खेलों में इतने मस्त हो जाते हैं कि उन्हें अपने असली दोस्तों का ख्याल ही नहीं रहता। वे जीवन की वास्तविक चुनौतियों से दूर होते जा रहे हैं। इतना ही नहीं, आज शारीरिक सक्रियता के अभाव के कारण बच्चे छोटी उम्र में ही वयस्कों जैसे रोगों के शिकार होते जा रहे हैं। ये रोग शारीरिक भी हैं और मानसिक भी हैं। छात्र अपना बचपन स्वाभाविक रूप से नहीं जी पा रहे हैं। सही मायनों में वे समय से पहले वयस्क होते जा रहे हैं। एक समय बच्चों की लेखन क्षमता पर विशेष ध्यान दिया जाता था। परीक्षा में बाकायदा सुंदर लेखन के अतिरिक्त अंक दिए जाते हैं। लेकिन आज बच्चे इंटरनेट पर उपलब्ध शॉर्टकट के जरिये हर परीक्षा पास करना चाहते हैं। कट-पेस्ट संस्कृति ने उनकी मौलिक सोच व सृजनात्मकता को ग्रहण लगा दिया। अक्सर छात्र प्रतियोगात्मक परीक्षाओं व लेखन प्रतिस्पर्धाओं में ऑनलाइन माध्यमों व इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री को हेर-फेर के साथ प्रस्तुत करते देखे जा रहे हैं, जो उन्हें व्यावहारिक जीवन की प्रतिस्पर्धा में कमजोर बनाता है। ऐसे में सीबीएसई व पोस्टल विभाग की पहल अनुकरणीय व प्रशंसनीय है।

# पर हे भारत! बचके रहना जयचंदी मक्कारों से

*अरविंद कांत त्रिपाठी*

**राष्ट्रीय सुरक्षा के बेहद अहम मुद्दों (एनआरसी/सीएए/एसआईआर) को सूली पर टांगा जा रहा है। भारतीय संवैधानिक संस्थाओं (ईडी, सीबीआई, चुनाव आयोग आदि) के प्रति अविश्वास पैदा करने की खतरनाक कोशिश हो रही है। भारत में सिख तथा मुस्लिम समाज की आजादी खतरे में है, ऐसी अवधारणा बनाने के लिए विदेशों में प्रेस वार्ता आयोजित की जा रही हैं। सबसे ऊपर, भारत में गृहयुद्ध के लिए सड़कों पर जेन-जी को उतरने को उकसाना है। इसके अलावा भारत तेरे टुकड़े होंगे वाले नारेबाजों के समर्थन में कांग्रेस व कम्युनिस्ट पार्टी के बड़े नेताओं का जेएनयू में उपस्थित होना, नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों के 56 जवानों की हत्या पर जेएनयू में आयोजित उत्सव पर विपक्षी दलों की खामोशी, डोकलाम और गलवान झड़प में भारतीय सेना की अदम्य बहादुरी पर गर्व करने की जगह ऐसी बातें करना जिससे चीन का पक्षपोषण होता हो, उसी समय रात के अंधियारे में कांग्रेस के बड़े नेता का चीनी राजदूत से गुपचुप मिलना, बालाकोट एयर स्ट्राइक के समय सेना पर भरोसा न करके सबूत मांगना, अपने सैन्य जनरलों के बयानों को दरकिनार कर युद्ध विराम पर ट्रंप के बयानों को प्रचारित करना, आपरेशन सिंदूर में भारत के कितने फाइटर गिरे? जैसा उल्टा सवाल पूछकर भारतीय सेना के मनोबल को तोड़ने की कोशिश, डोनाल्ड ट्रंप के दिवालिएपन का अनुसरण करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी बता कर देश को हताश करने का प्रयास आदि चित्त-भ्रम की ऐसी अवस्था है जिसमें विपक्ष, मोदी विरोध और राष्ट्र विरोध के बीच अंतर कर पाने में असमर्थ दिखने लगा है। विपक्ष की ऐसी कारगुजारियां विदेशी ताकतों (अमेरिका, चीन, टर्की, पाकिस्तान आदि) के मनोनुकूल है। तभी तो भारतीय नेताओं और अन्य भारतीयों के असहज बयान पाकिस्तानी टीवी पर दिन-रात प्रसारित किए जाते हैं।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अनिश्चित व्यवहार से पूरा विश्व असुरक्षा की आशंकाओं बीच गुजर रहा है। कहीं एक-दूसरे का वजूद मिटा देने वाला युद्ध है, कहीं सरकारों के तख्ता पलट करवाने का क्रम, तो कहीं दादागिरी के बल पर किसी राष्ट्राध्यक्ष का अपहरण। नाटो और यूरोपीय संघ की पुरानी वचनबद्ध मित्रता को भी दरकिनार करते हुए ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की जिद भी है। जो अपने स्वार्थ के लिए नाटो और यूरोपीय संघ जैसे अपने विश्वास पात्रों से भी घात करने को तैयार है, दूसरों के साथ वह कितना वफादार होगा? इसे समझना कठिन नहीं है। संयुक्त राष्ट्र संघ का लगभग अपाहिज स्थिति में पहुंच जाना सबसे अधिक चिंताजनक है क्योंकि इसकी स्थापना, विश्व की सबसे बड़ी ताकत के रूप में विश्व शांति सुनिश्चित करने के लिए हुई थी।

अमेरिकी प्रभाव से मुक्त, अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप शासन करने वाले देश और नेता अमेरिका को बर्दास्त नहीं। वियतनाम, क्यूबा, इराक, अफगानिस्तान एवं सीरिया आदि देशों का हस्र दुनिया देख चुकी है। अब नेपाल, बांग्लादेश के बाद ईरान में गृहयुद्ध करवाकर, वहां तख्ता पलट करवाना या करवाने की कोशिश, फिर गृहयुद्ध में तबाह हो चुके देश को पुनर्निर्माण के नाम पर अपने झंडे के नीचे लाने की महत्वाकांक्षा जारी है।

भारत में भी ऊपर से सब ठीक है। लेकिन तहखाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विरोध की सोच यहां तक पहुंच चुकी है कि अगर देश में आग लगाकर या देश को तोड़कर भी मोदी को हटाया जा सके, तो हटाया जाना चाहिए। वैश्विक और आंतरिक राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक शक्तियां इस सोच की झंडाबरदार हैं।... वैश्विक शक्तियां तेजी से बढ़ रही भारत की ताकत से बेचैन हैं तो वहीं, अपने से दूर हो चुके दिल्ली सिंहासन के कारण बौखलाई आंतरिक राजनीति मोदी विरोध से आगे जाकर घोर ईर्ष्या और नफरत तक पहुंच चुकी है।

प्रधानमंत्री को नीच, घटिया, खून का दलाल आदि कहना, उनको मां की गाली देना, उनके मृत्यु की कामना और उनकी कब्र खोदने का नारा ; खतरे तक पहुंच चुकी ईर्ष्या और दुर्भावना का सबूत तो है ही, साथ ही यह सब प्रजातंत्र में भाषाई-मर्यादा की अंत्येष्टि का भी दृश्य है।

विदेशी ताकतों के लिए देश में आग लगाने को जातीय, धार्मिक, सांप्रदायिक, क्षेत्रीय और भाषाई मुद्दे पहले से विद्यमान हैं। तो वहीं देश से घात करने वाली जयचंद और मीरजाफरी नस्लें भी मौजूद हैं। इस फेहरिस्त में - सम्प्रदाय विशेष के बारे में विषैला बयान देने वाले सत्ताधारी नेता, राष्ट्रीय भावनाओं के विपरीत कार्य करने वाला कांग्रेसी नेतृत्व, चीनी पक्षकार के रूप में सक्रिय कम्युनिस्टी कामरेड, घुसपैठियों से हमदर्द वाली तुच्छ सियासत, भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए मजमा लगाने वाले कथित धर्मगुरु और धर्म को राष्ट्र से ऊपर बताकर मुस्लिम युवाओं के मन में जहर भरने वाले मौलाना लोग - शामिल हैं।...

फिलहाल बहुसंख्य जनता के मन में भारत बसने, कानून-व्यवस्था के अपेक्षाकृत सख्त होने और प्रशासन की मुस्तैदी से देश में हालात बांग्लादेश, नेपाल और ईरान जैसे नहीं हो पा रहे हैं। अन्यथा भारत को श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश बनाने का ऐलान, इसके लिए जेन-जी से सड़क पर उतरने की अपील, चिकन नेक को काटकर पूर्वोत्तर राज्यों को भारत से अलग करने की मंशा आदि का खुलेआम इजहार तो हो रहा ही है।




राष्ट्रीय सुरक्षा के बेहद अहम मुद्दों (एनआरसी/सीएए/एसआईआर) को सूली पर टांगा जा रहा है। भारतीय संवैधानिक संस्थाओं (ईडी, सीबीआई, चुनाव आयोग आदि) के प्रति अविश्वास पैदा करने की खतरनाक कोशिश हो रही है। भारत में सिख तथा मुस्लिम समाज की आजादी खतरे में है, ऐसी अवधारणा बनाने के लिए विदेशों में प्रेस वार्ता आयोजित की जा रही हैं।

सबसे ऊपर, भारत में गृहयुद्ध के लिए सड़कों पर जेन-जी को उतरने को उकसाना है। इसके अलावा भारत तेरे टुकड़े होंगे वाले नारेबाजों के समर्थन में कांग्रेस व कम्युनिस्ट पार्टी के बड़े नेताओं का जेएनयू में उपस्थित होना, नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों के 56 जवानों की हत्या पर जेएनयू में आयोजित उत्सव पर विपक्षी दलों की खामोशी, डोकलाम और गलवान झड़प में भारतीय सेना की अदम्य बहादुरी पर गर्व करने की जगह ऐसी बातें करना जिससे चीन का पक्षपोषण होता हो, उसी समय रात के अंधियारे में कांग्रेस के बड़े नेता का चीनी राजदूत से गुपचुप मिलना, बालाकोट एयर स्ट्राइक के समय सेना पर भरोसा न करके सबूत मांगना, अपने सैन्य जनरलों के बयानों को दरकिनार कर युद्ध विराम पर ट्रंप के बयानों को प्रचारित करना, आपरेशन सिंदूर में भारत के कितने फाइटर गिरे? जैसा उल्टा सवाल पूछकर भारतीय सेना के मनोबल को तोड़ने की कोशिश, डोनाल्ड ट्रंप के दिवालिएपन का अनुसरण करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी बता कर देश को हताश करने का प्रयास आदि चित्त-भ्रम की ऐसी अवस्था है जिसमें विपक्ष, मोदी विरोध और राष्ट्र विरोध के बीच अंतर कर पाने में असमर्थ दिखने लगा है। विपक्ष की ऐसी कारगुजारियां विदेशी ताकतों (अमेरिका, चीन, टर्की, पाकिस्तान आदि) के मनोनुकूल है। तभी तो भारतीय नेताओं और अन्य भारतीयों के असहज बयान पाकिस्तानी टीवी पर दिन-रात प्रसारित किए जाते हैं।

तीसरे कार्यकाल में भी प्रधानमंत्री के उसी वजन, उसी कद, उसी सक्रियता और लोकप्रियता से जब विश्व शक्तियां (अमेरिका, चीन आदि) डाह में हैं तो देश के अंदर मोदी विरोधियों के संताप (जलन) को समझना कठिन नहीं है। मोदी सरकार को हटाने की हर कोशिश के बाद भी जनता ने तीसरी बार नरेंद्र मोदी के हाथों में राष्ट्र की कमान को सौंपा है। ऐसा इसलिए कि भारतीय जनता भोली और भावुक अवश्य है लेकिन निर्बुद्ध नहीं। वह व्यक्ति के आचरण की मर्यादा और चरित्र की संपदा को अपने हृदय की कसौटियों पर कसने के बाद ही उसे अपना नायक घोषित कर उसके हाथों में अपना सारा भविष्य सौंपती है।

इस सच्चाई का आंकलन करने की जगह अनाप-शनाप बकना आत्मघाती है। ऐसी स्थिति में आत्मसंयम और आत्मनिरीक्षण बेहद आवश्यक है अन्यथा यह स्थिति विक्षिप्तावस्था तक ले जाती है। जो पूर्ण पतन और नाश (अंत) का कारण भी हो सकता है।

ध्यान रहे, भारत में मतदाताओं की वह भारी भरकम जनसंख्या भी है, जिसके हृदय में कोई पार्टी नहीं, केवल राष्ट्र बसता है। यह जनसंख्या राष्ट्र विरोधी लगने वाली हर सियासत को नामंजूर करते हुए मोदी के पक्ष में मतदान करती है। मोदी के पक्ष में हिलोरा लेते इसी भारी मतदान को राजनीति की भाषा में लहर कहा जाता है और जनता का समर्थन पाने में असफल विपक्ष इस स्थिति को वोट चोरी का नाम देकर अपने बौनेपन को छिपाने की कोशिश करता है। वोट चोरी का यही यथार्थ है।

लगभग एक दशक पहले तक अपनी सकारात्मक सोच और रचनात्मक कार्यों से जनमत तैयार करते हुए सत्ता परिवर्तित करने की स्वस्थ परम्परा थी। उसी परम्परा को कायम रखना जरूरी है।... मोदी सरकार को हटाने का उद्देश्य गलत नहीं हो सकता लेकिन जब यह उद्देश्य विदेशी शक्तियों का भी हो और उसमें किसी भी तरह हटाने का तत्व जुड़ जाए तो वह, प्रजातंत्र और राष्ट्र दोनों की हिफाजत के लिए खतरनाक है।

एक आम भारतीय (हिंदू, मुसलमान, ईसाई आदि) को बेनजुएला, चीन, टर्की, पाकिस्तान, अमेरिका, नाटो, यूएनओ और ट्रंप की सनक से खास मतलब नहीं। कौतूहलवश वह इन मुद्दों पर आपस में गाल बजाकर अपनी रोजी-रोटी में लग जाता है। उसके दिल में सुरक्षित भारत की कामना। इस कामना पूर्ति के लिए हर भारतीय को हर समय जागरूक रहना पड़ेगा क्योंकि शासन की कोई भी पद्धति हो संपूर्ण शक्ति हमेशा जनता में ही बसती है। नायक कितना ही योग्य क्यों न हो, अपने पीछे जनशक्ति के बिना वह शून्य हो जाता है। विश्व के अनेक देशों के हालात सामने हैं। इसलिए

सपूत मातृभूमि के - रुको न शूर साहसी!
प्रवीर हो, जयी बनो - बढ़े चलो, बढ़े चलो
(जयशंकर प्रसाद)।

*लेखक मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।*

विचार

# सेवानिवृत्ति पर सुनीता विलियम्स का बड़ा संदेश

भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स इन दिनों भारत दौरे पर हैं। 22 से 25 जनवरी तक चलने वाले केरल साहित्य महोत्सव में शामिल होने के लिए सुनीता देश आई हुई हैं। 20 जनवरी को सुनीता विलियम्स ने दिल्ली के अमेरिकन सेंटर में आंखें सितारों पर, पैर जमीं पर सेमिनार में हिस्सा लिया, इस दौरान उन्होंने एक अहम बात कही कि इस समय दुनिया में अंतरिक्ष को लेकर एक तरह की होड़ चल रही है। कई देश चांद और अंतरिक्ष में आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं।

लक्ष्य सिर्फ पहले पहुंचना नहीं है, बल्कि यह है कि इंसान सुरक्षित, टिकाऊ और लंबे समय तक रहने लायक तरीके से चांद पर जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यह काम सबके फायदे, सहयोग और पारदर्शिता के साथ, लोकतांत्रिक तरीके से किया जाना चाहिए, ताकि किसी एक देश का दबदबा न हो और पूरी मानवता को इसका लाभ मिले। एक अनुभवी अंतरिक्ष यात्री के तौर पर सुनीता विलियम्स की यह बात उन तमाम सरकारों और अंतरिक्ष को अपने कारोबार का हिस्सा बनाने वाले धनपशुओं को सुननी चाहिए, जिनके लिए अंतरिक्ष भी धन कमाने और दुनिया पर दबदबा बनाने का जरिया बन गया है। जबकि शोध और अनुसंधान के नाम पर इस ब्रह्मांड से खिलवाड़ का हक उन्हें नहीं है।

सुनीता विलियम्स का यह दौरा भारत के लिए खुशी का अवसर है। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियां समूची मानवता को गौरवान्वित करने वाली हैं ही, देश इस बात पर और गर्व कर सकता है कि सुनीता विलियम्स की जड़ें भारत से जुड़ी हैं। खास बात ये है कि सुनीता विलियम्स ऐसे वक्त भारत आई हैं, जब नासा से उनकी सेवानिवृत्त होने की सूचना आई है। अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा में 27 साल की सेवाएं देने के बाद 27 दिसंबर, 2025 को सुनीता विलियम्स सेवानिवृत्त हुई हैं। उनका अंतिम मिशन मार्च 2025 में पृथ्वी पर लौटने के साथ पूरा हुआ। इसके बाद उन्होंने यह फैसला लिया कि अब नयी पीढ़ी के अंतरिक्ष यात्रियों के लिए रास्ता खोलने का समय आ गया है। सुनीता का कहना है कि अंतरिक्ष उनका सबसे पसंदीदा स्थान्य रहा है, लेकिन अब चांद और मंगल की ओर बढ़ते मानव मिशनों में उनकी भूमिका एक प्रेरणा के रूप में रहेगी। एक अंतरिक्ष यात्री के तौर पर सुनीता विलियम्स का जीवन साहस, भरोसे और वैज्ञानिक समर्पण की मिसाल है। उनका रिटायरमेंट किसी डर का नतीजा नहीं, बल्कि एक गौरवशाली अध्याय के सम्मानजनक समापन की कहानी है। यहां डर की बात इसलिए कही गई है क्योंकि डेढ़ साल पहले जून 2024 में जब महज 8 दिनों के मिशन पर सुनीता बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष के लिए रवाना हुई तो 8 दिन करीब 9 महीनों तक खिंच गए। लेकिन धरती के पार अंतरिक्ष में बैठी सुनीता विलियम्स ने अद्भुत हिम्मत के साथ इस मिशन को भी पूरा किया।

यह स्टारलाइनर का पहला क्रू मिशन था और इसे एक टेस्ट फ्लाइट के तौर पर देखा जा रहा था, लेकिन तकनीकी खराबियों के चलते मिशन तय समय पर पूरा नहीं हो सका। हालात ऐसे बने कि स्टारलाइनर बिना क्रू के वापस लौट आया और सुनीता विलियम्स को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर ही रुकना पड़ा। इस दौरान सोशल मीडिया और कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया में यह चर्चा शुरू हो गई कि क्या सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में फंस गई हैं। अंग्रेजी वेबसाइट एनडीटीवी के साथ बातचीत में जब उनसे इस बारे में पूछा गया कि क्या उन्होंने खुद को फंसा हुआ महसूस किया, तो उन्होंने



साफ कहा, श्मैं खुद ऐसा महसूस नहीं करती। मुझे प्रक्रिया पर पूरा भरोसा हैश् हम स्पेसक्राफ्ट कैसे बनाते हैं, कैसे लॉन्च करते हैं और कैसे फैसले लेते हैं। नासा के मुताबिक स्टारलाइनर मिशन में आई दिक्कतें भविष्य के कमर्शियल स्पेस मिशनों के लिए अहम सबक साबित हुई। खुद सुनीता ने कहा कि वे पहले से जानती थीं कि यह एक टेस्ट फ्लाइट है और इसमें दिक्कतें आ सकती हैं। ऐसे में आईएसएस क्रू का हिस्सा बनना योजना का ही हिस्सा था।सुनीता विलियम्स की केवल यही उपलब्धि नहीं है, बल्कि उनके नाम कई और रिकॉर्ड भी शामिल हैं। 1998 में नासा के लिए चुनी गई सुनीता विलियम्स ने तीन स्पेस मिशन में कुल 608 दिन अंतरिक्ष में बिताए, जो किसी भी नासा अंतरिक्ष यात्री के लिए दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। उन्होंने इस दौरान 9 स्पेसवॉक किए, जिनकी कुल अवधि 62 घंटे 6 मिनट रही। यह किसी भी महिला अंतरिक्ष यात्री द्वारा किया गया सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। वे अंतरिक्ष में मैराथन दौड़ने वाली दुनिया की पहली इंसान भी बनीं हैं। इसके साथ ही सुनीता विलियम्स आईएसएस की कमांडर भी रहीं जिसका मौका बहुत कम महिलाओं को मिला है।नासा के प्रशासक जेरेड आइजकमैन ने सुनीता विलियम्स की सेवानिवृत्ति पर कहा कि, श्सुनीता विलियम्स इंसानी स्पेसफ्लाइट में एक अग्रदूत रही हैं।

विज्ञान और तकनीकी को आगे बढ़ाने में उनके काम ने चांद पर आर्टेमिस मिशन और मंगल की ओर बढ़ने की नींव रखी है। उनकी असाधारण उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों को बड़े सपने देखने, उसकी सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती रहेंगी। जेरेड आइजकमैन की ये बात शब्दशः सही है। सुनीता विलियम्स से पहले कल्पना चावला ने भी भारत का नाम रौशन किया था। वे अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की पहली महिला थीं। फरवरी 2003 में अंतरिक्ष शटल कोलंबिया की दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। अगर कल्पना चावला आज होतीं तो शायद वो भी ऐसे ही अनूठे रिकार्ड रचकर भारत का परचम लहरातीं। हालांकि सुनीता विलियम्स और कल्पना चावला दोनों ही युवा पीढ़ी और विशेषकर लड़कियों के लिए मिसाल हैं कि हिम्मत और लगन हो तो अंतरिक्ष को छूना भी मुमकिन है।

साहित्य



## युवराज – क्यों? ठिठके कदम...!

**संजय एम तराणेकर**


सोच रहा हूँ क्यों? ठीठके हैं सबके कदम,
सैकड़ो लोग पुलिस-फायरकर्मियों का दम।
क्यों? नहीं बचा पाए एक युवराज की जान,
मॉल बनाने खोदे गहरे गड्ढे में निकले प्राण।

तमाशाईयों का हर डूबने वाले पे अफसोस,
अच्छा होता गर बचाने में लगा देते सोर्स।
कार के ऊपर खड़े शोर मचाते रहें युवराज,
अपने घर-परिवार का था इकलौता चिराग।

हे वतनपरस्तों मदद करने की कोशिश करों,
इंसानियत की अहमियत को समझते रहों।
अपने घर के चिरागों को हमेशा रोशन करो,
कोई मौत के आगोश में न जाये ध्यान धरों।

*(संदर्भ-इंजी. युवराज की गहरें गड्ढे में गिरने से मृत्यु)*



## राशिफल

**मेषः-** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे।

**वृषभः-** नैतिक-अनैतिक आदि के बारे में सोचने वाला मन भौतिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ होगा। आलस्य कतई न करें।

**मिथुनः-** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीनता न आने दें। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का योग है।

**कर्कः-** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी।

**सिंहः-** रोजगार क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। असीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्याः-** आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। आप धैर्य से समय का इंतजार करें। दूसरों की आलोचना का असर अपने मनोबल पर न पड़ने दें।

**तुलाः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे।

**वृश्चिकः-** कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई-नई युक्तियां उत्पन्न होंगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**धनुः-** दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नहीं देता है। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मकरः-** प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे। किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याएं आएंगी।

**कुंभः-** राजनीतिक सरगर्मियों से व्यस्तता बढ़ेगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।

**मीनः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता के लिए आपको उद्वेलित करेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

# शिक्षित लोग क्यों चुनते हैं आतंक की राह

*ओ.पी. सिंह*

आतंकवाद को अक्सर गरीबी, अशिक्षा और सामाजिक बहिष्कार का परिणाम माना जाता है। लेकिन भारत सहित दुनिया भर के अनुभव बताते हैं कि यह पूरी सच्चाई नहीं है। हाल के वर्षो में ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें उच्च शिक्षित और पेशेवर रूप से प्रशिक्षित लोग आतंकवादी गतिविधियों में शामिल पाए गए। अल-फलाह विश्वविद्यालय से जुड़े चिकित्सकों का मामला इसी असहज वास्तविकता की ओर संकेत करता है।

प्रश्न उठता है कि शिक्षा, जो विवेक और समझ विकसित करने का माध्यम मानी जाती है, कभी-कभी चरमपंथ को रोकने में क्यों विफल हो जाती है? शिक्षा अपेक्षाएं बढ़ाती है। जब ये अपेक्षाएं सीमित अवसरों, संस्थागत अव्यवस्था या व्यक्तिगत असफलताओं से टकराती हैं, तो निराशा तीव्र हो जाती है। पुलिसिंग के अनुभव से यह स्पष्ट है कि सापेक्ष वंचना, यानी जो मिलना चाहिए था और जो मिला, उसके बीच का अंतर, अक्सर पूर्ण गरीबी से अधिक प्रभावी होता है। शिक्षित व्यक्ति असफलता को भाग्य नहीं, अन्याय के रूप में देखने लगता है।

विश्वविद्यालय और पेशेवर संस्थान कौशल तो सिखाते हैं, लेकिन सोहबत और उद्देश्य प्रदान करने में अक्सर पीछे रह जाते हैं। घर से दूर, परिचित सामाजिक-सांस्कृतिक ढांचे से बाहर काम कर रहे युवा पेशेवर अकेलेपन का अनुभव कर सकते हैं। ऐसे समय में संगठित वैचारिक समूह-धार्मिक हों या राजनीतिक-स्पष्टता, पहचान और उद्देश्य देते हैं। वे व्यक्तिगत असमंजस को सामूहिक मिशन में बदल देते हैं। एक कम चर्चित पहलू यह भी है कि शिक्षा तर्कशक्ति को तेज करती है लेकिन नैतिक संयम अपने-आप नहीं देती।



उच्च शिक्षा में सिखाए गए औजार- तर्क, अमूर्तन और प्रणालीगत सोच, हिंसा को चुनौती देने के लिए भी उपयोगी हैं और उसे सही ठहराने के लिए भी। चरमपंथी विचारधाराएं सुव्यवस्थित कथानकों पर आधारित होती हैं, जिनमें हिंसा को आवश्यक, रक्षात्मक या नैतिक रूप से श्रेष्ठ बताया जाता है। शिक्षित व्यक्ति ऐसे तर्कों को अधिक कुशलता से आत्मसात कर सकता है। यह अज्ञान नहीं, बल्कि बुद्धि का दुरुपयोग है। संगठनात्मक दृष्टि से शिक्षित पेशेवर आतंकवादी नैटवर्क के लिए उपयोगी होते हैं। ऐसे नैटवर्क भी किसी जटिल संगठन की तरह काम करते हैं-उन्हें वित्त, लॉजिस्टिक्स, तकनीकी दक्षता और विश्वसनीयता चाहिए।

डॉक्टर, इंजीनियर और प्रशासक ये सब प्रदान करते हैं। उनकी मौजूदगी नैटवर्क को क्षमता देती है और गंभीरता का संकेत भी। यही कारण है कि विभिन्न क्षेत्रों में चरमपंथी संगठन पेशेवरों की सक्रिय भर्ती करते रहे हैं। संस्थागत कमजोरियां इस खतरे को बढ़ाती हैं। विश्वविद्यालय और पेशेवर निकाय सुरक्षा एजेंसियां नहीं हैं और उन्हें होना भी नहीं चाहिए लेकिन कमजोर प्रशासन, अपर्याप्त पृष्ठभूमि जांच और सीमित मार्गदर्शन ऐसे ब्लाइंडस्पॉट सृजित करते हैं, जिनका दुरुपयोग संभव है। जब संस्थान केवल डिग्री और परिणाम पर केंद्रित रहते हैं और नैतिकता, नागरिक जिम्मेदारी तथा छात्र-कल्याण को गौण मानते हैं, तो प्रारंभिक चेतावनी संकेत अनदेखे रह जाते हैं। राजनीतिक संदर्भ इस प्रक्रिया को पूरा करता है। जब लोगों को लगता है कि शिकायतों के समाधान, सहभागिता या सुधार के वैध रास्ते प्रभावी नहीं हैं, तो कुछ लोग, गलत निष्कर्ष पर पहुंचते हुए, ड्क्षहसा को ही विकल्प मान लेते हैं।

शिक्षा इस असंतोष को और तीखा कर सकती है क्योंकि वह यह भी दिखाती है कि व्यवस्था कैसी होनी चाहिए और यह भी कि वह कितनी बार वैसी नहीं होती। वास्तव में, दीर्घकाल में शिक्षा ड्क्षहसा के विरुद्ध सबसे मजबूत सुरक्षा कवच है, लेकिन शिक्षा अपने-आप में अधूरी है। ज्ञान के साथ नैतिक प्रशिक्षण, पेशेवर मार्गदर्शन और आगे बढने के विश्वसनीय अवसर भी आवश्यक हैं।

पुलिसिंग से सीख रू पुलिस के दृष्टिकोण से सबसे महत्वपूर्ण सबक यह है कि कट्टरपंथ अक्सर खुले टकराव से नहीं, बल्कि संस्थागत खाली जगहों से पनपता है। प्रारंभिक संकेत-अलगाव, अचानक वैचारिक कठोरता, सामाजिक विच्छेदन अपराध नहीं होते, लेकिन चेतावनी अवश्य होते हैं। सुरक्षा एजेंसियों, शैक्षणिक संस्थानों और पेशेवर निकायों के बीच सीमित, नियमबद्ध और गैर-दमनकारी संवाद की आवश्यकता है। समय रहते मार्गदर्शन और हस्तक्षेप होना चाहिए। जो विश्वविद्यालय डॉक्टर, इंजीनियर और प्रशासक तैयार करते हैं, उन्हें स्वयं को केवल डिग्री देने वाली फैक्ट्रियां नहीं, बल्कि नागरिक संस्थान मानना होगा। अन्यथा जोखिम यह नहीं है कि बड़ी संख्या में लोग कट्टरपंथी बन जाएंगे, बल्कि यह है कि कुछ अत्यधिक कुशल लेकिन सामाजिक रूप से अलग-थलग व्यक्ति, हिंसक विचारधाराओं को बुद्धि और दक्षता प्रदान कर देंगे। यह चुनौती केवल सुरक्षा एजेंसियों की नहीं, बल्कि संस्थानों, नीति-निर्माताओं और समाज सभी की है और इसे नजरअंदाज करना महंगा पड़ सकता है।

*(पूर्व पुलिस महानिदेशक, हरियाणा)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### सूने घर को निशाना बनाकर चोरों ने किया हाथ साफ



**अजनर/महोबा।** थाना अन्तर्गत ग्राम सयावन में चोरों ने एक घर को उस समय निशाना बनाया जब घर के सदस्य मजदूरी करने दिल्ली गये हुए थे। इसकी सूचना थाना पुलिस को देकर पीड़ित ने चोरी की घटना पर कार्यवाही की गुहार लगाई है ?। थाना क्षेत्र के ग्राम सयावन निवासी उमेश अहिरवार पुत्र भुमानी दीन ने थाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है हम सभी लोग दिल्ली में रहकर मजदूरी करने गये थे जब 22 जनवरी 2026 को घर वापस लौट कर देखा तो ताला टूटा पाया और अन्दर कमरे में देखा तो बक्सा व गोदरेज से सोने चांदी के आभूषण, दहेज का सामान व कपड़े सभी गायब मिले जिस गपर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने थाना पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई है।

### इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथियां घोषित

**कुलपहाड़/महोबा।** नगर के जनतंत्र इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित होने वाली इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा – 2026 निम्नलिखित तिथियों में आयोजित कराई जा रही हैं। केन्द्र व्यवस्थापक प्रकाश चन्द्र यादव ने बताया कि 24 जनवरी 2026 को रसायन विज्ञान, 27 जनवरी 2026 को जीव विज्ञान एवं भूगोल, 29 जनवरी 2026 को भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा कराई जाएंगी। उन्होंने समस्त छात्र /छात्राएं से विधालय में उपस्थित होकर निर्धारित तिथियों में परीक्षा में शामिल होने की अपील की।

### फॉलोअप: रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया सचिव, 24 घंटे बाद भी नहीं हुआ निलंबित

**भरुआ सुमेरपुर।** बुधवार को प्रधान पति से रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन टीम के हत्थे चढ़े पंचायत सचिव को अभी तक जिला पंचायत राज अधिकारी ने निलंबित नहीं किया है। उधर पंचायत सचिव के कारनामों का चिट्ठा ग्राम प्रधान खोलने लगे हैं। प्रधानों का आरोप है कि पंचायत सचिव दबाव बनाकर अपने सगे संबंधी की फर्म पर सामग्री का भुगतान कराकर मनमानी कमीशन मांगता था। बुधवार को एंटी करप्शन टीम ने विकासखंड कार्यालय में तैनात शिव शंकर पाल को बदनपुर की प्रधान साधना साहू के पति अजय पाल साहू से दस हजार रुपये की रिश्वत लेते समय आवास से दबोच लिया था। गुरुवार को टीम ने सचिव को लखनऊ में न्यायालय में पेश किया। उधर 24 घंटे बीत जाने के बाद पंचायत सचिव को जिला पंचायत राज अधिकारी ने निलंबित नहीं किया है। पंचायत सचिव शिव शंकर पाल के पास पंधरी,पारा रैपुरा,भौनिया,बदनपुर पंचायत का प्रभार था। पारा रैपुरा,पंधरी,भौनिया के ग्राम प्रधानों ने बताया कि सचिव अपने सगे संबंधी की फर्म संकट मोचन ट्रेडर्स में भुगतान का दबाव बनाता था। भुगतान होने के बाद मनमानी ढंग से कमीशन मांगता था। इससे सभी परेशान थे। बदनपुर के प्रधान पति अजय पाल साहू का आरोप है कि पंचायत सचिव उनसे 1.25 लाख की लागत से पंचायत भवन में बनाए गए जन सेवा केंद्र के भुगतान के भुगतान में तीस हजार रुपये कमीशन मांग रहा था। खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार ने बताया कि निलंबन की पत्रावली बनाकर डीएम को भेजी गई है।उनके अनुमोदन के साथ सचिव निलंबित हो जाएगा।

### निशुल्क नेत्र शिविर के मरीजों को चश्मा वितरण व शाल ओढ़ाकर संध्या वर्मा ने किया सम्मानित



**हमीरपुर।** संध्या वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनु मोर्चा हमीरपुर द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर जिला के कई ग्राम सभाओ में आयोजित कराये जिनको जिला अस्पताल नेत्र विभाग में फालोअप में मरीजो को जिनका मोतियाबिंद के ऑपरेशन हुये उन मरीजो को संध्या वर्मा व उनके पती डा सुरेश ने मरीजो को निशुल्क चश्मा वितरण किया उसके बाद साल उड़ा कर सम्मानित किया जिससे मरीज बहुत खुश हुये और संध्या वर्मा व उनके पती डा सुरेश को आशिर्वाद दिया इस मौके पर डा सुरेश ने कहा कि हम सेवक है और हम और मेरी पत्नी हर गरीब अशाह लोगों की मदद करते रहेंगे अब हम दोनों लोग गरीब अशाह लोगो के बच्चों व बहेन बेटियो को व बुजुर्गो की दवाई बच्चों की पढ़ाई बेटियो की सगाई भी कराने का भी काम करेंगे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दोनों पक्षों में सुलह करा कर वापस घर भेजा



**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संचालित मध्यस्थता केन्द्र में वाद सं–386/2025 इरफान पुत्र मजहर निवासी राठ आरिया बानो पुत्री अली मुहम्मद निवासी बरीपाल के मध्य दाम्पत्य सम्बन्धी विवाद था जिसमें नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता राजेन्द्रवीर चौहान द्वारा दोनो पक्षों से वार्ता कर सुलह कराया गया इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा दोनों पक्षों को बधाई दी गयी और मामले में नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ताओं के कार्य पर संतोष जाहिर किया गया।

### भूमि विकास बैंक के चुनाव में अतुल सिंह परिहार निर्विरोध निर्वाचित हुए

**मौदहा(हमीरपुर)।** भूमि विकास बैंक के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अतुल सिंह परिहार को निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। गुरूवार को ब्लाक परिसर में चुनाव अधिकारी सत्यप्रकाश वर्मा नायब तहसीलदार, ने बताया कि आज दूसरे प्रत्याशी विवेक दुवेदी ने अपना नाम वापस ले लिया है इस लिए अतुल सिंह परिहार निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की जाती है द्य भाजपा के जिलाउपाध्यक्ष किशन ब्यास ने बताया कि यह चुनाव बैंक के विकास और सदस्य हितों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। चुनाव परिणाम की घोषणा होते ही ब्लाक कार्यालय में ब्लाकप्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद ने कहा कि अतुल सिंह की सक्रियता और अनुभव बैंक की प्रगति के लिए सहायक सिद्ध होंगे और उनके नेतृत्व में बैंक नई ऊंचाइयों को छूएगा। नवनियुक्त अध्यक्ष अतुल सिंह ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य बैंक के सभी सदस्यों के हित में काम करना और बैंक को स्थिर और सशक्त बनाना है। उन्होंने सदस्य समुदाय के सहयोग की अपेक्षा जताई और विश्वास दिलाया कि उनकी अध्यक्षता में बैंक हर स्तर पर पारदर्शिता और विकास की दिशा में अग्रसर रहेगा। निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र लेकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष बैंक शाखा पहुँचे जहां पर शाखा प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह कुशवाहा के साथ निवर्तमान अध्यक्ष रामदेव सिंह ने उनको कार्यभार सौंपा द्य इस मौके पर जिलापंचायत सदस्य विपिन पाण्डेय अरविन्द शर्मा, सुबोध गुप्ता, साधना सिंह, उमाशंकर मधुपिया, अभिजीत सिंह, आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

### गहरौली में चल रही क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता में गहरौली ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी की

**खड़ेही लोधन(हमीरपुर)।** गांव गहरौली में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता में गहरौली की टीम ने पहरेता की टीम को 35 रनों से हरा दिया मुस्करा विकास खंड क्षेत्र के गांव गहरौली में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता में गुरुवार को पहरेता की टीम व गहरौली की टीम के बीच खेला गया जिसकी शुरूआत मुस्करा थाना प्रभारी योगेश तिवारी व कमलेश बाबू ने संयुक्त रूप से मैच खेलने आये खिलाड़ियों से उनका परिचय ले कराई इसके बाद पहरेता की टीम के कप्तान कपूर ने पहले टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। तो वही पहले बल्लेबाजी करते हुए गहरौली की टीम ने निर्धारित 15 ओवर मे 122 रन बनाये जिसमे शत्रुघन 6 रन बनाकर आउट हुए बाद मे बल्लेबाजी करने आये संतोष ने शांदार बल्लेबाजी करते हुए 45 रन बनाये जिसमे 5 छक्के और 1 चौका सामिल है सचिन ने 25 और सैंडी ने 20 रनो का योगदान अपनी टीम को दिया जबाब में मैच खेलने उतरी पहरेता की ने निर्धारित ओबरो में महज 87 रन बनाकर सिमट गयी पह रेता के खिलाड़ी सतेंद्र ने 25 व कपूर ने 15 रन बनाये। एम्पायर की भूमिका खुबचंद व सौरभ द्विवेदी ने निभाई स्कोरर सुनील राजपूत कमेंट्री पर उमाकांत रहे।

### राजकीय इंटर कालेज की प्रयोगात्मक परीक्षा 27 से 29 तक होगी

**कुरारा,हमीरपुर।** स्थानीय राजकीय इंटर कालेज में प्रयोगात्मक इंटर की परीक्षा जीव विज्ञान रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, तथा भूगोल के 27, 28 ,29 जनवरी 2026 को विद्यालय में सम्पन्न होंगे। सभी परीक्षार्थी अपने विषय के प्रयोगात्मक परीक्षा में समय से विद्यालय उपस्थित रहे उक्त जानकारी प्रधानाचार्य सुधाकर वर्मा ने दी।

# डीएम ने एक करोड़ से ऊपर वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा की

▸ कार्यदायी संस्थाओं को जिलाधिकारी ने दिए गुणवत्तापूर्ण व समय सीमा के अन्दर कार्य करने के निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में सी एम आई एस पोर्टल के माध्यम से ही सी एम डैश बोर्ड पर प्रदर्शित 01 करोड़ से ऊपर के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।इस दौरान जिलाधिकारी नें कार्यदायी संस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण व समय सीमा के अन्दर कार्य करते हुए प्रगति रिपोर्ट सी एम् आई एस पोर्टल पर फीड करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं से प्रगति कार्यों की जानकारी ली तथा दिशा निर्देश दिए।इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन के निर्माणाधीन तीन कार्यों में से चरखारी व जैतपुर की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा कार्य की भौतिक प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही साथ कार्यदाई संस्था जल निगम नगरीय को धीमी कार्यों की प्रगति को बढ़ाने तथा कबरई पेयजल योजना में आ रही शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही साथ अधिशासी अभियंता सिंचाई निर्माण खंड द्वारा कराए जा रहे कार्यों में गति माह के सापेक्ष कोई प्रगति न होने तथा समीक्षा बैठक में प्रतिभाग न करने के कारण उनका स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। अधिशासी अभियंता मौदहा बांध निर्माण खंड प्रथम को निर्देश दिए गए कि जिन कार्यों की भौतिक प्रगति 90% से अधिक है उन कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराकर हैंडओवर करना सुनिश्चित करें।इसके साथ ही जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्माणाधीन कार्य हेतु नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए गए तथा सभी संबंधित नोडल अधिकारियों को प्रत्येक माह कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, डिप्टी कलेक्टर सल्तनत परवीन, डी.एस.टी.ओ. सादुलउल्लाह सहित सभी सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारीगण एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्तिथ रहे।

## एनआईसी सभागार में होगा कृषकों का कृषि यंत्रों के ई लाटरी के माध्यम से चयन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

कृषि निदेशालय उप्र कृषि भवन, लखनऊ के दिशा-निर्देशों के अनुसार 23 जनवरी 2026 को एन आई सी सभागार में जिला अधिकारी की अध्यक्षता में कृषकों को कृषि यंत्रों के ई लाटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा। यह जानकारी जिला सभागार में आयोजित बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा दी गई।

बता दें कि विभागीय व्यवस्था के अनुसार प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ काप रेज्ड्यू, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईशन योजनान्तर्गत 08 जनवरी 2026 से 21जनवरी 2026 तक एवं नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयलसीड्स) योजनान्तर्गत 26 दिसम्बर 2025 से 09 जनवरी अ2026 तक कृषि यंत्रों की बुकिंग कृषकों द्वारा विभागीय पोर्टल पर की गयी थी। जिसमें लाभार्थियों का चयन कृषि विभाग के पोर्टल / वेबसाईट पर जिलाधिकारी महोदया श्रीमती गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष ई-लॉटरी करायी जानी है, जिसके लिए जनपद के कृषक बन्धुओं को सूचित किया जाता है कि 23 जनवरी 2026 समय अपरान्ह 2ः00 बजे, स्थान एन0आई0सी0 सभागार, महोबा में निर्धारित किया गया है।

अतः जनपद के सम्बन्धित कृषक बन्धुओं द्वारा कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग की गयी है वह किसान उक्त निर्धारित तिथि, स्थान व समय में उपस्थित रहकर ई-लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों के चयन में सहभागिता करने की अपील की गई है ।

## कथा के आखिरी दिन कृष्ण-सुदामा मित्रता की प्रेरक कथा का वर्णन



**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के देवगांव स्थित सिद्ध पीठ कामख्या धाम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अमर मित्रता की भावपूर्ण कथा का वर्णन किया गया। बिठूर से पधारे कथावाचक धर्मेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सच्ची मित्रता धन,वैभव और पद से नहीं, बल्कि प्रेम, त्याग और समर्पण से परखी जाती है। श्रीकृष्ण द्वारा अपने बालसखा सुदामा का आदरपूर्वक स्वागत, चरण धोना और उनके लाए तुच्छ उपहार को प्रेम से स्वीकार करना श्रोताओं को भावविभोर कर गया। कथा वाचक कहा कि ईश्वर भक्त के भाव को देखते हैं, उसके वैभव को नहीं। सुदामा की विनम्रता और कृष्ण की करुणा ने समाज को समानता, सेवा और मित्रता का मार्ग दिखाया। श्रद्धालुओं ने कथा से प्रेरणा लेकर जीवन में सच्ची मित्रता, सरलता और परोपकार को अपनाने का संकल्प लिया इस मौके पर कामाख्या धाम के महंत स्वामी श्वेतापुरी(पतरिया) महाराज, कथा के परीक्षित शिव भूषण सिंह सेंगर उनकी पत्नी अनुसुइया,ग्राम प्रधान जितेंद्र शिवहरे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन मौजूद रहे।

## सीएम डैश बोर्ड की बैठक में खराब प्रगति वाले विभागों के कसे पेंच

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में सी.एम. डेश बोर्ड की समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न परियोजनाओं में प्रगति की समीक्षा की।इसी प्रकार ए श्रेणी, बी श्रेणी और सी व डी श्रेणी में शामिल परियोजनाओं की स्तिथि देखी। जिलाधिकारी नें डी श्रेणी वाले विभागों पर अत्यंत नाराजगी जाहिर की तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी को खराब प्रगति पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए । उपायुक्त उद्योग को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त खंड विकास अधिकारी फैमिली आईडी कार्डो को लक्ष्य के अनुरूप यथाशीघ्र जारी कराएं तथा शादी अनुदान को समय से पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को युवा उद्यमी योजना को लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विभाग सुनिश्चित करें कि डाटा फीडिंग में कोई श्रुटि न हो अथवा कोई डेटा पोर्टल पर छूटने ना पाए, जिससे जनपद की रैंकिंग पर विपरीत प्रभाव न पड़े। उन्होंने कहा कि जिन विभागों का डाटा अब तक पोर्टल पर फीड नहीं हुआ है, वे विभाग सुनिश्चित करें कि निर्धारित समय तक डाटा फीडिंग का कार्य पूर्ण हो जाए। उन्होंने बी,सी,डी और ई ग्रेड बाली परियोजनाओं में सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि विभिन्न योजनाओं में प्राप्त आवेदनो को लंबित न रखें और ससमय उनका निस्तारण करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार सहित सभी सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## बाल मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देशानुसार अवतार मेहेर बाबा हाईस्कूल में बाल मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह से होने वाले नुकसान एवं उनको रोके जाने की व्यवस्था तथा पोक्सो अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। सचिव द्वारा बताया गया कि बाल विवाह करने व कराने वाले तथा उत्प्रेरित करने वाले व्यक्ति को 2 वर्ष की तक की सजा व एक लाख रूपये तक के जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है। जितना दोषी बाल विवाह करने वाला है उतना ही दोषी बाल विवाह करने, कराने वाला व्यक्ति या संस्था या पण्डित, मौलवी, पादरी या अन्य कोई भी हो वह भी है सचिव द्वारा बाल विवाह रोके जाने हेतु नालसा द्वारा चलायी जा रही योजना ''आशा'' के तहत जारी एसओपी पर भी चर्चा की गयी। सचिव द्वारा कहा गया कि बाल विवाह एक तरह की सामाजिक बुराई है जिसे दूर करने के लिये समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा तभी हम एक स्वस्थ भारत एवं विकसित भारत का निर्माण करने में सक्षम हो सकेगे। स्कूल के प्रबंधक, अध्यापकगण, जिला प्रोबेशन से शशि तिवारी व उनकी टीम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से लिपिक मो. असलम व परा विधिक स्वयं सेवक छाया प्रजापति, नीरज विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## छात्रों के झगड़े के दौरान चली गोली, बीच-बचाव करने गया छात्र घायल

**समृद्धि न्यूज, पनवाड़ी/महोबा।**



थाना क्षेत्र में छात्रों के बीच हुए विवाद के दौरान चली गोली से एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। घायल छात्र की पहचान दीपांश पुत्र भूपेंद्र बसोर, निवासी पनवाड़ी पावर हाउस के पास के रूप में हुई है, जिसके पैर में गोली लगी है प्राप्त जानकारी के अनुसार हमीदिया इंटर कॉलेज पनवाड़ी में पेपर देने गए छात्रों के दौरान यह विवाद शुरू हुआ। बताया जा रहा है कि अशोक और अखिल राजपूत पुत्र सुखसिंह के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। अशोक के साथ पेपर देने गया दीपांश जब यह झगड़ा देख रहा था, तो वह बीच-बचाव करने के लिए आगे बढ़ा।

इसी दौरान आरोप है कि अखिल ने तमंचा निकाल लिया। दीपांश ने स्थिति को संभालने के लिए तमंचे को पकड़कर नीचे करने की कोशिश की, तभी अचानक गोली चल गई, जो दीपांश के पैर में जा लगी। यह घटना झांसी-बिलरायां हाईवे स्थित प्रभाकर पेट्रोल पंप के आगे वाली गली में होना बतायी जा रही है।

बताया जा रहा है कि अखिल के साथ दो अज्ञात युवक भी मौजूद थे। गोली चलने के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल छात्र को पहले सीएचसी पनवाड़ी ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर पनवाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना में शामिल अज्ञात आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

## कोटेदार अपनी मां का नाम राशनकार्ड में दर्ज कर हड़प रहा राशन

▸ पीड़ित दम्पती द्वारा इसकी शिकायत जिला पूर्ति अधिकारी से की

**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के ककरऊ ग्राम पंचायत के मजरा गुजरौरा में कोटेदार ने बाल्मीकि दंपति का अपनी मां के राशन कार्ड में नाम दर्ज कराकर इनके हिस्से का राशन हड़पता रहा। पीड़ित दंपति द्वारा इसकी शिक़ायत जिला पूर्ति अधिकारी से की है। तथा जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।क्षेत्र के गुजरौरा गांव निवासी वाल्मीक दंपति रामकुमार व नीलम ने बताया कि गांव के कोटेदार ने बताया कि हमारे नाम राशन कार्ड से निरस्त कराकर अपनी मां रामकिशोरी के राशन कार्ड में दर्ज कराकर तीन वर्ष से हमारा राशन उठा रहा है। दंपति को आश्वाशन देता रहा कि नया राशन कार्ड अगली बार बन जाएगा लेकिन हर बार आश्वाशन के अलावा कुछ नहीं मिला। इस कारनामा की जानकारी खाद्यान्न विभाग के अधिकारियों को नहीं हुई। इसमें अधिकारियों की लापरवाही साबित हो रही है। इस सम्बन्ध में कोटेदार रामलखन साहू से जानकारी की गई तो उसने बताया कि उनकी माता रामकिशोरी के कार्ड में इनके नाम दर्ज है तथा इन्हीं के नाम पर राशन उठाया जाता रहा है। दंपति के खाद्यान्न की भरपाई की जाएगी तथा नया राशन कार्ड बनवाने के लिए अर्जी दी गई है।

### राजाराम सोनी भूमि विकास बैंक के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**कुलपहाड़ /महोबा।** भूमि विकास बैंक कुलपहाड़ में अध्यक्ष पद का चुनाव कराया गया, जिसमें नगर व्यापार मंडल के व्यापारी नेता रामराजा सोनी द्वारा नामांकन किया गया। अन्य कोई नामांकन न किए जाने से रामराजा सोनी को निर्विरोध भूमि विकास बैंक का अध्यक्ष चुन लिया गया। उनके अध्यक्ष बनने पर नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी, दुर्गेश सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष माधव प्रसाद कुशवाहा, चतुर्सेन तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, अजीत कुशवाहा, संतोष सुल्लेरे सहित भाजपा एवं व्यापार मंडल द्वारा खुशी जाहिर की गई।

## पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के बेरी गांव निवासी ग्रामीण ने गाली गलौज व मारपीट किए जाने की तहरीर थाने में दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।क्षेत्र के बेरी गांव निवासी महेश पाल पुत्र रामेश्वर पाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह गांव के वार्ड दो का निर्वाचित ग्राम पंचायत सदस्य है। 18 जनवरी को गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर आयोजित भंडारे में प्रसाद गृहण करने गया था।। वहां मौजूद गांव निवासी जगदीश व रामबाबू पुत्रगण रघुनाथ व राजकुमार व शिवकुमार पुत्रगण जगदीश ने पुरानी रंजिश के चलते एक राय होकर गाली गलौज किया जब मैंने मना किया तो लात घूंसे व लाठी डंडे से मारपीट किया। वहां मौजूद लोगों ने बचाव किया।


### कार्यालय ग्राम पंचायत शेरगढ़ विकास खंड पनवाडी (महोबा)

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2025-2026 अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 23/01/2026 से 29/01/026 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्तित निविदा दाताओं प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबंद निविदायें खोली जायेंगी।

| क्र.सं. | योजना अन्तर्गत | ग्राम पंचायत | कार्य का नाम | कार्य की लागत | सामग्री आपूति | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | शेरगढ़ | किचन शेड निर्माण प्राथमिक विद्यालय | 6.35 | ईंटा, बालू गिट्टी, मोरंग, सीमेंट, टीनशेड आदि | 6 माह |

**शर्ते-** ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता विक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिये।
2 - निविदा प्रपत्र के साथ 100रू0 के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकिट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3 - निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एन एस सी एफ डी आर संलग्न करना होगा ।
4 - निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षती में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **प्रधान**

### कार्यालय ग्राम पंचायत बिजरारी विकास खंड पनवाडी (महोबा)

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2025-2026 अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 23/01/2026 से 29/01/026 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्तित निविदा दाताओं प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबंद निविदायें खोली जायेंगी।
निविदा मूल्य- 100रू0

| क्र.सं. | योजना अन्तर्गत | ग्राम पंचायत | कार्य का नाम | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | बिजरारी | चरन सिंह के मकान से पुलिया के पास तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 696318 | 2% | ईंटा, सीमेंट, बालू, गिट्टी आदि | 140 मी. 3.50 मी. | 1 वर्ष |

**शर्ते-** ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता विक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिये।
2 - निविदा प्रपत्र के साथ 100रू0 के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकिट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3 - निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एन एस सी एफ डी आर संलग्न करना होगा ।
4 - निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षती में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **प्रधान**


## पीर सुर्खरू बाबा के सालाना उर्स पर नातिया मनकवती मुशायरा संपन्न

**मौदहा- हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



महान सूफ़ी संत पीर सुर्खरू बाबा के सालाना उर्स के अवसर पर नातिया मनकबती मुशायरा संपन्न हुआ जिसकी सदारत हाजी अब्दुल वहीद निजामी और संचालन नसीम आलम ने किया। इस मुशायरे में मकामी व बैरूनी शायरों ने हिस्सा लिया श्रोताओं ने हर शायर के अच्छे शेर को सराहा । बदरुद्दीन तायब ने शेर सुनाया अब भी जारी है फैज़ का दरिया, पीर बाबा के आस्ताने में। शफीक उल्लाह चिश्ती कानपुरी ने पढ़ा तन्हे तन्हा गए सरकार मेरे अर्शे आज़म पर ,फ़क़त सिद्रा तलक जिबरील उनको साथ लाए थे । मसीह निज़ामी ने शेर सुनाया पड़े हैं जब से ज़मी पर क़दम पायंबर के, संवर गए हैं मुक़द्दर जहां में घर घर के । यावर मौध्वी ने शेर पढ़ा मेरे महबूब बता और तुझे क्या दूं मैं ,रब ने फरमाया के जो कुछ भी है मेरा ,तेरा । एजाज़ कानपुरी ने पढ़ा वो लोग अपना मुकद्दर बनाने वाले हैं,जो इनके नाम का सदका लूटने वाले हैं । इनायत मोईन चिश्ती ने शेर सुनाया जिनका चरित्र शांति का प्रेरणा बना , न रुक सका वो प्रेम का सावन रसूल हैं क़मर निज़ामी ने पढ़ा कर न पाएगा क़मर मिदहते सरकार कोई , अहले दुनिया की खिरद चाहे जहां तक पहुंचे। इस्लाम मौध्वी ने शेर पढ़ा जिसका दिल मायले सरकार नहीं हो सकता ,उसको सरकार का दीदार नहीं हो सकता। अंत में उर्स कमेटी के सदर क़मर उद्दीन बाबू व इस्लाम मौध्वी ने सभी श्रोताओं व शायरों का शुक्रिया अदा किया।

# प्राण प्रतिष्ठा की तृतीय वर्षगांठ पर निकली भव्य शोभा यात्रा

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

अयोध्या में निर्मित भगवान श्री राम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तृतीय वर्षगांठ के शुभ अवसर पर आज नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में पुरुष महिलाएं एवं बच्चे पीले वस्त्र धारण कर शामिल हुए।

शोभा यात्रा के आयोजक बाबा शक्ति दास एवं शिवकुमार शुक्ला ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम रनापुर स्थित जय संतरी माता श्री राम जानकी मंदिर से यह शोभायात्रा चलकर नगर के मुख्य चौराहे से होते हुए लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर स्थित हनुमान मंदिर से होते हुए वापस श्री राम जानकी मंदिर पर जाकर समाप्त होगी। समाजसेवी विष्णु शुक्ला ने आए हुए अतिथियों का श्री राम नाम का पटका डालकर स्वागत किया।



शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता सिद्धार्थ अवस्थी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवम तिवारी भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा माता पिता धाम के सेवादार पंकज मिश्रा युवा नेता राहुल सिंह चौहान वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी पूर्व प्रधान चंद्रशेखर सिंह प्रधान आसाराम वर्मा मुन्ना त्रिवेदी पुजारी सिंह राहुल दीक्षित जतिन चौधरी रमेश शुक्ला राजा शंकर शुक्ला आशीष सिंह भाजपा नेत्री चांदनी रावत सभासद महेश अग्रवाल विनय रावत ललित प्रजापति किशन रावत महेश विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## राशन वितरण न करने का कारण पूछने पर कार्ड धारक को मिली धमकी



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** आंगनबाड़ी कार्यकत्रि एवं आशा बहू द्वारा राशन वितरण न करने एवं पूछने पर जान से मारने की धमकी देने पर ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी को संबोधित प्रार्थना पत्र आदर्श पुलिस चौकी पोखरा में देकर आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आशा बहू को पद से हटाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनीपुर मजरे कनवा गांव से ए लगभग दो दर्जन महिलाओं ने बताया कि आशा बहू लीलावती पत्नी सुरेंद्र एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रि द्वारा पिछले आठ माह से बच्चों का राशन वितरण नहीं किया जा रहा है मनीपुर गांव निवासी सुखराम ने राशन वितरण के बारे में पूछा तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी और कहा कि तुम लोग हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते। प्रार्थना पत्र देने में प्रमुख रूप से रामरति गुड़िया रमकला किरन रश्मि प्रीति आसाराम सुखदेव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में नहर से बरामद

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के जासेपुर गाँव से ससुराल जाने की बात कहकर निकले एक युवक का शव नहर से बरामद हुआ है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने नहर से निकाल कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। गांव निवासी अब्दुल हाफिज बीती 15 जनवरी को ससुराल जाने की बात कह कर घर से निकला था और फिर गायब हो गया था। परिजनों की काफी खोजबीन के बाद उसका पता नहीं चलने पर मृतक की पत्नी सबा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पति को खोजने की गुहार लगायी थी। शबा ने बताया कि वह अपने मायके सुबेहा थाना क्षेत्र के महतेली टोला नगर पंचायत सुबेहा में रह रही थी। ननद केशर जहां ने फोन से उन्हें सूचना दी थी कि मृतक 15 तारीख से गायब है जिनका पता नहीं चल रहा था।

## हिन्दू समाज अपने शौर्य को दोहराने के लिए तत्पर : कौशल

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** एकजुट हिन्दू समाज अपने शौर्य की गाथा को पुनः दोहराने के लिए तत्पर है।आपकी उपस्थिति से यह तय हो गया है कि जिस जातिवाद, छुआछूत और कुछ गलतियों के कारण हमने अपने हिंदुओं को अपने से दूर जाने का कभी अवसर दिया था अब वह नहीं होने वाला हम सब मिलकर, एक दूसरे को समझ कर, एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान कर अपनी सशक्त क्षमता का प्रयोग भारत को अखंड और समर्थ बनाने में दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उक्त विचार राम सनेही घाट नगर की शिवा जी बस्ती अंतर्गत स्थित पायका मैदान में आयोजित हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम में उपस्थित साधु संतों एवं क्षेत्रीय हिन्दू जनमानस की उपस्थिति में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रान्त के प्रान्त प्रचारक कौशल ने अपने विचार व्यक्त किये। श्री कौशल जी ने सम्मेलन में उपस्थित हिंदुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू धर्म व्यापक है सर्व व्यापी और सर्व स्पर्शी हैइसकी जड़ें बड़ी गहरी है। हम सभी सभी पंथों के आदर की बात करते हैं और आदर भी करना चाहिए लेकिन इस बात की तैयारी भी रखनी है कि अगर किसी ने हमारे स्वाभिमान को चुनौती दी तो उसको मुंहतोड़ जवाब देना होगा।इंडोनेशिया की तरह जिन्हें भारत में रहना है तो उन्हें भारतीय संस्कृति को भी अपनाना होगा। सनातन धर्म को छोड़कर शेष सब पंथ हैं।हमारे देवता यहां शांति की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं, ज्ञान देते है, उपदेश करते है। अपने हाथों में शस्त्र के साथ- साथ शास्त्र भी धारण करते हैं। मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत प्रचारक ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पंच परिवर्तन के माध्यम से हम सब पुनः हिन्दू बंधुओं के साथ समरस जीवन जीने की दिशा में बढ़ने का काम करेंगे। हम भारत मां की संतानें भेद रहित हैं। भारत माता की जय करने के लिए निकले हैं।





# आरसीसी नाले का जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया लोकार्पण

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड हैदरगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत जमीन हुसैनाबाद के नटबीरन चौराहे से नटबीरन बाजार तक जिला पंचायत निधि से नवनिर्मित आरसीसी नाले का लोकार्पण जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया इसके अलावा ग्राम पंचायत सिधियावा में विकसित भारत जी राम जी जनजागरण अभियान के अंतर्गत भारत रोजगार आजीविका के लिए गारंटी मिशन के तहत ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित किया ।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील है। गांवों में गरीब परिवारों के लिए आवास, शौचालय, बेहतर सड़क, पेयजल समेत विभिन्न विकास योजनाओं पर जोर दिया जा रहा है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने भारत रोजगार आजीविका गारंटी मिशन योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके तहत अब ग्रामीण क्षेत्रों में 125 दिनों के कार्य की कानूनी गारंटी प्रदान की गई है। साथ ही, यदि कार्य उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो बेरोजगारी भत्ते के प्रावधान को और अधिक सशक्त किया गया है। मजदूरी का भुगतान एक सप्ताह के भीतर करना अनिवार्य किया गया है। मजदूरों को भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि उन्हें अब वास्तव में 125 दिन का काम मिलेगा, जबकि पहले 100 दिन का काम केवल कागजों में ही होता था। इस अवसर पर प्रधान विक्रम सिंह रामकुमार सिंह पत्रकार दिलीप तिवारी शिवम अवस्थी डॉक्टर लल्लन यादव अतुल सिंह कृष्ण कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



## खबरें एक नजर में

### चोरी के 12 ड्रम केमिकल व तमंचे के साथ दो गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में बुधवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान एक पिकअप पर लदे चोरी के केमिकल से भरे 12 ड्रम के साथ दो अभियुक्तों जीतेन्द्र कुमार पुत्र राज कुमार चौहान निवासी रायपुर मजरे पलिया चंदपुर थाना मुसाफिरखाना व नीरज पाण्डेय पुत्र चन्द्र नारायण पाण्डेय निवासी जेनपुर थाना जामो को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त नीरज पाण्डेय के साथ एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वह लोग डीजल चोरी का कार्य करते हैं एवं टैंकरों से डीजल चुराकर इस चोरी के केमिकल को उसमें मिला देते हैं। धीरेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र दूधनाथ सिंह निवासी रामपुर चौधरी थाना जामो द्वारा मेन डीलिंग की जाती है। उनके द्वारा ही केमिकल के ड्रम उपल्ब्ध कराये गये थे तथा बताया गया था कि अन्डरपास के पास उनके आदमी मिलेंगे और वहीं टैंकर से डीजल उतारकर केमिकल डीजल में मिला दिया जायेगा। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में धीरेन्द्र कुमार यादव प्रभारी निरीक्षक जगदीशपुर, निरी. राघवेन्द्र प्रताप यादव, उ.नि. वीरेन्द्र कुमार मिश्र, उ.नि. विमल किशोर, हे.का. अनिल कुमार वर्मा, हे.का. दिनेश यादव व का. शिवम यादव शामिल रहे।

### बाल श्रम पर सख्ती, नाबालिगों से काम कराने पर होगी कार्रवाई

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बच्चों के दुर्व्यापार एवं बाल श्रम से संबंधित अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से 'ऑपरेशन रक्षा' अभियान 16 से 30 जनवरी तक चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशानुसार उपजिलाधिकारी/प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी की गई। इस अभियान में पुलिस विभाग, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं मानव तस्करी रोधक इकाई एएचटीयू की संयुक्त टीम ने इन्हौना कस्बा एवं चौराहों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रीकृष्ण जलपान गृह, सोनू किराना स्टोर इन्हौना तथा ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल रिपेयरिंग की दुकानों पर कार्यरत बच्चों की जांच की गई। जन्मतिथि संबंधी अभिलेख के आधार पर सोनू जायसवाल किराना स्टोर एवं श्रीकृष्ण जलपान गृह में कार्यरत बच्चे नाबालिग पाए गए। जिस पर बच्चों के पिता से लिखित आश्वासन लिया गया कि वे अपने बच्चों से बालिग की दशा में श्रम कराएंगे। साथ ही संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई। संयुक्त टीम द्वारा थाना गौरीगंज क्षेत्र में संचालित स्पा सेंटरों पर भी छापेमारी की गई जिसमें नाबालिग बालक अथवा बालिका कार्यरत नहीं पाए गए। इस अभियान में अध्यक्ष/सदस्य बाल कल्याण समिति, संबंधित थाना पुलिस, मानव तस्करी रोधक इकाई एएचटीयू तथा चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) की टीम उपस्थित रही।

## उद्यान मंत्री ने 38 परियोजनाओं, संपर्क मार्गों का लोकार्पण व शिलान्यास किया

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह ने आज विकासखंड अमावां में पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में आए हुए सभी पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मेलन को सफल बनाने के लिए, उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। विकास खण्ड अमावां में आयोजित पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन कार्यक्रम में मं0 मंत्री जी द्वारा जिला पंचायत की रु0 500.70 लाख लागत की 38 परियोजनाओं/सम्पर्क मार्गों का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में 10 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान द्वार का शिलान्यास भी किया गया। मंत्री जी ने ब्लॉक परिसर में स्थित शहीद स्मारक में वीर स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर मंत्री ने जिला पंचायत सदस्य/प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जनप्रतिधियों से उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं उनकी ग्राम पंचायतों में आवश्यक विकास कार्यों हेतु सुझाव मांगे गए, जिससे की उन कार्यों को एम0एल0ए0सी0 निधि, जिला पंचायत व सरकार से कराकर रायबरेली जनपद के समग्र विकास में योगदान दिया जा सके। पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में सभी जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हुए उनके क्षेत्रों में आवश्यक कार्यों का विवरण मांगा गया। सभी सम्मानित पंचायत प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में हो रही समस्याओं के जल्द निस्तारण हेतु आश्वासन दिया गया।

# सचल पशु चिकित्सा वाहनों व पशु टीकाकरण टीमों को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**सीडीओ ने पशुओं में खुरपका मुंहपका रोग से बचाव के लिए 45 दिवसीय सघन टीकाकरण अभियान की शुरुआत की**

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



रायबरेली की कुल 988 ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी) के अन्तर्गत समस्त गोवंशीय एवं महिष वंशीय पशुओं में खुरपका मुंहपका रोग से बचाव के लिये 22 जनवरी से 10 मार्च 2026 तक चलने वाले 45 दिवसीय सघन टीकाकरण अभियान (सातवें चरण) की शुरुआत विकास भवन, रायबरेली के मुख्य द्वार से मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 कुलदीप द्विवेदी के द्वारा सचल पशु चिकित्सा वाहनों/पशु टीकाकरण टीमों को हरी झंडी दिखा कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने मौजूद सभी कर्मचारियों, अधिकारियों व मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए जानकारी दी कि खुरपका मुंहपका रोग गोवंशीय एवं महिष वंशीय जैसे खुर वाले दुधारू पशुओं में होने वाली एक अत्यधिक संक्रामक बीमारी है जिससे पशुओं के मुंह एवं खुरों में छाले और गंभीर घाव उत्पन्न हो जाते हैं। भारत में खुरपका मुँहपका रोग पशुधन के लिये एक बहुत ही गम्भीर संक्रामक बीमारी है जिससे हर वर्ष किसानों/पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। भारत सरकार इस रोग के नियंत्रण हेतु बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान पशुपालन विभाग के माध्यम से वर्ष में दो बार चलाता है। इसी अभियान के तहत पशुपालन विभाग रायबरेली द्वारा गठित 52 टीमें रायबरेली की 06 तहसीलों में कुल 988 ग्राम पंचायतों में पशुपालकों के द्वार पर जा कर शतप्रतिशत गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं में खुरपका मुहपका रोग से बचाव हेतु आगामी 45 दिनों तक निःशुल्क टीकाकरण करेंगी।

## डीएम ने निराश्रित गोवंशों को गौशालाओं में संरक्षित कराने के दिए निर्देश

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने निराश्रित गोवंशों के संरक्षण व भरण-पोषण को लेकर बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि निराश्रित घूम रहे गोवंशों को पकड़कर स्थानीय गौशाला में संरक्षित कराया जाए तथा गौशाला में गोवंशों के लिए, पर्याप्त चारा, भूसा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल, छांव, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा बीमार गोवंशों की नियमित देखभाल व उनके इलाज आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि गौशाला में गोवंश की मृत्यु हो जाने पर तत्काल उसका सुव्यवस्थित तरीके से निस्तारण कराया जाए। किसी भी दशा में मृत गोवंश को खुले में ना छोड़ें। इसके साथ ही सहभागिता योजना के अंतर्गत गोवंशों की सुपुर्दगी के संबंध में जानकारी ली तथा समय से भुगतान की भी कार्यवाही करने को कहा। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने 50 से कम गोवंश वाले गौशालाओं में और गोवंशों को पकड़कर संरक्षित कराने के निर्देश दिए तथा सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की अद्यतन प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जीके शुक्ला, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विक्षिप्त किशोर की ट्रेन से कटकर मौत

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद के थाना क्षेत्र इन्हौना के अंतर्गत अकबरगंज (मां अहोरवा भवानी धाम) क्षेत्र में रेलवे क्रॉसिंग के पास हुए दर्दनाक हादसे में चिलम उम्र 13 वर्ष पुत्र मिस्सू राम निवासी मजरे राम नगर इन्हौना की ट्रेन से कटकर मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार किशोर मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की।

मामले की जानकारी देते हुए हल्का दरोगा राजेश पाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## अनियंत्रित बाइक की टक्कर से पुलिसकर्मी घायल

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जायस थाना क्षेत्र अंतर्गत बहादुरपुर स्थित फायर स्टेशन के पास बाजार में अनियंत्रित बाइक सवार ने एक कांस्टेबल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार घायल कांस्टेबल राजनाथ सिंह जामो थाने पर तैनात हैं। बताया जाता है कि कांस्टेबल जायस में किराए पर कमरा लेकर रहता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक कांस्टेबल राजनाथ सिंह बाजार से सब्जी खरीदकर अपने कमरे पर वापस जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कांस्टेबल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल कांस्टेबल को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें एम्स रायबरेली रेफर कर दिया है। घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि बाइक चालक की तलाश की जा रही है।



## वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर सीओ ने की कार्यवाही

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

रायबरेली में फ़ास्ट फ़ूड की दुकान पर पैसे के लेनदेन को लेकर दुकानदार व युवती के बीच हुए विवाद मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने युवती के साथ अभद्रता व मारपीट करने वाले पांच युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। मामला मिल एरिया थाना इलाके का है। यहाँ देवानंदपुर की रहने वाली युवती रतापुर में फास्ट फ़ूड की दुकान पर खाना लेने आई थी। उसी दौरान दुकानदार व युवती में पैसे के लेनदेन को लेकर पहले बहस हुई फिर वहां मौजूद उसके साथियों ने युवती को लोटा लोटा कर पीटा था। पिटाई का वीडियो वायरल. होते ही पुलिस ने युवकों को हिरासत मे लें लिया।

# शासनादेश को नहीं मानते जिले के अधिकारी

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

एक तरफ सरकार रोज नए-नए नियम के अनुसार शासनादेश जारी कर रही है। वहीं दूसरी तरफ जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू द्वारा शासनादेश की अनदेखी की जा रही है। और शासनादेश को दर किनार रखकर सरकार के आदेशों की अवहेलना करने में महारथ प्राप्त किए हुए हैं बताते चलें जनपद सीतापुर में तैनात जिला पंचायतराज अधिकारी निरीश चंद्र साहू के द्वारा शासनादेश एवं निदेशालय के आदेशों की खुली अवहेलना करके दो सहायक विकास अधिकारी पंचायत को अपने कार्यालय से सम्बद्ध कर रखा गया है। तथा विकास खण्ड मछरेहटा में संदीप कुमार जो मूल रूप से ग्राम पंचायत अधिकारी है इनको जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू के द्वारा प्रभारी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) बनाया गया है। विचारणीय बिन्दु यह है कि जब जनपद में पूर्णकालिक सहायक विकास अधिकारी (पं0) मौजूद है तो प्रभारी बनाने का क्या औचित्य है। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा उक्त कार्य स्वहित में शासनादेश तथा निदेशालय के आदेशों के विपरित किया जा रहा है। अब देखना यह है कि जिले के जिम्मेदार अधिकारी शासनादेश निदेशालय के आदेशों का अनुपालन करा पाते हैं अथवा जिला पंचायतराज अधिकारी के मनमाने रवैये के समक्ष नतमस्तक बने रहेंगे।





**क्या है शासनादेश**

कुछ दिन पहले एक शासनादेश जारी किया गया था उस शासनादेश में मुख्यालय और निदेशालय के द्वारा समस्त जिलाधिकारी और समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र भेजा गया था कि इस शासनादेश का अनुपालन किया जाए संघ लखनऊ दिनांक 13 मार्च, 2015 द्वारा समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी उ0प्र0 को यह निर्देश दिये गये हैं कि जानकारी में लाया गया है कि नियमित रूप से सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के पद पर तैनात कार्मिकों को विकास खण्ड स्तर से हटाकर जनपद मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया जाता है और ग्राम पंचायत अधिकारी को सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) का प्रभार सौंप दिया जाता है। यह स्थिति अत्यन्त गम्भीर एवं आपत्तिजनक है। चूँकि सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) का पद विकास खण्ड स्तरीय पद है और उनकी तैनाती विकास खण्ड स्तर पर ही की जाती है। अतएव जनपद में तैनात नियमित सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को जनपद मुख्यालय से सम्बद्ध नहीं किया जायेगा। यह भी निर्देश दिये गये हैं कि उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

## मृतका के नाबालिग बच्चों को आर्थिक क्षतिपूर्ति प्रदान कराए जाने के लिए जिला स्तर पर बैठक संपन्न

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत, पॉक्सो अधिनियम की धारा 4,6 तथा आईपीसी की धारा 376 घ में रेप विक्टिम व दहेज हत्या के मामलों में मृतका के नाबालिग बच्चों को आर्थिक क्षतिपूर्ति प्रदान कराए जाने हेतु जिला स्तर पर जिलाधिकारी राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को गठित जिला संचालन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (प्रतिनिधि), पुलिस अधीक्षक महोदय (प्रतिनिधि), मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संयुक्त निदेशक अभियोजन, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (प्रतिनिधि), अग्रणी बैंक प्रतिनिधि, नोडल मेडिकल ऑफिसर, जिला प्रोबेशन अधिकारी सीतापुर उपस्थित रहीं, जिसमें जिला संचालन समिति के स्तर पर प्राप्त 19 प्रकरणों के निस्तारण पर चर्चा की गईं। पुलिस व मेडिकल स्तर पर लंबित प्रकरणों में आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रकरणों को जिला संचालन समिति के स्तर पर अग्रसारित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा जिला संचालन समिति के स्तर पर लंबित प्रकरणों में कार्यवाही कर निस्तारित हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया।



# खेलकूद से बढ़ता है बच्चों का आत्मविश्वास : हिमांशु सक्सेना

- सुप्रभाष अकादमी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** आवास विकास कॉलोनी स्थित सुप्रभाष अकादमी में 19 से 22 जनवरी तक चली वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। विद्यालय के प्रबंधक हिमांशु सक्सेना ने फीता काटकर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करते हुए कहा कि खेलकूद बच्चों के जीवन में आत्मविश्वास भरता है तथा उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। प्रधानाचार्य अलका गुप्ता ने कहा खेलकूद शिक्षा का अभिन्न अंग है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य सुधारता है, बल्कि संकल्प शक्ति और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। प्रतियोगिता में पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों ने म्यूजिकल चेयर, कैच द बॉल आदि खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। विराज, वेदांत, अभी, देवांश, अभ्यांस और अभिनव ने प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा 1 में हमजा (शटल रेस) और निधि (पास द बॉल), कक्षा 2 में अक्षांश (फ्रॉग रेस) ने बाजी मारी। कक्षा 3-4 में जुनैद और दिव्यांश सैनी (पास द बॉल), येलो हाउस (खो-खो) तथा आयत (कलर जंप) विजेता रहे। कक्षा 5 में ब्लू हाउस ने कबड्डी और टेन टाइम्स ड्रॉप द बॉल में दबदबा बनाया। समापन समारोह में बच्चों को मेडल और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक भानु, अमित, अंकुश, सुषमा, अंकिता, स्वाति आदि उपस्थित रहे।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार ने निकाली भव्य कलश यात्रा

- आओ-आओ सुहागिन नारि कलश सिर धारण करो...



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर गायत्री परिवार के साधकों ने भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया। श्री गंगेश्वरनाथ मंदिर स्थित गायत्री यज्ञ शाला में भारी संख्या में माताएं एकत्र हुईं। पंडित शिवानंद द्विवेदी ने हवन पूजन के बाद वैदिक मंत्रों से कलशों का पूजन करवाया। तत्पश्चात कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राओं अनन्या त्रिपाठी ने सरस्वती माता, जान्हवी पाठक ने गायत्री माता व माला दीक्षित ने भारत माता के रूप में कलश यात्रा में भाग लिया। विद्यालय के बच्चे 'हम सुधरेंगे युग सुधरेगा,... 'हम बदलेंगे युग बदलेगा'... 'अपना-अपना करो सुधार तभी मिटेगा भ्रष्टाचार'... 'हम सब ने यह ठाना है धरती को स्वर्ग बनाना है'... 'नशा नाश की जड़ है भाई इससे दूर रहो सब भाई'... आदि नारे लगाते हुए चल रहे थे। आचार्य शिवानंद दुबे ने आओ आओ सुहागिन नारि कलश सिर धारण करो... गीत गाकर समां बांध दिया। गायत्री परिवार की माताएं बहनें पीले वस्त्रों में सिर पर कलश रखकर बसंती छटा बिखेर रही थीं। हनुमानगढ़ी के पास वेद प्रकाश राठौर, मन्शेश्वर नाथ मंदिर के पास पिंकी गुप्ता और पुराना सौरिख बस स्टॉप के पास श्यामू चौहान ने पुष्प वर्षा करके कलश यात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा विशुनगढ़ रोड से मुख्य बाजार होते हुए मां कालका देवी मंदिर पर समाप्त हुई। गायत्री मंदिर परिसर में देर रात तक भंडारा आयोजित हुआ। सुप्रसिद्ध राम कथा वाचक आचार्य प्रशांतानंद चंदन ने बताया 23 फरवरी को प्रातः 8: बजे से गायत्री यज्ञशाला में पांच कुंडीय यज्ञ, विद्यारंभ संस्कार, यज्ञोपवीत संस्कार, दीक्षा संस्कार आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## शक्तिपीठ गमा देवी में होगा सरस्वती पूजन व छात्र सम्मान

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** बसंत पंचमी का पर्व नगर के शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर में उत्साह के साथ मनाया जाएगा। शक्तिपीठ के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने जानकारी दी कि शुक्रवार 23 जनवरी को प्रातः 10 बजे से विद्या की देवी मां सरस्वती का बच्चों द्वारा पूजन होगा। साथ ही उन सभी बच्चों का विद्यारम्भ संस्कार (अक्षरारम्भ) कराया जाएगा जिनका अभी तक यह संस्कार नहीं हुआ है। इस अवसर पर नगर के गणमान्य समाजसेवी विद्यार्थियों का सम्मान करेंगे। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में बच्चों को पीले वस्त्र पहनाकर कार्यक्रम में लाएं। उल्लेखनीय है कि आज ही अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा का आध्यात्मिक जन्मदिवस भी मनाया जाता है।

# सभी अपने सुख के लिए कर रहे हैं कार्य

- दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** मोहल्ला बजरिया के चंद्रकांता पैलेस में कृपालु जी महाराज (प्रेम मंदिर, वृंदावन) की प्रचारिका डॉ. हरीश्वरी देवी ने अपने पंचम दिवसीय प्रवचन में बताया कि संसार में जब तक किसी को भगवान की प्राप्ति नहीं हो जाएगी, दिव्यानंद नहीं मिल जाएगा, उसके पहले कोई किसी के सुख के लिए कुछ भी नहीं कर सकता। सब अपने सुख के लिए ही कार्य कर रहे हैं। आगे उन्होंने बताया कि संसार में कहीं सुख भी नहीं है और दुख भी नहीं है। हम जिस वस्तु में जितनी मात्रा का सुख मान लेते हैं, बार बार सुख का चिंतन करने से उसमें हमारी आसक्ति हो जाती है और हमें उस वस्तु या व्यक्ति में उतनी ही मात्रा का अपना माना हुआ सुख मिलने लगता है। वस्तुतः उस वस्तु में सुख नहीं है और जब वह वस्तु छिन जाती है तो उसके अभाव में उतनी ही मात्रा का दुःख मिलने लगता है।

यदि हम किसी वस्तु में सुख न माने तो उसके वियोग में हमें दुख की अनुभूति भी नहो होगी और इस प्रकार हमारा मन संसार के राग द्वेष से रहित हो जाए, विरक्त हो जाए, खाली हो जाए, ऐसा खाली मन ईश्वरीय शरणागति का अधिकारी बनता है। आयोजक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव दुबे एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (महिला) की प्रदेश उपाध्यक्ष शोभा दुबे ने बताया कि यह धार्मिक अनुष्ठान 26 जनवरी तक सायं 4:30 से 7:30 बजे तक चलेगा।

## चंद्रशेखर आजाद के कसावा कार्यक्रम के लिए अनुमति मांगी



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड क्षेत्र के कसावा गांव के खेल मैदान में 4 फरवरी को नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद का महत्वपूर्ण सार्वजनिक कार्यक्रम प्रस्तावित है। पार्टी के पदाधिकारियों ने एसडीएम से अनुमति मांगी। इस आयोजन की अनुमति प्राप्त करने के लिए भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम से मुलाकात की। उन्होंने कार्यक्रम की तारीख, स्थान और अन्य व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए आवश्यक अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्च अधिकारियों से परामर्श करने के बाद दो दिन में अंतिम निर्णय/निर्देश देने का आश्वासन दिया।

# एसडीएम के आश्वासन पर भाकियू (हलधर) का धरना टला

- 23 दिसंबर को सौ शैया अस्पताल में हुए बिना सर्जन के ऑपरेशन का मामला



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय हलधर किसान यूनियन जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप के नेतृत्व में तहसील पहुंचे पदाधिकारियों ने एसडीएम से सौ शैया अस्पताल में अनियमितता के मामले पर वार्ता की। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि वीडियो में दिख रहे सभी दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है। रिपोर्ट मिलते ही तत्काल कार्रवाई होगी। एसडीएम के आश्वासन पर किसान यूनियन ने 27 जनवरी तक रिपोर्ट का इंतजार करने का फैसला किया। साथ ही रिपोर्ट नहीं आई तो 28 जनवरी को शांतिपूर्ण सांकेतिक धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। मालूम हो कि 23 दिसंबर को अस्पताल में एक महिला मरीज के ऑपरेशन के दौरान अयोग्य व्यक्ति धीरज सचान (लेक्शन सर्वेट) ने सर्जिकल टीम में सक्रिय सहयोग किया था। वीडियो वायरल होने पर स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लिया। जांच टीम ने दोष सिद्ध होने पर पुलिस में शिकायत दर्ज की, जिसके बाद धीरज सचान के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो चुका है, जिससे यूनियन संतुष्ट नहीं है। संगठन की मांग है कि सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

वार्ता के दौरान विधि प्रकोष्ठ के जिला प्रभारी अवनीश राजपूत, जिलाध्यक्ष अजय सक्सेना, नगर सचिव सुमित कुमार, जिला महासचिव पंकज राठौर, उपाध्यक्ष अमन कुमार, ग्राम अध्यक्ष महावीर कुमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बसपा ने डा. बृजेश को झांसी मंडल का मुख्य मंडल समन्वयक बनाया



**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज।** आगामी पंचायत चुनावों से पहले बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने झांसी मंडल में बड़ा संगठनात्मक परिवर्तन किया है। पार्टी ने मुख्य मंडल समन्वयक के पद से लालाराम अहिरवार को हटाते हुए जालौन के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. बृजेश जाटव को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। साथ ही, जालौन जिले में पूर्वाधिकारी अतर सिंह पाल को फिर से जिलाध्यक्ष बनाया गया है। बसपा में इस फेरबदल का मकसद पंचायत चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों को रफ्तार देना और जातीय समीकरण को मजबूत करना बताया जा रहा है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल बिठाने और चुनावी सफलता सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। बहुजन समाज पार्टी ने झांसी मंडल के मुख्य मंडल समन्वयक पद से लालाराम अहिरवार को हटाया गया। इस पद पर डॉ. बृजेश जाटव को नियुक्त किया गया, जो पहले जालौन के जिलाध्यक्ष थे। जालौन के जिलाध्यक्ष पद पर अतर सिंह पाल की वापसी हुई, जो पहले भी यह जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। जितेंद्र दयालु को मंडल समन्वयक, जालौन का दायित्व दिया गया है। माना जा रहा है कि जालौन जैसे महत्वपूर्ण जिले में अतर सिंह पाल की वापसी स्थानीय स्तर पर पार्टी की पकड़ मजबूत करने और एक विश्वसनीय चेहरे के नेतृत्व में चुनावी मुहिम तेज करने के उद्देश्य से की गई है। वहीं, डॉ. बृजेश जाटव को मंडल स्तर की जिम्मेदारी देकर पार्टी ने एक नई रणनीतिक कमान को मौका दिया है। हालांकि इन बदलावों के साथ ही यह सवाल भी उठ रहे हैं कि पार्टी ने प्रमुख पदों पर दलित समाज से बसपा का मिशनरी माने जाने वाले दोहरे समाज के कार्यकर्ताओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इससे पार्टी के भीतर ही कुछ वर्गों में नाराजगी पनप सकती है, जो आगामी चुनावों में उसकी चुनौतियों को बढ़ा सकती है। स्पष्ट है कि बसपा ने झांसी मंडल में पंचायत चुनावों की तैयारी को गंभीरता से लेते हुए त्वरित और स्पष्ट बदलाव किए हैं। इन नियुक्तियों के जरिए पार्टी अनुभवी और स्थानीय रूप से सक्रिय नेताओं पर दांव लगा रही है। हालांकि, जातीय समीकरण की यह चाल कितनी कारगर साबित होती है और पार्टी अंदरूनी असंतोष को कैसे प्रबंधित करती है, यह आने वाले समय में देखने वाली बात होगी।

### कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले 9 को किया जिला बदर

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज।** जनपद में सार्वजनिक शांति, कानून-व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए 09 आदतन एवं आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को जिला बदर किए जाने के आदेश पारित किए गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा पारित आदेश के क्रम में महेंद्र सिंह पुत्र पन्नालाल राजपूत निवासी बंधौली, संजय मिश्रा पुत्र रामसनेही मिश्रा निवासी उकासा, ज्ञान सिंह राजपूत पुत्र गोपीचरण निवासी इंदिरा नगर, पवन कुमार उर्फ वीरू पुत्र शिव कुमार निवासी निचावड़ी, सोनू पुत्र बैजनाथ निवासी निचावड़ी, रणवेंद्र सिंह उर्फ सोनू उर्फ राजू पुत्र रामप्रकाश निवासी सिरसा दोगड़ी, अजय कुमार उर्फ अजय यादव पुत्र सूरज प्रसाद यादव निवासी इस्लामाबाद को जनपद की सीमाओं से बाहर किया गया है।

# चकमार्ग पर अवैध कब्जा हटवाने की मांग



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम बूचपुर (मौजा पलिया बूंचपुर) के निवासियों ने चकमार्ग पर अवैध कब्जा हटवाने की मांग एसडीएम से की है। गांव की गाटा संख्या 682, जो लगभग 40 डेसिमल का सार्वजनिक आवादी क्षेत्र है, पिछले 45 वर्षों से चकमार्ग के रूप में उपयोग में है। यह मार्ग ग्रामीणों और किसानों के लिए पैदल तथा ट्रैक्टर से फसलें घर-बाजार ले जाने का मुख्य रास्ता है। ग्रामीणों का कहना है कि चकबंदी अभिलेखों के आग से नष्ट होने का फायदा उठाकर दबंग व्यक्तियों ने चकमार्ग पर दीवार खड़ी कर रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया। उन्होंने चार-पांच पौधे भी लगा दिए और पूरे गाटा पर कब्जा कर लिया, जहां होलिका दहन का स्थान भी था। इससे किसानों को फसलें खेत से निकालने और आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है। यह भूमि सरकारी (ग्राम समाज) है। ग्रामीणों ने एसडीएम से तत्काल मौके पर जांच कर अवैध कब्जा हटवाने और चकमार्ग बहाल कराने की मांग की है।

## स्कूली वाहन चालक सड़क सुरक्षा नियमों की न करें अनदेखी

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को ''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' के अंतर्गत राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल द्वारा शहर के विभिन्न स्थलों पर स्कूली वाहनों की चेकिंग की गयी। वाहन चालकों को छात्र-छात्राओं को लाते-ले जाते समय सावधानियां बरतने, छात्र, छात्राओं को उनके घर से रिसीव करने व घर पर ही छोड़ने, क्षमता से अधिक छात्र-छात्राओं को न बैठाये जाने, अपने लेन में वाहन चलाने, रांग साइड न चलने, तेज गति वाहन न चलाने, सामने चल रहे वाहन से पर्याप्त दूरी बनाये रखने आदि की सलाह दी गयी, जिससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। साथ ही चेकिंग के दौरान एक वाहन बिना बीमा के संचालित मिला जिसका मौके पर ही चालान किया गया।

## रामेंद्र चौहान को मिला निर्वाचन प्रमाणपत्र

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड शाखा छिबरामऊ के अध्यक्ष पद पर खुबरियापुर निवासी रामेंद्र सिंह चौहान को निर्विरोध शाखा प्रतिनिधि निर्वाचित घोषित किया गया। विकासखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में निर्वाचन अधिकारी नायब तहसीलदार रामप्रकाश ने उन्हें प्रमाणपत्र सौंपा।

## एमआरएफ सेंटर व वेस्ट प्लांट का ईओ ने किया निरीक्षण



**समधन, समृद्धि न्यूज़।** गुरुवार को नगर पंचायत समधन की अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने नगर के मोहल्ला लोहिया नगर रिहुआ स्थित एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई नायक नरेश चंद्र एवं सेंटर संचालनकर्ता को शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप एमआरएफ सेंटर का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कूड़े का समयबद्ध एवं सही ढंग से निस्तारण किया जाना अत्यंत आवश्यक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके उपरांत अधिशासी अधिकारी ने वेस्ट प्लांट का निरीक्षण किया, जहां गंदगी पाए जाने पर उन्होंने तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार्य नहीं है। इसके अलावा पनगवां स्थित निर्माणाधीन कान्हा गौशाला का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चल रहे निर्माण कार्य की गहनता से जांच की और ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ समय से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सफाई नायक नरेश कुमार, नरेश चंद्र तथा कार्यालय स्टाफ से दीपक श्रीवास्तव, अशोक शाक्य, प्रशांत शाक्य, मतलूब सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# 3 से 6 वर्ष के बच्चों को केंद्र पर दें गुणवत्तापूर्ण शिक्षण



- तीन दिवसीय प्रशिक्षण का सीडीपीओ ने किया शुभारंभ
- दो ब्लॉकों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण प्रारंभ

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के अंतर्गत 3 से 6 वर्ष के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण देने के निर्देश दिए गए। सीडीपीओ शेषमणि यादव ने कहा कि आधारशिला और नव चेतना पाठ्यपुस्तकों के माध्यम से बच्चों में शैक्षिक, भाषायी, शारीरिक एवं सामाजिक विकास सुनिश्चित किया जाए। गुरुवार को दो ब्लॉकों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक सभागार में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीपीओ शेषमणि यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां बच्चों को केवल पोषण ही नहीं, बल्कि प्रारंभिक शिक्षा से भी जोड़ें। इसके लिए केंद्रों पर ही शिक्षण गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। प्रशिक्षण के दौरान रॉकेट लर्निंग संस्था के प्रतिनिधि व मास्टर ट्रेनर बृजेंद्र अग्निहोत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शिक्षण विधियों, गतिविधि आधारित सीखने तथा नई पाठ्यपुस्तकों के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी आभा, मुख्य सेविका झंडा देवी, अमीषा, पूजा, गरिमा, मालती देवी, कालिंद्री, मुन्नी देवी, सरस्वती देवी सहित आदि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

## स्टेशन रोड से अवैध अतिक्रमण हटाकर 50 हजार का जुर्माना वसूला

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद, लोक निर्माण विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा टाउन हॉल से रेलवे स्टेशन तक सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण हटवाए गए। अभियान के दौरान सड़क एवं पटरियों पर अस्थायी रूप से किए गए निर्माण, ठेले, गुमटी एवं अन्य अवरोधों को हटाकर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त किया गया, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके। इस दौरान अतिक्रमण करने वालों से कुल 50 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया।

# सपा कार्यालय में मनाई गई जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि

- सपाइयों ने उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य व समाजवादी विचारधारा के महान चिंतक 'छोटे लोहिया' श्रद्धेय जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि गुरुवार को जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय में मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष कलीम खान के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कलीम खान, विधानसभा अध्यक्ष पी.पी. सिंह वघेल, पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन सहित अन्य नेताओं ने जनेश्वर मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके द्वारा किए गए सामाजिक व राजनीतिक योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्याम सिंह यादव, जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी, सपा नेता विवेक पाल, अंशू पाल, अजय कश्यप, नेम सिंह यादव, यशवीर सिंह भदोरिया, शकील अहमद, कल्लू हारून, नितिन यादव सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता रहे।

## राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर क्रासकन्ट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज।** क्रीड़ा अधिकारी शैलेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि जनपद के खेलप्रेमी खिलाडियों को सूचित किया जाता है कि खेल निदेशालय उप्र लखनऊ के निर्देशानुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आहूत बैठक में दिये गये निर्देश के क्रम में जिला प्रशासन के सहयोग से 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस पर प्रातः 8.30 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। तदोपरान्त जिला खेल कार्यालय इन्दिरा स्टेडियम उरई के तत्वाधान में 5 किमी पुरुष एवं 3 किमी महिला वर्ग में जिला स्तरीय क्रासकन्ट्री दौड इन्दिरा स्टेडियम से कालपी रोड पर प्रातः 11.30 बजे से आयोजित की जायेगीं। रूट विवरण निम्नवत रहेगा। पुरूष वर्ग की क्रासकन्ट्री दौड़ इन्दिरा स्टेडियम उरई मुख्य द्वार से प्रारम्भ होकर कालपी रोड मारुती सुजुकी कार एजेंसी से वापस स्टेडियम मुख्य द्वार पर समाप्त होगी तथा महिला वर्ग- इन्दिरा स्टेडियम से प्रारम्भ होकर एस आर पब्लिक स्कूल मोड़ से वापस स्टेडियम पर समाप्त होगी। जनपद के प्रधानाचार्य, प्राचार्य, क्रीड़ा संघ, क्लब आदि से अपील है कि अपने अपने विद्यालय के पुरूष वर्ग एवं महिला वर्ग की खिलाडियों को आयोजित प्रतियोगिता कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने हेतु भेजने का कष्ट करे। क्रमशः 6 स्थान प्राप्त करने वाले पुरूष एवं महिलाओं को खेल विभाग द्वारा पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। क्रासकन्ट्री दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु पुरुष, महिला खिलाड़ी 26 जनवरी 2026 को इंदिरा स्टेडियम उरई में प्रातः 9.30 बजे से उपस्थित होकर अपने नाम की प्रविष्टि कराकर चेस्ट नम्बर प्राप्त कर प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। प्रविष्टि निःशुल्क है।

# ईओ दिव्या गुप्ता की सख्ती से समधन के दिन बहुरे

- सभी कर्मचारियों को खरी-खरी, नगर चाहिए क्लीन एंड ग्रीन



**समधन, समृद्धि न्यूज।** समधन नगर पंचायत की टीम के पास न जज्बों की कमी और न ही हौसले की कमी अब समधन नगर पंचायत को अपना निजी अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता के रूप में मिल गया है। और अब नगर के दिन बहुरने लगें हैं। बीती 7 जनवरी 2026 को चार्ज लेने के बाद अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता एक्शन में है। सबसे पहले उन्होंने चार्ज लेते ही नगर के कर्मचारीयों से अपने सख्त लहजे में कहा था कि कार्य करने के नाम पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फिर उन्होंने समस्याओं का अध्ययन किया लोगों से बातचीत की और उसके बाद लोगों की समस्याओं की पहल शुरू कर दी नगर में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया था ठेकेदारों को मानक के रूप कार्य करने के निर्देश भी दिए गए हैं। नगर में स्वच्छता की कोई कमी न रहे अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने कहा कि समधन क्लीन और ग्रीन क्लीन करना हमारी पहली प्राथमिकता होंगी आगे उन्होंने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि नगर पंचायत अध्यक्ष आसमा बेगम भी इसके लिए प्रयासरत हैं।

बीता बुधवार को ईओ ने समधन नगर पंचायत में जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र निःशुल्क बनाने के निर्देश दिए गए हैं। 350 रूपए लिए जा रहे थें इस प्रथा को समाप्त करते हुए कहा कि प्रत्येक लाभार्थी जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र स्वयं ऑनलाइन कराकर नगर पंचायत कार्यालय में आकर अपनी रिपोर्ट लगवाएं जिसका कोई भी शुल्क नहीं देना होगा।

# ब्लॉक बढ़पुर में प्रधान व सचिवों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में गुरुवार को एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत एवं यातायात प्रभारी सत्येन्द्र कुमार द्वारा ब्लॉक बढ़पुर में ग्राम प्रधानों तथा पंचायत सचिव को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। बैठक में 23 ग्राम प्रधानों द्वारा प्रतिभाग किया गया। शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह का आयोजन दिनांक 01.01.2026 से 31.01.2026 तक किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में परिवहन आयुक्त द्वारा पंचायती राज विभाग को ब्लॉक स्तर पर ग्राम प्रधानों की बैठक आहूत किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अतिरिक्त ग्राम प्रधानों को ग्राम सड़क सुरक्षा समिति के अन्तर्गत उस ग्राम का

### ▸ ट्रैक्टर-ट्रालियों में रिफ्लेक्टिव टेप लगवाने के दिये गये निर्देश

सड़क सुरक्षा अग्रदूत घोषित किया जाये। इसी क्रम में ब्लॉक बढ़पुर में यह बैठक आयोजित की गई।

एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत के द्वारा अवगत कराया गया कि यातायात पुलिस से प्राप्त सूचना के अनुसार माह दिसम्बर 2025 तक जनपद फर्रूखाबाद में 490 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई हैं। जिनमें 284 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जबकि दिसम्बर 2024 तक जनपद फर्रूखाबाद में 390 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई थीं। जिनमें 213 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। इस प्रकार वर्ष 2025 में दुर्घटनाओं की संख्या में 25.64 प्रतिशत तथा मृतकों की संख्या में 33.33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यातायात कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार वर्ष 2025 में माह दिसम्बर तक हिट एण्ड रन की 109 दुर्घटनायें घटित हुई हैं, जिनमें 89 व्यक्तियों की मृत्यु हुई हैं तथा 81 व्यक्ति घायल हुये हैं। वर्ष 2024 में हिट एण्ड रन की 66 दुर्घटनायें घटित हुई हैं, जिनमें 43 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी तथा 28 व्यक्ति घायल हुये थे। एआरटीओ द्वारा बताया गया कि पुलिस विभाग द्वारा वर्ष 2025 में 42481 चालान किये गये हैं तथा 187 वाहन बन्द किये गये हैं। जिनसें रू0 18.92 लाख शमन शुल्क वसूला गया। परिवहन विभाग द्वारा वर्ष 2025 में 4155 चालान किये गये हैं तथा 1018 वाहन बन्द किये गये हैं। जिनसें रू0 219.33 लाख शमन शुल्क वसूला गया। इसके अतिरिक्त सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के निर्देशों के अनुपालन में जनपद फर्रूखाबाद में वर्ष 2025 में 265 ड्राइविंग लाइसेन्स निलम्बित किये गये हैं। जनपद फर्रूखाबाद में दिनांक 19.12.2025 से 17.01.2026 तक नो हेल्मेट नो पेट्रोल का अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों से अनुरोध किया गया कि वह अपने ग्राम में सड़क सुरक्षा की बैठक आहूत करें तथा सभी ग्रामीणों प्रेरित करें कि किसी भी स्थिति में यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग ना करें, वाहन के प्रपत्र पूर्ण रखें, नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, अपनी गति को नियंत्रण में रखें तथा यातायात नियमों का पालन करें। सभी चालक गाड़ी पर यदि अपने सामने अपने परिवार की फोटो लगाकर रखेंगे तो उन्हें याद रहेगा कि उन्हें सकुशल घर पहुंचना है। तब वह जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाएंगे।


प्रधानों व सचिवों को जागरुक करते एआरटीओ प्रवर्तन

# परिजनों की डांट से क्षुब्ध युवक बिना बताये घर से चला गया

**पुलिस ने डीसीएम ट्रक से किया बरामद**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम सिरमौरा बांगर में बुधवार शाम परिजनों की डांट से नाराज होकर एक युवक घर से चला गया। देर रात तक वापस न लौटने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने उसे थाने के पास एक डीसीएम में बैठा पाया।

जानकारी के अनुसार युवक बुधवार शाम अपने घर पर बैठा था। किसी बात पर परिजनों ने उसे डांट दिया। जिससे क्षुब्ध होकर वह घर से बाहर चला गया। जब देर रात तक युवक घर नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने तुरंत नवाबगंज थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने युवक के मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की। जिसमें उसकी लोकेशन थाने से लगभग 20 मीटर दूर मिली। लोकेशन के आधार पर पुलिस ने थाने के बाहर खड़ी एक डीसीएम के अंदर युवक को बैठा देखा। पुलिस उसे थाने ले आई। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि युवक से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक ने मानसिक तनाव के चलते यह कदम उठाया था।

# पत्नी को मायके विदा कर युवक ने लगाई फांसी, हालत नाजुक


लोहिया अस्पताल भर्ती युवक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के संतोषपुर गांव में बुधवार को एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर जान देने का प्रयास किया। गंभीर हालत में उसे लोहिया अस्पताल में

### ▸ गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल में भर्ती

भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। गांव संतोषपुर निवासी 40 वर्षीय हरेंद्र ने बुधवार को यह कदम उठाया। उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हरेंद्र लकड़ी का कारोबार करता है। उसकी पत्नी रेखा ने बताया कि वह गर्भवती है और उनके तीन छोटे बच्चे हैं। रेखा के अनुसार हरेंद्र शराब पीने का आदी है। पत्नी रेखा ने जानकारी दी कि बुधवार दोपहर वह अपने पिता के साथ मायके जा रही थी और पति हरेंद्र ने उसे विदा किया था। बाद में उसे सूचना मिली कि हरेंद्र ने फांसी लगा ली है। पड़ोसियों ने उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा और घटना की जानकारी दी। फिलहाल हरेंद्र का उपचार लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में चल रहा है।

# अमृतपुर में प्राचीन स्थल ठाकुरद्वारा पर हुआ हिंदू धर्म सम्मेलन

### ▸ संघ पदाधिकारियों ने रखे विचार

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** अमृतपुर थाना क्षेत्र स्थित प्राचीन स्थल ठाकुरद्वारा पर बुधवार को भव्य हिंदू धर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में मुनेश वर्तमान कानपुर सह प्रांत प्रचारक ने अपने ओजस्वी विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और संस्कारों की रक्षा एवं संवर्धन के लिए समाज को संगठित होकर कार्य करना होगा। धर्म, राष्ट्र और समाज के प्रति प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह अपनी भूमिका को समझे और उसे पूरी निष्ठा से निभाए।

कार्यक्रम में रामानंद सरस्वती महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं जिला प्रचारक मानवेंद्र भी विशेष रूप से मौजूद रहे। सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से प्रिंस चौहान, मनोज, प्रबल तिवारी, अनुपम तिवारी प्रधान पुत्र फखरपुर, आर्यन अवस्थी, सुमित अवस्थी, श्याममोहन मिश्रा, रोहित जिला कार्यवाह, रोहित खंड कार्यवाह तथा सोनम बहन खंड प्रमुख शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन महेशचंद्र अवस्थी ने किया। सम्मेलन के दौरान सोनम सोनम का स्वागत रोहित एवं प्रिंस द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने सामाजिक समरसता, राष्ट्रभक्ति, संस्कृति संरक्षण और युवा जागरण पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्रहित में संगठित होकर कार्य करने का संकल्प लिया।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद रामानंद सरस्वती व बहन सोनम आदि

# मॉडल यूथ ग्राम सभाओं के प्रधान 28 को होंगे सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ब्लाक बढ़पुर की ग्राम पंचायत ढिलावल एवं जनैया सठैया को मॉडल ग्राम सभा के रुप में चयनित किया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश चौरसिया ने ग्राम पंचायत ढिलावल के प्रधान रजनेश उर्फ मोनू कठेरिया एवं ग्राम पंचायतज जनैया सठैया के प्रधान ज्ञानेंद्र सिंह राजपूत को पत्र भेजकर दिल्ली में सम्मानित किये जानकारी की जानकारी दी है। जिला पंचायत राज अधिकारी न प्रधानों को अवगत कराया कि जनपद से दो जनप्रतिनिधियों को नई दिल्ली में आयोजित मॉडल यूथ ग्रामसभा के अंतर्गत 28 जनवरी को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4:25 बजे तक भारत मंडपम प्रगति मैदान में राष्ट्रीय कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### दबंगों ने चाट विक्रेता के बच्चों को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम बबना निवासी राजेश कुमार पुत्र पतिराम ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया हम गांव से बाहर चाट पकौड़ी की दुकान गांव से बाहर सड़क पर लगाए हुए थे, तभी मेरे गांव के दबंग अशोक कुमार व प्रवीण कुमार पुत्रगण कालीचरन, मिंटू पुत्र शिवचरण आदि लोगों ने लाठी-डंडे से मेरे पुत्र प्रदीप कुमार एवं मेरी पुत्री राखी के साथ जमकर मारपीट की। जिससे काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

### गर्भवती और धात्री महिलाओं को वितरित की गयीं पोषण किटें

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को गर्भवती और धात्री महिलाओं को पोषण किट वितरित की गई। यह कार्यक्रम सांसद मुकेश राजपूत की विशेष पहल पर इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा आयोजित किया गया था। विधायक डॉ0 सुरभि ने इस अवसर पर 208 गर्भवती और धात्री महिलाओं को कैल्शियम, आयरन और प्रोटीन युक्त पोषण किट प्रदान कीं। यह वितरण कार्यक्रम 18 से 22 जनवरी के मध्य आयोजित किया गया था। इस दौरान कुल 987 गर्भवती और धात्री महिलाओं को पोषण किटें बांटी गईं। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की मेडिकल टीम ने महिलाओं को किट के सही उपयोग और सेवन विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ0 विपिन सिंह, डॉ0 अमरेश सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर हुआ भंडारा



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के शुभ अवसर पर फतेहगढ़ स्थित चित्रगुप्त मंदिर कानपुर रोड पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा कई स्थानों पर अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के अवसर पर भंडारों का आयोजन किया गया। कई मंदिरों में पूजन किया गया और पूजा अर्चना की गयी। इस मौके पर मनोज सैनी, सोनू सक्सेना, गोपाल सक्सेना, ऋषभ दीक्षित आदि लोगों ने भंडारे का प्रसाद बंटवाया।

# किशोर के साथ कुकर्म करने वाले आरोपी को दस वर्ष का कारावास

### ▸ पचास हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अनुज पुत्र भईयालाल राजपूत निवासी ग्राम सुदन मेरापुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस वर्ष का कारावास व पचास हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

बीते नौ वर्षों पूर्व थाना मेरापुर क्षेत्र के एक ग्राम की महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरे आठ वर्षीय पुत्र को बुखार आ रहा था। 18 जुलाई 2017 को पुत्र को नहला रही थी। उसके अंडरवियर में रक्त लगा हुआ था। उससे पूछने पर बताया कि मैं शाम को प्राइमरी स्कूल पर खेल रहा था। शाम को अनुज ने मुझे सड़क के किनारे झाड़ियों में ले जाकर मेरे साथ गलत काम किया। घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी गयी। थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। साक्ष्य गवाह के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, भानु प्रकाश मिश्र की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश ने अनुज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस वर्ष का कारावास व पचास हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# भगवान विमलनाथ जैन मंदिर की भव्य वार्षिक रथयात्रा निकली

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** जैन धर्म के 13वें तीर्थकर भगवान विमलनाथ के चार कल्याणकों की साक्षी रही पावन स्थली कंपिल के भगवान विमलनाथ जैन मंदिर की भव्य वार्षिक रथ यात्रा का आयोजन श्री 1008 विमलनाथ दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के तत्वाधान में गुरुवार को आयोजित किया गया। वार्षिक रथ यात्रा समारोह में प्रातःकाल से ही धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम शुरु हो गए।

श्री कंपिल जी वार्षिक रथयात्रा समिति के प्रचार मंत्री पं0 कमल कुमार जैन ने कार्यक्रम की जानकारी दी। रथयात्रा समारोह कार्यक्रमों में प्रातः 07:00 बजे श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, पूजा, श्री विमलनाथ जी का संगीतमय विधान, ध्वजारोहण, चित्र अनावरण, दीप प्रज्ज्वलन कर अतिथयों का सम्मान आदि कार्यक्रकम सम्पन्न हुए। इसके बाद सभा की बैठक कर भगवान श्री विमलनाथ जी की भव्य रथयात्रा बुधवार को मंदिर से निकाली गयी। रथयात्रा में भगवान की प्रतिमा को उठाने के लिए सारथी इंद्र, कुबेर आदि के लिए भक्तगणों ने दान की बोलियां लगायीं। ऊंची बोली पर भक्तों को भगवान की चांदी की पालकी कंधे पर ले जाने का अवसर प्राप्त हुआ। मंदिर से प्रारंभ हुए यात्रा में जैन ध्वजों से सजी हुई गाड़ियों के आगे जैनेश्वर भक्त नाचते गाते चल रहे थे। चांदी की पालकी पर भगवान विमलनाथ की आकर्षक प्रतिमा विराजमान थी। तत्पश्चात सायंकालीन कार्यक्रम में भक्ति संगीत एवं आरती का कार्यक्रम हुआ। सैकड़ों जैन धर्मालंबियों ने भगवान विमलनाथ के दर्शन कर रथ यात्रा में शामिल होकर पुण्यलाभ प्राप्त किया। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए थाना प्रभारी नितिन कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। शोभायात्रा के दौरान दिगम्बर जैन कमेटी के अध्यक्ष पुष्पराज जैन, सुशील जैन, पवन कुमार जैन, सर्वेश कुमार जैन, सुधीर जैन, अनुज जैन, राहुल जैन, संजय जैन, अनुराग जैन, आशीष जैन, कुलदीप सैनी, अंकुर जैन आदि लोग मौजूद रहे।


भगवान विमलनाथ की रथयात्रा निकालते जैन समाज के लोग

# 54 किलो गांजा के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने तीन अभियुक्तगणों को 54 किलो नाजायज गांजा कीमत करीब 12 लाख 50 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार कर लिया।

गुरुवार को थाना कम्पिल पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से अभियुक्तगण अंकित शुक्ला उर्फ शशांक पुत्र सूर्यप्रकाश निवासी नरकसा अम्बेडकर नगर थाना कादरीगेट, आयुष पुत्र सूर्यप्रकाश निवासी नरकसा अम्बेडकर नगर थाना कादरीगेट, ओमजी पुत्र नन्हें कठेरिया निवासी नारायणपुर थाना मऊदरवाजा को 05 ट्राली बैग नाजायज गंजा वजन कुल 54 किलो कीमत करीब 12 लाख 50 हजार के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कम्पिल पर मु0अ0सं0 13/2026 धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट बनाम अंकित शुक्ला उर्फ शशांक उपरोक्त, आयुष उपरोक्त, ओमजी उपरोक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।



गांजा के साथ पकड़े गये अभियुक्त

# पुलिस ने जबरन कराया रात्रि में युवक का अंतिम संस्कार

- ग्रामीणों ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप
- बेटे को आग लगता देख, रो उठा परिवार

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम मंझा निवासी विजय पुत्र कांशीराम उम्र लगभग 35 वर्ष बीती रात घर के पास स्थित दुकान से सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान अचानक एक डंपर की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी संजय सिंह, तहसीलदार शशांक सिंह, खनन अधिकारी संजय प्रताप सिंह तथा क्षेत्राधिकारी संजय वर्मा मौके पर पहुँचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस द्वारा मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर पहुँचा तो परिजन बेहद परेशान और बदहवास नजर आए। आरोप है कि देर रात्रि पुलिस की मौजूदगी में लगभग 7:30 बजे अन्तिम संस्कार कराया गया। इस दौरान मृतक के पिता का रो-रोकर बुरा हाल था। वे हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाते हुए नजर आए, लेकिन बेरहम खाकी ने मानवीय संवेदनायें तार-तार कर दीं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। वहीं ग्राम प्रधान सहित अन्य लोग अन्तिम संस्कार की प्रक्रिया में जुटे रहे। परिजनों का आरोप है कि उनकी भावनाओं और स्थिति को नजरअंदाज किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मृतक जिस समाज से आता है, उसी समाज से भाजपा के एक सांसद भी हैं, लेकिन अभी तक उनके स्तर से किसी प्रकार की सहायता या पहल सामने नहीं आई है। घटना के बाद से परिजन लगातार सदमे और मानसिक तनाव में हैं। क्षेत्राधिकारी ने बताया है कि परिजनों की तहरीर के आधार पर सड़क दुर्घटना के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है अन्य आवश्यक विधि कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



# पत्नी की हत्या करने वाला पति आला कत्ल चाकू सहित गिरफ्तार



**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** नाजायज संबंधों के शक में पत्नी की चाकुओं से गोदकर हत्या करने वाले अभियुक्त पति को पुलिस ने आलाकत्ल चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया।

थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम खलासपुर जरारी निवासी सांचेलाल ने 21 जनवरी को अपनी पत्नी अनीता 25 वर्ष की चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या कर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। अभियुक्त का आरोप है कि उसकी पत्नी अनीता के अवैध संबंध किसी पारिवारिक से हैं। जिसके चलते उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से आलाकत्ल चाकू बरामद कर लिया। थाना जहानगंज के प्रभारी निरीक्षक राजेश राय ने बताया कि आरोपी को गुरुवार को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगाँठ पर निकली भव्य शोभायात्रा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगाँठ के पावन अवसर पर 22 जनवरी गुरुवार को प्रातः 9 बजे एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण रहा और श्रीराम के जयघोष से गांव/कस्बे गूंज उठें।

शोभायात्रा का शुभारंभ ग्राम कोलासोता से हुआ, जो वजीरपुर, गैलहार, रतनपुर, पमारान होते हुए राजपुर से गुजरकर अमृतपुर ठाकुरद्वारा तक पहुंचा। आयोजकों के अनुसार इस शोभायात्रा में करीब 1000 से 1200 वाहनों का विशाल काफिला शामिल हुआ। जो अपने आप में एक भव्य और आकर्षक दृश्य प्रस्तुत किया। यात्रा के दौरान डीजे, भक्ति संगीत और आकर्षक वाहन सजावट विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। भगवा ध्वज, श्रीराम के जयकारे और श्रद्धालुओं की सहभागिता से पूरा क्षेत्र राममय हो गया। आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में भारी उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं शामिल हुए। इस अवसर पर राकेश सिंह प्रधान ग्राम कोलासोता एवं देवेंद्र प्रताप सिंह जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि श्रीराम की यह शोभायात्रा सामाजिक समरसता और सनातन संस्कृति की एकता का प्रतीक है।



# आबकारी निरीक्षक ने शराब दुकानों का किया निरीक्षण



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला आबकारी अधिकारी जी0पी0 गुप्ता के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत गुरुवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 रीता वर्मा मय स्टाफ द्वारा थाना कमालगंज के अंतर्गत आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, पॉस से बिक्री, ऑनलाइन पेमेंट, सीसीटीवी कैमरा का परीक्षण किया गया। जिला आबकारी अधिकारी जी0पी0 गुप्ता ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

# रेलवे स्टेशन से चौक तक के निर्माण का चेयरमैन ने किया शुभारंभ

▸ फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल ने चेयरमैन व पूर्व एमएलसी का किया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रेलवे स्टेशन से चौक तक मुख्य रोड के विकास हेतु साढ़े तीन साल व्यतीत हो जाने के बाद भी निर्माण न होने पर विवश होकर फेडरेशन ऑफ आल इण्डिया व्यापार मण्डल ने चौक में दिये गये धरने पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद एवं विद्युत विभाग द्वारा रेलवे रोड पर विद्युत पोल/बंच केबिल शिफटिंग कार्य पूर्ण करने हेतु लिखित आश्वासन दिये थे। शिफटिंग कार्य पूर्ण होने की मौखिक जानकारी नगर पालिका द्वारा निर्माण हेतु फेडरेशन के प्रतिनिधि को दी गई। बीती रात फेडरेशन ऑफ आल इण्डिया व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा अपने कुछ पदाधिकारियों के साथ व पालिका अध्यक्ष व पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार एवं रेलवे रोड के व्यापारीगण रेलवे रोड सिंधी कॉलोनी के सामने मॉडर्न पब्लिक स्कूल के नुक्कड पर मानक बोर्ड के पास पहुंचे। मानक बोर्ड के पास पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल, पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार तथा फेडरेशन ऑफ आल इण्डिया व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने विधिवत मन्त्रोच्चारण के साथ पूजन कर शुभारम्भ किया।



इस अवसर पर जिला प्रवक्ता लाखन सिंह, जिला महामंत्री विमलेश मिश्रा, अशोक यादव, रविन्द्र गुप्ता, गोपाल सिंह राठौर, अनूप गुप्ता उर्फ अनु, मनोज दीक्षित, संजीव वर्मा, शिखर गुप्ता, मनु रस्तोगी, पवन गुप्ता, शरद गुप्ता, संजय गुप्ता, दीपक गवरानी, विश्वनाथ गुप्ता उर्फ दीपू, प्रशान्त कुमार शाक्य, अनुज शाक्य, प्रमोद शाक्य आदि उपस्थित रहे।

# बसपा की जिला कमेटी घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती के निर्देशानुसार मुख्य मण्डल प्रभारी कानपुर मण्डल की संस्तुति पर बहुजन समाज पार्टी की जिला कमेटी घोषित की गई। जिलाध्यक्ष विनोद गौतम ने कमेटी में जिला उपाध्यक्ष हाजी शब्बीर मंसूरी को बनाया। जिला महासचिव अरविन्द बाथम बने। जिला सचिव सुरजीत सिंह को बनाया गया। जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी विजेन्द्र चतुर्वेदी को मिली। कार्यकारिणी सदस्य में सीताराम गौतम, प्रेमसागर दिवाकर बनाये गये। बीवीएफ जिला संयोजक बृजेश कुमार फौजी बने। बामसेफ जिला संयोजक पूजा सिंह को बनाया गया।

# चाइनीज मांझा का प्रयोग न करने की दिलायी गई शपथ




▸ रेड क्रॉस सोसाइटी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रेड क्रॉस सोसाइटी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय चाइनीज मांझे का प्रयोग ना करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। उद्घाटन जिला अधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने किया। जागरूकता अभियान में रेड क्रॉस सोसाइटी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने विभिन्न स्कूलों में जाकर बच्चों को चाइनीज मांझे से होने वाले नुकसान से अवगत करवाकर इस्तेमाल ना करने की अपील की। सेंट अन्थोनी स्कूल कैंट फतेहगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में जिला अधिकारी, अपर जिला जज संजय कुमार व सीओ ऐश्वर्या उपाध्याय, रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन शीश मेहरोत्रा ने सभी को चाइनीज़ माझा इस्तेमाल ना करने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर निशांत तिवारी, कौशल्या गिरी, भारती मिश्रा, आयुषीमेन्द्र परिहार, अवनीन्द्र सक्सेना, अमित सक्सेना, कानोडिया, एनएकेपी इंटर कॉलेज केंद्रीय विद्यालाय आदि ने प्रतिभाग किया। विद्या निकेतन में आयोजित कार्यक्रम में अपर जिला जज संजय कुमार, डॉ0 मिथलेश अग्रवाल, जवाहर सिंह गंगवार, सुरेन्द्र कुमार राणा, शीश मेहरोत्रा, योगेश तिवारी ने बच्चों को चाइनीज मांझे का उपयोग ना करने के लिए अपील की एवं शपथ दिलवाई। वहीं जरुरतमंदों को रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से कम्बल वितरण किया गया।

# सड़क सुरक्षा संबंधी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जागरूकता प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई।

गुरुवार को कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में उच्च शिक्षा के कालेजों की जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जागरूकता भाषण, नुक्कड़ नाटक व रील प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा से संबंधित शपथ दिलायी गई। जनपद के विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों का पालन करने तथा इन नियमों से अपने आसपास निकट संबंधियों को जागरूक किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम आदित्य रत्न शाक्य, द्वितीय आरुष, तृतीय स्थान फरासत हुसैन ने प्राप्त किया। लघु नुक्कड़ नाटिका प्रतियोगिता में प्रथम सुनैना, राज, करुणा कश्यप की टीम, द्वितीय स्थान फरासत हुसैन, शिखर सिंह, आयुष यादव की टीम तथा तृतीय सलोनी कठेरिया, आवेंद्र प्रताप, अभय बाबू व अमित कुमारकी टीम ने प्राप्त किया। रील प्रतियोगिता में प्रथम अभय, द्वितीय स्थान सौम्या चौहान, तृतीय स्थान राज ने प्राप्त किया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 कल्पना सिंह ने की। आयोजन सड़क सुरक्षा प्रभारी डा0 वीरेंद्र कुमार तथा संचालन प्राध्यापक डा0 प्रियांशु गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में सुभाष राजपूत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी-प्रवर्तन उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल के रूप में प्राचार्य डॉ0 रमन प्रकाश, असिस्टेन्ट प्रोफेसर डॉ0 कन्हैया महौर, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 नरेंद्र मिश्रा रहे। विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं अभिभावकों के साथ प्राध्यापक डॉ0 शालिनी, डॉ0 महेश कुमार, डॉ0 अमित कुमार, डॉ0 अनामिका सक्सेना, किशन पाल, राजेश उपस्थित रहे।



विद्यालय में अखबार पढ़ते बच्चे

## एआरपी ने प्रा.वि. मदारपुर स्कूल में किया सहयोगात्मक पर्यवेक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में प्रार्थना के उपरांत एआरपी श्याम श्रीवास्तव विद्यालय पहुंचे। उन्हें कक्षा 5 के बच्चे अखबार पढ़ते मिले। बच्चों ने बताया कि उन्हें रोज अखबार पढ़ने को मिलता है। जिसमें हमारे स्कूल की न्यूज फोटो सहित समृद्धि न्यूज में लगी होती है। हमारे स्कूल की न्यूज देखकर बच्चों के साथ अभिभावकों को भी बेहद खुशी मिलती है। जानवी, अंशी, चांदनी, मनीष, पंकज ने बताया कि अखबार पढ़ने से हमारा सामान्य ज्ञान बहुत अच्छा हो गया है। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल की पहल का स्वागत करते हुए एआरपी ने कहा कि विद्यालय व्यवस्था उत्तम है। इस अवसर कु0 अंशी एवं कु0 जानवी ने 30 तक पहाड़े सुनाये। जिस पर एआरपी ने बच्चों से ताली बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान आज्ञाराम भी उपस्थित रहे।

# मानक की लड़ाई में महिला व्यापार मण्डल की हुई जीतः सोनी शुक्ला

▸ मानक बोर्ड लगवाकर चेयरमैन ने रेलवे रोड के निर्माण का किया शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तीन साल से रेलवे रोड निर्माण की लड़ाई लड़ने वाले व्यापारी संगठन को आखिरकार सफलता मिल ही गयी। नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल ने रेलवे रोड सड़क का विधिवत पूजन के साथ बोर्ड लगवाकर शुभारम्भ किया। महिला व्यापार मण्डल मिश्रा गुट की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने सबसे पहले रेलवे रोड निर्माण कराये जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। मांग पूरी न होने पर धरना दिया था। इसी क्रम में अन्य व्यापारी संगठनों ने भी ज्ञापन दिये और धरना दिया। सोनी शुक्ला ने बताया कि बीते पांच दिन पूर्व मानक की लड़ाई को लेकर धरना दिया था, जो देर रात तक चला। नगर पालिका अध्यक्ष के पति द्वारा आश्वासन दिया गया था कि मानक का बोर्ड लगेगा और मानक के अनुसार रेलवे रोड का निर्माण होगा। जिस पर सभी महिला व्यापारी एवं नगर व्यापार मण्डल ने सहमति दी। उसी को लेकर बीते दिन नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल ने मानक का बोर्ड लगवाकर शुभारम्भ किया। सोनी शुक्ला ने कहा कि मानक के साथ कार्य किया जायेगा तो नगर पालिका का पूरा समर्थन किया जायेगा और विकास कार्य हेतु महिला व्यापारी एवं नगर व्यापार मण्डल नगर पालिका के साथ है।

अगर किसी तरह का मानक अपूर्ण मिला तो दोबारा भी आंदोलन किया जायेगा।



मानक बोर्ड दिखाती सोनी शुक्ला

# केडी बालिका डिग्री कालेज में माहवारी डिजमिनोरिया की दी गई जानकारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कृष्णा देवी डिग्री कॉलेज आवास विकास लोहिया पुरम में गुरुवार को छात्राओं को लेकर पीरियड के समय डिजमिनोरिया विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को मासिक धर्म के समय होने वाले असहनीय दर्द, मसल क्रैप, सही जानकारी देना और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना रहा। प्राचार्या डॉ0 रूबी यादव ने छात्राओं को बताया कि पीरियड आना एक पूरी तरह से सामान्य और प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन पीरियड के दौरान पेन (दर्द) होना सामान्य नहीं माना जाता। यदि अत्यधिक दर्द, अनियमितता या कोई अन्य समस्या हो, तो इसे नजरअंदाज न करें। ऐसी स्थिति में छात्राओं को अपने माता-पिता से खुलकर बात करने और डॉक्टर से परामर्श लेने की सलाह दी गई। यह भी बताया गया कि माहवारी को लेकर समाज में कई पुरानी और गलत धारणाएं प्रचलित हैं। जैसे माहवारी के समय अचार छूने से अचार खराब हो जाता है, रसोई में नहीं जाना चाहिए, मंदिर में प्रवेश नहीं करना चाहिए। इन सभी मान्यताओं को वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर गलत बताया गया और छात्राओं को समझाया गया कि माहवारी कोई अपवित्रता नहीं, बल्कि एक जैविक प्रक्रिया है। साथ ही, स्वच्छता (हाइजीन) पर विशेष जोर दिया गया। साफ-सफाई रखने, सही सैनिटरी उत्पादों के उपयोग, समय पर बदलाव और संक्रमण से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। जागरूकता फैलाने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया गया कि वे यह सही जानकारी अपने परिवार और समाज तक भी पहुंचाएं। कार्यक्रम में छात्राओं ने सवाल पूछे और अपनी जिज्ञासाओं को खुलकर साझा किया। आयोजन से छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ा और माहवारी को लेकर सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश दिया गया।



जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

# मनुष्य का प्रथम कर्तव्य कर्म ईश्वर की भक्ति है : चन्द्रदेव शास्त्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती के बलिदान शताब्दी वर्ष में प्रातःकाल यज्ञ किया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने बताया कि पांच कर्म करने वाला मनुष्य देवत्व को प्राप्त करता है। ओम् का ध्यान, वेदों का ज्ञान, यज्ञ का अनुष्ठान, सुसंस्कारी संतान और राष्ट्रहित बलिदान। ये पांच कर्म केवल मनुष्य ही करता है इसीलिए मनुष्य संसार का सर्वश्रेष्ठ प्राणी है। मनुष्य का प्रथम कर्तव्य कर्म ईश्वर की भक्ति है, क्योंकि ईश्वर की भक्ति से ही शक्ति प्राप्त होती है। हमारे शरीर के प्रत्येक अवयव में ईश्वर की शक्ति विद्यमान है। आँखों में देखने की शक्ति, कानों में श्रवण करने की शक्ति आदि इन्द्रियां ईश्वर की शक्ति से ही कार्य करती हैं। इसलिए मनुष्य का कर्तव्य है कि वो मन की पवित्रता और बुद्धि की शुद्धि से ईश्वर का साक्षात्कार करे। पण्डित शिवनारायण आर्य ने बताया कि यज्ञ संसार का सर्वोत्तम कर्म है, जिसे करके मनुष्य मनोवांछित फल की प्राप्ति कर सकता है। जैसे सूर्य का प्रकाश सूर्य का परिचय देता है, ऐसे ही धार्मिक व्यक्ति की पहचान उसके श्रेष्ठ कर्मों से होती है। कु0 उदिता आर्या ने करो हवन से प्यार अमृत बरसेगा भजन के द्वारा वातावरण को यज्ञमय कर दिया। पण्डित बसन्त आर्य, पण्डित जयदेव आर्य आदि ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। संचालन स्वामी महेन्द्रानंद ने किया। सभा में उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य, संदीप आर्य, हरिओम शास्त्री, शिशुपाल आर्य, अजीत आर्य, रेनू आर्या, उपासना कटियार, संदीप आर्य आदि उपस्थित रहे।




प्रवचन करते चन्द्रदेव शास्त्री

## सपाइयों ने मनाई छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला समाजवादी व नगर समाजवादी पार्टी द्वारा समाजवादी चिंतक एवं छोटे लोहिया के नाम से जाने जाने वाले जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनायी गई। जिला कार्यालय आवास विकास पर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। वहीं महानगर अध्यक्ष के निवास बजरिया में पूर्ण तिथि पर जनेश्वर मिश्र को श्रद्धांजलि देकर गोष्ठी का आयोजन हुआ। सभी समाजवादी साथियों ने जनेश्वर मिश्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यकर्ताओं ने जनेश्वर मिश्र के पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता बताया। जनेश्वर मिश्र के जीवन मूल्यों, सिद्धांतों एवं समाजवादी आंदोलन में उनकी भूमिका पर चर्चा की।

## खबरें एक नजर में

### बलिदानी क्रांतिवीर ठा. रोशन सिंह का मनाया गया जन्मदिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा के कैम्प कार्यालय पर कन्हैया लाल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन हुआ। संचालन राजेश मिश्रा ने किया। क्रांतिकारी ठा0 रोशन सिंह के चित्र पर सभी पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। पदाधिकारियों ने इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाये। तुम हमें खून दो, हम तुम्हे आजादी देंगे। राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्र ने कहा कि क्रांतिकारी ठा0 रोशन सिंह का जन्म 22 जनवरी 1852 में शाहजहांपुर में हुआ था। रोशन सिंह कुशल पहलवान व निशानेबाज थे। रोशन सिंह को उनके माता पिता ने आजादी की लड़ाई में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। रोशन सिंह ने असहयोग आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और जेल भी गये। जेल से निकलने के बाद सदस्यों को निशाना सिखाने लगे। 1924 में क्रांतिकारी उद्देश्य के लिए पीलीभीत के बमरौली गांव में सूदखोर व्यापारी के यहां ढांका डाला। अंग्रेजी हुकूमत ने क्रांतिकारी रोशन सिंह को आरोप के चलते 19 दिसम्बर 1927 को फांसी दे दी। ऐसे क्रांतिकारी से प्रेरणा से सीख लेनी चाहिए। इस मौके पर नरेन्द्र कुमार शर्मा, कन्हैया लाल, शिवाजी कटियार, पप्पी गुप्ता, रामनारायन मिश्रा, इरफान खान, डा0 यशपाल सिंह, पृथ्वी नारायन वर्मा, डा0 मेहंदी हसन, ठा0 मुन्ना सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### पू.मा.जू.हा. शिक्षक संघ का प्रांतीय अधिवेशन 24 जनवरी को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** त्रयोदश प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन 24 जनवरी शनिवार को रामनिवास महाविद्यालय चित्रकूट राजेपुर में आयोजित होगा। जानकारी देते हुए जिला कोषाध्यक्ष विमलेश शाक्य ने बताया कि उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रांतीय अधिवेशन के मुख्य अतिथि अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य होंगे। विशिष्ठ अतिथि संयुक्त निदेशक पवन कुमार सचान व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह एवं ब्लाक प्रमुख राजेपुर पल्लव सोमवंशी, सेवानिवृत्त कमिश्नर जयंत दीक्षित, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष सत्यप्रकाश मिश्रा होंगे। अध्यक्षता पूर्व पीईएस जगरुप सिंह शंखवार करेंगे। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष संजय मणि त्रिपाठी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष मजहर मोहम्मद खां, प्रांतीय महामंत्री अरुणेन्द्र कुमार वर्मा होंगे। जिलाध्यक्ष प्रवेश कटियार, कन्नौज जिलाध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, इटावा जिलाध्यक्ष अशोक राजपूत, मण्डल महामंत्री महेन्द्र सिंह आदि लोग प्रांतीय अधिवेशन में शामिल होंगे।

### सुभाष चन्द्र बोस जयंती कार्यक्रम आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमर ज्योति सेवा संस्थान द्वारा नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती स्वामी विवेकानंद वाटिका में पांचाल घाट मेला श्रीराम नगरिया के पश्चिमी बंधा की ओर मनायी जायेगी। यह जानकारी संस्था महासचिव प्रमोद कुमार तिवारी ने दी है।

# युवा उद्यमियों को मिलेगा 5 लाख तक का ब्याजमुक्त लोन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में सामाजिक एवं उद्यमिता के क्षेत्र में सक्रिय एआईएमआरएएच फाउंडेशन के निदेशक मंडल ने जिला उद्योग प्रोत्साहन केंद्र में जिला उद्योग प्रोत्साहन अधिकारी से मुलाकात कर संवाद किया। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई, जिनका उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना है। जिला उद्योग प्रोत्साहन अधिकारी ने निदेशक मंडल को जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में प्रदेश सरकार की सबसे प्रमुख और लाभकारी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना है। इस योजना के अंतर्गत कोई भी पात्र व्यक्ति पांच लाख रुपये तक का पर्सनल लोन प्राप्त कर सकता है। इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि लोन लेने वाले व्यक्ति को पहले चार वर्षों तक किसी भी प्रकार का ब्याज नहीं देना होगा। साथ ही, लोन लेने के छह माह बाद से निर्धारित प्रतिशत के अनुसार किस्तों का भुगतान शुरू होगा, जिससे नए उद्यमियों पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रभावशाली है और बड़ी संख्या में लोग लाभ उठा चुके है। संस्था गांव-गांव जाकर जागरूकता शिविर आयोजित करे, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के वे लोगों को लाभ मिलें, जिससे वह आत्मनिर्भर बन सकें। उपायुक्त उद्योग सूर्या प्रकाश यादव से भी भेंट की। इस मौके पर चेयरपर्सन राजकमल सिंह, अर्पित शाक्य, डायरेक्टर जनरल धर्मवीर सिंह, सचिन कुशवाहा एवं एके सिंह शामिल रहे।



उपायुक्त से पत्र प्राप्त करते लोग

# ब्लैक आउट मॉक ड्रिल आज, बजेगा सायरन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रमुख सचिव उ0प्र0शासन, नागरिक सुरक्षा अनुभाग के आदेश के क्रम में 23 जनवरी आज समय सांय 6 बजे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्म दिवस पर जनपद में कार्यालय अग्निशमन केन्द्र के परिसर में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया जायेगा। मॉकड्रिल हेतु कार्यवाही की जायेगी। जिसमें हवाई हमलें की चेतावनी हेतु 02 मिनट तक ऊंची-नीची आवाज में सायरन ध्वनित किया जायेगा। सायरन ध्वनित होते ही कार्यालय अग्निशमन केन्द्र के आस पास क्षेत्रों की विधुत व्यवस्था बाधित कर ब्लैक आउट किया जायेगा। सायरन ध्वनित होने पर नागरिकों द्वारा सुरक्षित स्थान पर शरण लिया जायेगा। हवाई हमला का खतरा समाप्त होने पर आल क्लियर ध्वनि में 02 मिनट तक ऊंची आवाज में सायरन ध्वनित किया जायेगा। हवाई हमलें की चेतावनी समाप्त होने के उपरान्त नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों द्वारा छोटी आग बुझानें हेतु फायर एक्सटिंगुशर का प्रयोग तथा फायर सर्विस द्वारा बडी आग बुझाने हेतु फायर टेंडर वेहिकल का प्रयोग किया जायेगा। हमलें के दौरान घायल हुए लोगों को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की जायेगी। ध्वस्त/क्षतिग्रस्त बिल्डिंगों में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जायेगा। गंभीर रूप से घायल लोगों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया जायेगा। मॉक ड्रिल समाप्ति की घोषणा की जायेगी। इस संदर्भ में नगर मजिस्ट्रेट प्रभारी अधिकारी ने जानकारी दी है।

# महेश चन्द्र शर्मा प्रबल की स्मृति में काव्य गोष्ठी संपन्न




प्रबल शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कवि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विद्वान कवि डा0 महेश चन्द्र शर्मा प्रबल की स्मृति में शर्मा निवास सेनापति में काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। अध्यक्षता रामऔतार इंदू ने की। संचालन डा0 कृष्णकांत अक्षर ने किया। कवि राज गौरव पाण्डेय ने वाणी वंदना के साथ शुभारम्भ किया। सभी कवियों ने प्रबल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। निमिष टंडन ने जख्म पुराने लगते है गीत पढ़ा। रामशंकर अबोध ने जटायु कविता पढ़ी। बृजकिशोर सिंह ने कहा कि हमें थोड़ी चतुराई दे दो पंक्ति पढ़ी। राजगौरव पाण्डेय ने कहा कि जो सबको भाय ऐसी मौज लिखता हूं। राम मोहन शुक्ला ने कहा कि छेड़ने पर हमें गाली मिली हास्य पढ़ा। रामऔतार शर्मा इंदू ने कहा कि जब से तुम्हे निहारा गीत लिखने का मन है। भारती मिश्रा ने कहा कि आपको मैं क्या चढ़ाऊ मेरी डलिया में फूल नहीं। गीता भारद्वाज ने ओजस्व रचना में भारत हूं पढ़ी। विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि भाईचारे पर नजर न लगे। संचालन कर रहे डा0 कृष्णकांत अक्षर ने ओजस्वी वाणी में कहा देश की माटी तेरी सौंगध खाते है प्राण तेरे लिये देंगे, तुम्ही में मिल जायेंगे।

सम्मेलन का आयोजन राजेश शर्मा, उमेश शर्मा, गोपाल शर्मा ने किया। समारोह में अखिलेश पाण्डेय, राजेशानंद, ज्योति वर्मा, हर्षित शर्मा, सुनील चौबे, दीपक सक्सेना, अनुराग शर्मा, प्रखर शर्मा आदि लोग मौजूद रहे। समाजसेवी संजय गर्ग ने संचालक व आयोजक को मंच पर सम्मानित किया।

# बोली लगाकर आलू की हुई बिकवाली

▸ घाटे में किसान, हुआ कर्जीला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आलू मण्डी सातनपुर में 130 मोटर की आमद रही। गुरुवार को आलू का भाव 331 रुपये से 461 रुपये प्रति कुंतल रहा। आलू आढ़ती राजेश्वर गुप्ता के आकस्मिक निधन पर मण्डी में शोक संवेदना व्यक्त कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। आलू का भाव बोली लगाकर हुआ। मण्डी सचिव व अध्यक्ष आढ़ती एसोसिएशन अर्पित राजपूत, पूर्व अध्यक्ष सुधीर वर्मा रिंकू, राजीव चतुर्वेदी, रामलड़ैते राजपूत आदि आढ़ती एवं व्यापारी मौजूद रहे। आमद बढ़ने से आलू की बिकवाली सामान्य रही। किसान को आलू बेंचने में इन दिनों घाटा हो रहा है, क्योंकि आलू की खुदाई, ढुलाई, तुलाई, वारदाना, भाड़ा आदि में ही पूरी लागत चली जाती है।

ऐसे में किसानों को आलू बेंचने में पास से भी जा रहा है। इस घाटे के साथ आलू किसान कर्जीला हो गया है। आलू के भाव में बढ़ोत्तरी नहीं हुई तो आलू किसान कर्जीला होने के साथ-साथ भुखमरी की कगार पर पहुंच जायेगा और इसका असर आगामी फसलों पर भी पड़ेगा।

महंगाई के चलते सब्जी भाव में आसमान छू रही है, लेकिन सब्जियों का बादशाह आलू इन दिनों बेबसी का शिकार है और गिरते हुए भाव के कारण किसान भी दुखी है।



मण्डी में मौजूद आढ़ती व किसान

## खबरें एक नजर में

### टीकाकरण से ना छूटे एक भी बच्चा और गर्भवती माता: सीएमओ

**लखीमपुर खीरी।** प्रगति की समीक्षा हेतु सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में शून्य से पाँच वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण की स्थिति की समीक्षा की गई तथा कम प्रगति वाले क्षेत्रों में विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए। सीएमओ ने कहा कि कोई भी बच्चा या गर्भवती महिला टीकाकरण से वंचित न रहे। ड्रॉप-आउट बच्चों को चिन्हित कर समय से टीकाकरण कराने, सभी सत्रों के नियमित आयोजन एवं आशा-आंगन7ाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक में आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उप सीएमओ, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डब्ल्यूएचओ एसएमओ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### अयोध्या में श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर निकली बाइक शोभायात्रा



**मितौली खीरी।** अयोध्या में श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर कस्ता विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत दतेली कला से संडिलवा तक रामभक्तों ने भव्य बाइक शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा के बाद ब्रह्मदेव स्थान पर सभा व प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। वक्ताओं ने भगवान श्रीराम को सामाजिक समरसता व मर्यादा का प्रतीक बताया। विधायक सौरभ सिंह सोनू ने सरकार की उपलब्धियों और क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी, जबकि पूर्व प्राचार्य डॉ. पी.एन. मालपानी ने राम के आदर्श जीवन पर प्रकाश डाला। भाजपा नेताओं व संघ पदाधिकारियों ने सनातन संस्कृति, राष्ट्रवाद और विकास के मुद्दों पर विचार रखे। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

### गुलरिया चीनी मिल ने किसानों को भेजा 15.17 करोड़ का गन्ना भुगतान



**बिजुआ खीरी।** बलरामपुर ग्रुप की गुलरिया चीनी मिल ने पेराई सत्र 2025-26 के तहत किसानों को बड़ी राहत दी है। मिल प्रबंधन द्वारा 14 जनवरी से 17 जनवरी 2026 तक क्रय किए गए गन्ने का भुगतान किसानों के संबंधित बैंक खातों में भेजा जा रहा है। इस अवधि का कुल भुगतान 15 करोड़ 17 लाख 33 हजार रुपये बताया गया है। गुलरिया चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक योगेश कुमार सिंह ने बताया कि मिल द्वारा अब तक किसानों के खातों में कुल 2 अरब 84 करोड़ 78 लाख 76 हजार रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि मिल प्रबंधन किसानों को समय पर भुगतान के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य महाप्रबंधक श्री सिंह ने किसान भाइयों से अपील की कि वे अधिक से अधिक गन्ना आपूर्ति कर अपना बेसिक कोटा बढ़ाएं। साथ ही उन्होंने किसानों से मिल में साफ, छिला और ताजा गन्ना ही आपूर्ति करने का आग्रह किया, जिससे पेराई कार्य सुचारु रूप से चल सके और किसानों को बेहतर लाभ मिल सके। गन्ना भुगतान की इस निरंतर प्रक्रिया से क्षेत्र के किसानों में संतोष देखा जा रहा है और मिल-किसान संबंध और मजबूत हो रहे हैं।

### एंटी करप्शन टीम ने कानूनगो को पांच हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा



**मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी)।** मोहम्मदी तहसील प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार एक बार फिर उजागर हुआ है। एंटी करप्शन टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मोहम्मदी तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) भूपेंद्र सिंह को 5,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जमीन की मेडबंदी (सीमांकन/नाप) से संबंधित शिकायत के आधार पर की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित ने आरोप लगाया था कि मेडबंदी का कार्य कराने के लिए कानूनगो द्वारा लगातार रिश्वत की मांग की जा रही थी। बार-बार परेशान किए जाने के बाद पीड़ित ने अंततः एंटी करप्शन टीम से संपर्क कर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की प्राथमिक जांच और सत्यापन के बाद एंटी करप्शन टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। तय रणनीति के तहत जैसे ही आरोपी कानूनगो भूपेंद्र सिंह ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने उसे मौके पर ही रंगे हाथ दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद एंटी करप्शन टीम आरोपी को थाना मोहम्मदी लेकर पहुंची, जहां उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। इसके बाद आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराया गया और मामले में विधिक कार्रवाई आगे बढ़ा दी गई है। इस ताजा कार्रवाई के बाद राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है, वहीं आम जनता ने एंटी करप्शन टीम की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि आगे भी ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### मिस्कीन शाह के उर्स के दूसरे दिन उठा गागर जुलूस



**बाँदा।** कौमी एकता का प्रतीक नरैनी रोड स्थित हज़रत मिस्कीन शाह वारसी रह. का 107 वाँ सालाना तीन दिवसीय उर्स बुधवार की सुबह से शुरू हो गया। उर्स में देश भर से आये हुए हिन्दू मुस्लिम दोनों ही समुदाय के लोग शिरकत कर रहे हैं । जुमेरात को उर्स के दूसरे दिन गागर जुलूस उठाया गया । जुमेरात की सुबह ईदगाह रोड में मद्दु वारसी के आवास में कव्वालियों की महफ़िल सजी इसके बाद गागर जुलूस उठाया गया दोपहर में अलीगंज में सगीर वारसी के आवास में महफ़िल हुई और इसके बाद गागर जुलूस मुतवल्ली के आवास पहुंचा जहाँ कुछ देर महफिल होने के बाद ये गागर जुलूस फिर उठाया गया। जो निर्धारित रास्तों से होता हुआ हज़रत मिस्कीन शाह वारसी रह. की दरगाह पहुंचा जहां गुलपोशी व चादर पोशी की गई।

### डीआईजी ने अपर एसपी पर प्रोन्नत होने पर सीओ को प्रतीक चिन्ह लगाया



**बांदा।** पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस. व पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक को अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर रैंक प्रतीक चिह्न अशोक स्तम्भ लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए नवीन दायित्वो के कार्य क्षेत्र के बारे में अवगत कराया गया साथ ही उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई । इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षु श्लोक गौतम सहित अन्य अधि./कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### क्षेत्राधिकारी यातायात की अध्यक्षता में यातायात पुलिस कर्मियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में सड़क दुर्घटना से होने वाली मृत्यु दर को कम करने तथा यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज पुलिस लाइन स्थित नवीन सभागार में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । यह कार्यक्रम जेडएफडी योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया था । क्षेत्राधिकारी यातायात प्रतिज्ञा सिंह की उपस्थिति में जनपद बांदा में गठित सीसी टीम के अधिकारी/ कर्मचारी गण को प्रशिक्षित किया गया । प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य दुर्घटना संवेदनशील क्षेत्रों में यातायात नियंत्रण और सड़क सुरक्षा को बढ़ाना था । प्रशिक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों को निम्न आधुनिक यातायात उपकरणों के सही और प्रभावी उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि ब्रिथ एनालाइज़र शराब पीकर वाहन चलाने वालों की पहचान के लिए ।बॉडी वार्न कैमरा वास्तविक परिस्थितियों में घटनाओं का रिकार्ड और निगरानी के लिए जरूरी है। स्पीड राडार वाहनों की गति की निगरानी और नियंत्रण ।अन्य आधुनिक यातायात नियंत्रण उपकरण । क्षेत्राधिकारी यातायात ने उपस्थित कर्मियों को कहा कि इन उपकरणों और प्रशिक्षण के माध्यम से हमारी प्राथमिकता सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों की संख्या को न्यूनतम करना है।

---

**सीमांत गांव चौगुर्जी में विकास का नया अध्याय...**

# योगी सरकार के सुशासन से बदली 109 परिवारों की किस्मत

▸ कर्णाली-मोहना नदी पर बने पांटून पुल से जुड़ा गांव, अब मिनटों में मिलेंगी एंबुलेंस, शिक्षा और जरूरी सेवाएं

**तिकुनिया-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सीमांत गांव चौगुर्जी वर्षों तक दुर्गम भूगोल, नदी की बाधा और संसाधनों के अभाव के कारण विकास की मुख्यधारा से कटा रहा। 109 परिवारों के इस गांव के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और आवागमन जैसी बुनियादी सुविधाएं किसी चुनौती से कम नहीं थीं। आज इस गांव की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल दी है।

गुरुवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की सक्रिय पहल और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से चौगुर्जी गांव में विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया, जिसने सीमांत क्षेत्र में सुशासन की मजबूत मौजूदगी को रेखांकित किया। कर्णाली और मोहाना नदी पर बने नए पांटून पुल का लोकार्पण डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं निघासन विधायक शशांक वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। यह पुल केवल एक संरचना नहीं, बल्कि चौगुर्जी गांव के लिए जीवनरेखा साबित हो रहा है। जहां पहले गांव तक पहुंचने में करीब दो घंटे का समय लगता था, अब एंबुलेंस, स्कूल बस, प्रशासनिक वाहन और आवश्यक सेवाएं कुछ ही मिनटों में गांव तक पहुंच सकेंगी। इससे न केवल आपातकालीन सेवाएं सुलभ होंगी, बल्कि शिक्षा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। जल जीवन मिशन योजना के तहत चौगुर्जी गांव के सभी 109 परिवारों को नल से शुद्ध पेयजल की सुविधा प्रदान की गई। वर्षों से आर्सेनिक युक्त पानी पीने को मजबूर ग्रामीणों के लिए यह सुविधा किसी वरदान से कम नहीं है। गांव में 20 सोलर स्ट्रीट लाइटों का लोकार्पण कर चौगुर्जी को अंधेरे से उजाले की ओर ले जाया गया। इससे न केवल गांव की गलियां रोशन हुईं, बल्कि सुरक्षा और सामाजिक गतिविधियों को भी नया संबल मिला। यह पहल सरकार की हरित ऊर्जा और आत्मनिर्भर गांव की सोच को साकार करती है। परिषदीय विद्यालयों में सोलर विद्युत व्यवस्था, स्मार्ट क्लास और नया फर्नीचर उपलब्ध कराकर शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव किया गया। अब चौगुर्जी के बच्चे डिजिटल माध्यम से पढ़ाई कर सकेंगे । सीमांत क्षेत्र के बच्चों के सपनों को नई उड़ान देने वाला साबित होगा कार्यक्रम के दौरान विधायक शशांक वर्मा एवं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया। जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए, पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड सौंपे गए, जिससे उन्हें निःशुल्क स्वास्थ्य उपचार का अधिकार मिला। इसके साथ ही मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अंतर्गत नलकूप योजना का लाभ किसानों को दिया गया, जिससे कृषि को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित



भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित, मोहाना और कर्णाली नदियों के पार बसे दुर्गम ग्राम चौगुर्जी के चहुंमुखी विकास के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों को जिला प्रशासन ने औपचारिक रूप से सराहा है। ग्राम के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाने पर खंड विकास अधिकारी निघासन जयेश कुमार सिंह को जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी दुर्गा शक्ति नागपाल (आईएएस) ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह की प्रशासनिक दक्षता, नेतृत्व क्षमता और कर्तव्यनिष्ठा के कारण सीमावर्ती और उपेक्षित गांव चौगुर्जी में विकास की नई राह प्रशस्त हुई है। जिला प्रशासन ने उनके जनहितकारी योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते रहने की अपेक्षा जताई है। प्रशस्ति-पत्र मिलने की जानकारी जैसे ही क्षेत्र में पहुंची, स्थानीय स्तर पर हर्ष का माहौल बन गया।

## ओवरब्रिज के बैरिकेटिंग के पत्थरों से टकराई कार, एक की मौत

**फरधान खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र के लखीमपुर गोला मार्ग पर देर रात करीब तीन बजे ओवरब्रिज के बैरिकेटिंग के लिए रखे अस्थायी पत्थरो से कार की टक्कर हो गयी।हादसे में लखनऊ के इंद्रानगर निवासी 30 वर्षीय राहुल अग्रवाल की मौत हो गई। कार में सवार अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को फरधान सीएचसी लाया गया, घायल लखनऊ के गोमतीनगर निवासी आसिफ पुत्र फारुक, सोनू पुत्र राजेंद्र निवासी बाराबंकी और लखनऊ के इंद्रानगर निवासी राहुल अग्रवाल पुत्र अंशराज कार से गोला की ओर जा रहे थे। गुरुवार रात करीब तीन बजे बौंठा टोल के आगे बने ओवरब्रिज से पहले लगाई गई बेरिकेडिंग लिए लगाए गए अस्थायी पत्थरों से कार टकरा गई। रात होने की वजह से दुर्घटना के बाद सभी कार में फंसे पड़े रहे। 108 एम्बुलेंस के ईएमटी प्रेमपाल ने बताया रात करीब सवा तीन बजे रास्ते से निकल राहगीर द्वारा दुर्घटना होने की सूचना मिली थी। एम्बुलेंस मौके पहुंचकर कार में फंसे लोगो को निकालने लगी। उसी समय गश्त करती हुई फरधान पुलिस आ गयी। कार के गेट को तोड़कर सभी घायलों को बाहर निकाला गया। एसएसआई कृष्ण कुमार यादव ने बताया तीनो घायल कुछ बता नहीं पा रहे थे। कार के नम्बर से परिजनों की पता निकालकर हादसे की सूचना गयी थी। सभी घायलों को सीएचसी फरधान लाया गया जहां डॉक्टर ने बताया लखनऊ के इंद्रानगर निवासी 30 वर्षीय राहुल अग्रवाल की मौत हो गई। अन्य दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां पर दोनों की हालत गंभीर देख लखनऊ रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक फरधान दिलीप चौबे ने बताया मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अन्य दोनों घायलो का इलाज चल रहा है। जिसमें सोनू की हालत नाजुक बताई जा रही है।

## सीएचसी खमरिया पण्डित में विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर

▸ 251 मरीजों का पंजीकरण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी के सीएचसी खमरिया पण्डित में गुरुवार को जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान कुंती गुप्ता एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित सिंह ने किया। शिविर में 251 मरीजों का रजिस्ट्रेशन हुआ, जिनमें 80 मानसिक रोगियों का मानसिक परीक्षण कर दवाएं दी गई। जिला पुरुष अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला ने मानसिक रोगों के प्रति जागरूक किया और भ्रांतियों से दूर रहकर चिकित्सकीय इलाज कराने की अपील की। शिविर में काउंसलिंग, पम्पलेट वितरण तथा ब्लड शुगर व बीपी जांच की गई। मरीजों को नियमित इलाज व टेली मानस हेल्पलाइन 14416 (24×7) की जानकारी दी गई।

## सपाइयों ने पुण्य तिथि पर जनेश्वर मिश्र को किया याद



**बांदा।** गुरूवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय बिजली खेड़ा बांदा में समाजवादी पुरोधा स्वर्गीय जैनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा ने की कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोक सभा प्रभारी उमेश यादव, जिला मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता प्रमोद गुप्ता राजा, यूवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव ओम नारायण त्रिपाठी विदित, विवेक बिंद् तिवारी, जिला सचिव कुदरत उल्ला, जिला पंचायत सदस्य रजनी यादव, सुमन दिवाकर, किरण वर्मा, मौसमी कोटार्य, लालमन यादव, राम लाल प्रजापति, दिलीप पटवा, मुशीर भाई, अरविंद पाखरे, नंद किशोर यादव, अशोक पांडे, कैप्टन राम राज यादव, सुनील कुशवाहा ,शुभम धुरिया, रहीस खान, नेतराम वर्मा, अमन यादव मनी आदि आधा सैंकड़प लोग उपस्थित रहे सभा का कुशल संचालन एजाज खान ने किया।

## सेंट जॉन्स स्कूल में वाइस प्रिंसिपल की विदाई और नवागत वाइस प्रिंसिपल का हुआ स्वागत समारोह

**गोला गोकर्णनाथ, समृद्धि न्यूज़।**





सेंट जॉन'स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोला गोकर्णनाथ में वाइस प्रिंसिपल फादर संजीत कुल्लू की विदाई और नव नियुक्त वाइस प्रिंसिपल फादर लॉयस्टन अमिथ कॉर्डेइरो के आगमन को लेकर स्कूल प्रशासन द्वारा गरिमामय एवं सुव्यवस्थित कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विद्यालय में 17 जनवरी 2026 को फादर संजीत कुल्लू की भावपूर्ण विदाई संपन्न हुई। इस अवसर पर शिक्षिकाओं ने फादर कुल्लू के सम्मान में भावपूर्ण विदाई गीत प्रस्तुत किए, जिससे पूरे समारोह का वातावरण अत्यंत भावुक और स्नेहपूर्ण बन गया। प्रिंसिपल फादर अनूप टिर्की ने अपने संबोधन में फादर संजीत कुल्लू के शैक्षिक और प्रशासनिक योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में फादर संजीत कुल्लू ने भी विद्यालय परिवार के सहयोग और स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया। फादर संजीत कुल्लू को गोला गोकर्णनाथ से स्थानांतरित कर लखनऊ के एक प्रतिष्ठित चर्च में नई जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, 22 जनवरी 2026 को नवागत वाइस प्रिंसिपल फादर लॉयस्टन अमिथ कॉर्डेइरो का औपचारिक स्वागत किया गया। समारोह में प्रिंसिपल फादर अनूप टिर्की ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया। फादर लॉयस्टन अमिथ कॉर्डेइरो सेंट फ्रांसिस चर्च से स्थानांतरित होकर गोला आए हैं। वे एक कुशल और प्रतिभाशाली संगीतकार हैं और अधिकांश वाद्य यंत्रों में निपुणता रखते हैं। उनके आगमन से विद्यालय की सांस्कृतिक गतिविधियों में नए उत्साह और रचनात्मक दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी और स्टाफ पूरी तरह उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में अनुशासन, गरिमा और सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहा। समारोह के दौरान उपस्थित सभी ने फादर संजीत कुल्लू को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया और फादर लॉयस्टन अमिथ कॉर्डेइरो के नेतृत्व में विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अपने बीएलए को बूथ दिवस पर सक्रिय रखें सभी राजनैतिक दलः डीएम

▸ डीएम ने समीक्षा बैठक के दौरान दिये निर्देश

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



रोल प्रेक्षक/आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में कलेक्टेउ्ट सभागार में विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण 2026 के सम्बन्ध में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में रोल प्रेक्षक/आयुक्त ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि सभी पार्टी के प्रतिनिधि अपने बीएलए के जागरूक करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण में 31 जनवरी, 2026 एवं 01 फरवरी, 2026 को आवश्यक रूप से बूथ पर बीएलओ के सहयोग हेतु उपस्थित रहे। उन्होंने अपने बीएलए को अन्य सभी दिवसों में भी सक्रिय रखने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि मतदाता सूची में कोई भी मतदाता नाम सम्मिलित करने हेतु छूटने नही पाये तथा किसी का नाम गलत अंकित न होने पाये। उन्होंने यह भी कहा कि नोटिस की सुनवाई दिवस में बीएलए उपस्थित रहें तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूची उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने नये मतदाताओं के फार्म-6 भरवाने हेतु डिग्री कॉलेजों के बच्चों के लिए कैम्प लगाये जाने तथा नवीनतम फोटो लगाये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिए की जिन मतदाताओं को नोटिस जारी की गयी है, उनकी समय से तामीला करायी जाए एवं नाम जोडने व संशोधन हेतु बीएलओ के पास फार्म-7 व 8 अवश्य उपलब्ध रहें। मतदाता सूची में महिला मतदाताओं के नाम अंकित करने का विशेष ध्यान रखा जाए। अनावश्यक किसी मतदाता का नाम नही छूटने पाये। उन्होंने राजनैतिक दलों के अध्यक्ष सचिव एवं प्रतिनिधियों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता 1 जनवरी, 2026 के आधार पर गतिमान निर्वाचक नामावलियों में विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है तथा निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 6 जनवरी, 2026 को सभी विधानसभा क्षेत्र के समस्त पदाभिहीत स्थलों/मतदेय स्थलो पर किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि दिनांक 06 फरवरी, 2026 तक दावे/आपत्तियां अर्थात फार्म-6, 7, 8 इत्यादि प्राप्त किये जायेंगे। प्रत्येक कार्य दिवस में पदाभिहीत स्थलों/मतदेय स्थलों पर नियुक्त पदाभिहीत अधिकारियों द्वारा उक्त फार्म प्राप्त किये जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि उक्त दावे एवं आपत्ति की सूची डीईओ पोर्टल पर समय से अपलोड की जाए। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार आगामी 31 जनवरी, 2026 दिन शनिवार एवं 01 फरवरी, 2026 दिन रविवार को विशेष अभियान दिवस घोषित किया गया है, इस दिन सभी बीएलओ प्रातः 10:30 से 04:30 बजे तक बूथ पर उपस्थित होकर अर्ह मतदाताओं के फार्म-6, 7, 8 एकत्र करेंगे। उन्होंने बताया कि मतदाताओं द्वारा अपना नाम, मतदाता सूची में देखने हेतु 06 फरवरी तक मतदान केन्द्रों पर एवं आयोग के वेब साइट पर देख सकते हैं। बैठक में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी बॉदा जे. रीभा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुमार धर्मेन्द्र, अपर आयुक्त भगवान दास, समस्त उप जिलाधिकारी तथा विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### अग्रहरि दिवस विचार गोष्ठी का आयोजन

**बबेरू/बांदा।** गुरुवार को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अग्रहरि दिवस विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी प्रारंभ किया गया, जिसकी अध्यक्षता श्री दुर्गा प्रसाद अग्रहरि जी ने की, गोष्ठी में कुलभाष्कार अग्रहरि ने युवा अग्रहरि समाज बबेरू के संरक्षक के रूप में श्यामाचरण अग्रहरि एवं पीयूष अग्रहरि का नाम सभी के सम्मुख रखा जिसका सभी ने समर्थन करते हुए श्यामाचरण अग्रहरि एवं पीयूष अग्रहरि को युवा अग्रहरि समाज बबेरू का संरक्षक बनाया गया। इस अवसर पर सुमित अग्रहरि (अध्यक्ष युवा), भलेंद्र अग्रहरि (महामंत्री युवा), धीरू अग्रहरि (कोषाध्यक्ष युवा), लवलेश अग्रहरि, हिमांशु अग्रहरि, अतुल अग्रहरि, सागर अग्रहरि, अमित अग्रहरि (बाबा), अनूप अग्रहरि, अवनीश अग्रहरि सहित समाज के तमाम लोग उपस्थित रहें।

## विकासखण्ड तिन्दवारी में ग्राम प्रधानों को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित दिया प्रशिक्षण

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लगाये जाने के उद्देश्य से मुख्य सचिव, उप्र शासन के निर्देशानुसार आयोजित किये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आज राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के बाइसवें दिन विकासखण्ड तिन्दवारी में ग्राम प्रधानों को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे अपने ग्रामसभा में जाकर आमजनमानस को सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक करेंगे। उक्त कार्यक्रम में केडी सिंह, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) झाँसी द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित प्रधान एवं महिलाओं को सुरक्षित यात्रा हेतु यातायात नियमों की महत्ता के बारे में अवगत कराते हुए सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी। उक्त कार्यक्रम में वीरेन्द्र नाथ राजभर, यात्री/ मालकर अधिकारी, ब्लाक प्रमुख अजय प्रताप सिंह, रमेश कुमार बीडीओ, प्रांजक कुमार एसडीओ, सुरेन्द्र सिंह अध्यक्ष प्रधान संघ, एवं ट्रक यूनियन से जयराम सिंह व जयसिंह, 40 ग्राम प्रधान एवं 15 ब्लाक पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

## पूर्व सैनिकों की समस्याओं का प्राथमिकता पर करें निस्तारणः डीएम

▸ डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई सैनिक बन्धु की बैठक

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



गुरूवार को जिलाधिकारी जे. रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टेउ्ट सभगार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को दिये। बैठक में पूर्व सैनिक अनूप सिंह एवं भूपति द्वारा चोरी के प्रकरण से सम्बन्धित समस्या बतायी गयी, जिसकी समस्या का निराकरण करने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये। एक पूर्व सैनिक द्वारा विद्युत कनेक्शन दिलाये जाने का अनुरोध किया गया, जिस पर अधिशाषी अभियंता विद्युत को शीघ्र कनेक्शन दिलाये जाने के निर्देश दिये। एक सैनिक द्वारा नाली पर अवैध कब्जा किये जाने की शिकायत पर सम्बन्धित को कब्जा हटाये जाने के निर्देश दिये। पूर्व सैनिक राजेन्द्र प्रसाद द्वारा बिजली खेडा में नहर के किनारे की रोड बनवाने हेतु अनुरोध किया, जिस पर सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। पूर्व सैनिक श्यामबाबू राठौर द्वारा भूरागढ में महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा लगाये जाने हेतु अनुरोध किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने शासन स्तर से प्रतिमा स्थापित किये जाने हेतु औपचारिक कार्यवाही को पूर्ण करने के निर्देश दिये। पूर्व सैनिक अजय सिंह द्वारा तिन्दवारी में घर के ऊपर विद्युत के तार को हटाये जाने हेतु अनुरोध किया गया, जिस पर अधिशाषी अभियंता विद्युत को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। एक पूर्व सैनिक द्वारा विद्युत बिल अधिक आने की समस्या से अवगत कराया गया, जिस पर विद्युत बिल ठीक किये जाने हेतु अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी अजय कुमार कंवर, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।